जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 28 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शनिवार 14 फरवरी, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

## फर्जी डिग्री मामले में विधानसभा में हंगामा, सरकार ने कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में शुक्रवार को फर्जी डिग्री प्रकरण पर हंगामा हुआ। भारतीय जनता पार्टी के विधायक के सवाल पर सरकार ने नियामक आयोग गठन और 10 निजी विश्वविद्यालय की जांच की जानकारी दी। भारतीय जनता पार्टी के विधायक कालीचरण सराफ ने प्रदेश के निजी विश्वविद्यालय में फर्जी डिग्री के प्रकरणों में अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी मांगी। जवाब में उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने सदन को बताया कि राज्य सरकार निजी विश्वविद्यालय में अनियमिताओं और फर्जी डिग्री मामलों पर अंकुश लगाने के लिए एक नियामक आयोग गठित करने की प्रक्रिया शुरू कर चुकी है। प्रस्तावित आयोग का उद्देश्य फर्जी डिग्री रैकेट पर रोक लगाना और निजी विश्वविद्यालय के कार्य



प्रणाली की प्रभावी निगरानी करना है घराजस्थान विधानसभा में उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने बताया कि फर्जी डिग्री और प्रशासनिक अनियमिताओं की शिकायत के बाद 10 निजी विश्वविद्यालय के खिलाफ जांच के आदेश दिए गए हैं। गंभीर आरोप सामने आने पर ओपीजेएस यूनिवर्सिटी को 7 जनवरी 2026 को परीसमापन में भेज दिया गया है। बीकानेर संभाग की आयुक्त को इसका प्रशासक नियुक्त किया गया है। अनियमिताओं में शामिल कर्मचारियों और कथित दलालों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है । मेवाड़ यूनिवर्सिटी में भी धोखाधड़ी के मामलों में गिरफ्तारी हुई है ।उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने बताया कि अन्य विश्वविद्यालय की जांच जारी है और नया नियामक ढांचा तैयार किया जा रहा है ।आयोग के गठन का ड्राफ्ट प्रस्ताव शीघ्र ही विधि विभाग को प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा। नया ढांचा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप तैयार किया जाएगा ताकि शैक्षणिक मापदंड को और जवाब देही को मजबूत किया जा सके। उन्होंने कहा कि राजस्थान प्राइवेट हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस रेगुलेटरी अथॉरिटी बिल को और मजबूत बनाने के लिए एक नई समिति गठित की गई है जो संशोधित मसूदा तैयार करेगी विभागीय स्तर पर निजी विश्वविद्यालय की स्थापना और संचालन से संबंधित दिशा निर्देशों में भी संशोधन किया जा रहा है।

### 53 निजी विश्वविद्यालय परनिगरानी

राज्य में वर्तमान में 53 निजी विश्वविद्यालय संचालित हैं जिन संस्थाओं की जांच चल रही है उनमें सिंघानिया यूनिवर्सिटी,, सनराइज यूनिवर्सिटी, श्रीधर यूनिवर्सिटी, माधव यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी यूनिवर्सिटी आफ टेक्नोलॉजी जयपुर और जेजेटी यूनिवर्सिटी शामिल है विशेष अभियान दल की सिफारिश पर कई मामलों में व्यापक जांच की जा रही है सरकार ने मई और अक्टूबर 2024 में सार्वजनिक नोटिस और आदेश जारी कर निगरानी सख्त की थी राजस्थान विधानसभा में जोर देकर कहा कि नियामक आयोग का गठन उच्च शिक्षा में भविष्य में होने वाली धोखाधड़ी रोकने और प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से एक व्यक्तिगत निर्णय है जांच और दोषियों की भूमिका की पड़ताल अभी जारी है ।

## भाजपा युवा मोर्चा का बजट संवाद कार्यक्रम का आयोजन : गौरव वल्लभ और मंत्री जवाहर सिंह ने भी विचार प्रकट किया





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा राजधानी जयपुर में बजट युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार समिति के सदस्य गौरव वल्लभ , विशिष्ट अतिथि राजस्थान के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म , भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शंकर गोरा एवं भाजपा जयपुर शहर अध्यक्ष अमित गोयल रहे। इस कार्यक्रम का मंच संचालन भाजयुमो प्रदेश महामंत्री राजकुमार बिवाल ने किया। इस अवसर पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह पुरुवंशी एवं भाजयुमो प्रदेश मंत्री रामकेश मीणा भी मंचासीन रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं की सहभागिता रही, जहां वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट पर विस्तृत एवं सार्थक संवाद किया गया। मुख्य अतिथि गौरव वल्लभ ने अपने विस्तृत संबोधन में कहा कि राजस्थान की जीडीपी पिछले तीन वर्षों में 41.3 प्रतिशत की दर से बढ़ी है और आज राज्य की अर्थव्यवस्था 21 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा कि आज 30 से अधिक देश भारत की यूपीआई तकनीक का उपयोग कर रहे हैं, जो भारत की आर्थिक साख और डिजिटल क्रांति का प्रमाण है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जब जयपुर में फ्रांस के राष्ट्रपति आए तो प्रधानमंत्री द्वारा चाय का भुगतान भी यूपीआई के माध्यम से किया गया, जो भारत की तकनीकी शक्ति को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि मुद्रा योजना के माध्यम से करोड़ों लोगों को हैंडहोल्डिंग मिली है और 27 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं – यह सब मोडिनॉमिक्स का परिणाम है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार ने भी इसी मॉडल को अपनाते हुए विकास को गति दी है। गौरव वल्लभ ने स्टेट टेस्टिंग एजेंसी के गठन को ऐतिहासिक निर्णय बताते हुए कहा कि इससे भर्ती प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी होगी, पेपर लीक पर सख्ती से रोक लगेगी और अब एक ही परिवार के लोग बार-बार राजस्थान प्रशासनिक सेवा नहीं बनेंगे, बल्कि योग्य और प्रतिभाशाली युवाओं को राजस्थान प्रशासनिक सेवा, इंस्पेक्टर, पटवारी एवं अन्य सरकारी नौकरियों में निष्पक्ष अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि 400 सीएम राइज स्कूलों के लिए 1000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जहां विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी। स्कूल स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लैब्स की स्थापना के लिए 500 करोड़ रुपएका बजट आवंटित किया गया है, जिससे विद्यार्थी भविष्य की तकनीकों से जुड़ सकेंगे। उन्होंने कहा कि आज देश में सवा सौ से अधिक यूनिकॉर्न स्टार्टअप्स हैं और प्रधानमंत्री का विशेष फोकस एमएसएमई सेक्टर को मजबूत करने पर है, क्योंकि एमएसएमई के बिना अर्थव्यवस्था को गति नहीं दी जा सकती। इसी दिशा में राजस्थान सरकार ने एमएसएमई को डिरेग्युलेट करने तथा हैंडीक्राफ्ट्स और पर्यटन जैसे क्षेत्रों को प्रोत्साहन देने के लिए विशेष प्रावधान किए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि देश का सेमीकंडक्टर मिशन तेजी से आगे बढ़ रहा है और राजस्थान बजट का 71 प्रतिशत विकास कार्यों पर खर्च कर रहा है, जो राज्य की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। साथ ही राज्य का फिस्कल डेफिसिट कम हुआ है, जो मजबूत आर्थिक प्रबंधन का प्रमाण है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं एवं युवाओं से आह्वान किया कि इस जनहितकारी एवं युवा-केंद्रित बजट को घर-घर 3तक पहुंचाया जाए। विशिष्ट अतिथि गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि भारत की 65 प्रतिशत आबादी युवा है, इसलिए बजट का फोकस युवाओं पर होना स्वाभाविक है। उन्होंने अंत्योदय के सिद्धांत पर आधारित बजट को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए प्रदेश विकास के 10 स्तंभों का उल्लेख किया और कहा – जो भाजपा कहती है, वही करती है। भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शंकर गोरा ने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद राजस्थान में 1 लाख से अधिक नौकरियां दी गई हैं और एक भी पेपर लीक की घटना नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि राइजिंग राजस्थान जैसे आयोजनों से निवेश और रोजगार के नए अवसर बने हैं तथा इस बजट में युवाओं को 10 लाख रुपये तक का ब्याजमुक्त ऋण देने की घोषणा की गई है। कार्यक्रम के अंत में युवाओं ने खुले मंच से प्रश्न पूछे, जिनका सभी अतिथियों ने विस्तार से उत्तर दिया। कार्यक्रम के समापन पर भाजपा जयपुर शहर अध्यक्ष अमित गोयल ने सभी अतिथियों, कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित युवाओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने सभी से आवाहन करते हुए आश्वासन दिया कि जयपुर शहर भाजपा की पूरी टीम जयपुर के प्रत्येक नागरिक तक इस बजट की जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करेगी, ताकि सरकार की हर योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

## सदन में मंत्री जोगाराम पटेल और भाजपा विधायक श्री चंद्र कृपलानी ने रोहित बोहरा के अश्लील इशारे का मामला उठाया

### सदन में स्पीकर वासुदेव देवनानी ने कहा - वीडियो देखूंगा, उचित कार्रवाई करूंगा



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कांस.)** राजस्थान विधानसभा में शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी के विधायक रोहित बोहरा की ओर से सदन की कार्रवाई में अश्लील इशारे करने का मामला शुक्रवार को भी भाजपा विधायकों की ओर से जोर-शोर से उठाया गया। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने भी आरोपी कांग्रेस विधायक के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की संसद में पुरजोर मांग की। भारतीय जनता पार्टी के विधायक श्री चंद कृपलानी ने भी जोर देकर पूरे मामले में आरोपी कांग्रेस विधायक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। हालांकि कांग्रेस पार्टी के सचेतक रफीक खान ने कहा कि इस तरह के मामले पहले भी कई बार राजस्थान विधानसभा में हुए हैं जिन्हें आपस की बातचीत के माध्यम से सुलझाया गया था इसलिए इस मामले को भी उसी तरह से देखना चाहिए। इस बीच विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने भारतीय जनता पार्टी के विधायकों को यह कहकर शांत करने का प्रयास किया कि वे खुद इस पूरे वीडियो को देखेंगे और इसके बाद उचित कार्रवाई करेंगे। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को राजस्थान विधानसभा में शून्य काल के दौरान भाजपा के विधायकों ने कांग्रेस विधायक रोहित बोरा के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की स्पीकर से पुरजोर मांग की । जानकारी के अनुसार गुरुवार को रोहित बोरा की ओर से सदन की कार्रवाई के दौरान रोहित बोरा के अश्लील इशारे करने का वीडियो सोशल मीडिया पर भी जोरदार तरीके से वायरल हुआ जिसको लेकर शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने राजस्थान विधानसभा में आरोपी कांग्रेस पार्टी की विधायक के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग की। श्री चंद कृपलानी ने कहा कि यह मामला काफी गंभीर है और राजस्थान विधानसभा के गरिमा और नियमों के खिलाफ है आचरण से जुड़ा यह मामला है इसलिए इसको गंभीरता से लेना होगा और कांग्रेस विधायक के खिलाफ उचित कार्रवाई करनी होगी ताकि प्रदेश की जनता में भी अच्छा संदेश जाए और सदन में भी अन्य विधायकों को यह पता चले की मर्यादा का उल्लंघन करने पर उन्हें भी इस तरह की सजा भुगत नहीं पड़ सकती है। इस बात को सदन में बैठे संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने भी आगे बढ़ाया और कहा कि मामला गंभीर है इस पर उचित कार्रवाई होनी चाहिए भाजपा के अन्य विधायकों ने भी इस बात का समर्थन किया जिसके बाद स्पीकर वासुदेव देवनानी ने कहा कि वे खुद इस वीडियो को देखेंगे और फिर उचित कार्रवाई करेंगे जानकारी के अनुसार इस पूरे मामले में स्पीकर में जांच के आदेश भी दे दिए हैं ।

## युवाओं में अपने पूर्वजों, गांव, राज्य और राष्ट्र के प्रति गौरव की भावना विकसित, भरतपुर की गौरवशाली सभ्यता, संस्कृति और इतिहास को युवा पीढ़ी तक पहुंचाऐं : नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्यमंत्री

**जयपुर(कांस.)** नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन (स्वतंत्र प्रभार) राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा ने भरतपुर स्थापना दिवस के सात दिवसीय कार्यक्रमों के अंतर्गत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। सर्वप्रथम उन्होंने महाराजा सूरजमल जयंती के अवसर पर किशोरी महल स्थित महाराजा सूरजमल स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। संगोष्ठी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि रियासत काल में यदि किसी रियासत के नागरिकों को अपने राज्य पर सर्वाधिक गर्व करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, तो उनमें भरतपुर रियासत प्रमुख रही है। उन्होंने कहा कि स्थापना काल से लेकर आजादी तक के इतिहास में चाहे विदेशी आक्रांताओं का दौर रहा हो, चाहे व्यापारी के रूप में आई ईस्ट इंडिया कंपनी का समय हो अथवा 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के बाद ब्रिटिश क्राउन का



शासन-हर कालखंड में भरतपुर रियासत अजेय रही और कोई भी आक्रांता इसे पराजित नहीं कर सका। उन्होंने कहा कि महाराजा सूरजमल एवं उनकी अर्धांगिनी महारानी किशोरी देवी के कालखंड में भरतपुर ने न केवल युद्धों में विजय प्राप्त की, बल्कि पराजित और शरणार्थियों को आश्रय देकर सेवा एवं मानवता का उदाहरण भी प्रस्तुत किया। इसके पश्चात महाराजा जवाहर सिंह ने दिल्ली पर विजय प्राप्त कर चित्तौड़गढ़ के अष्टधातु द्वार को भरतपुर के लोहागढ़ किले में स्थापित कराया, जो आज भी वीरता का प्रतीक है। राज्यमंत्री ने कहा कि दुर्भाग्यवश स्वतंत्रता के बाद इतिहास लेखन में कई बार धरातलीय सच्चाइयों से भिन्न विवरण प्रस्तुत किए गए। उन्होंने कहा कि भारत एवं भरतपुर की गौरवशाली सभ्यता, संस्कृति और इतिहास को नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। भूतकाल के श्रेष्ठ कार्यों को वर्तमान में आगे बढ़ाते हुए भविष्य के लिए प्रेरणा लेना आवश्यक है, ताकि युवाओं में अपने पूर्वजों, गांव, राज्य और राष्ट्र के प्रति गौरव की भावना विकसित हो सके। डीग-कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने कहा कि महाराजा सूरजमल ने अपने जीवनकाल में लगभग 80 से अधिक युद्धों में विजय प्राप्त की।

## अजमेर जिला न्यायालय के नए भवन को बम होने की धमकी के बाद हड़कंप मचा, पूर्व में भी है धमकी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर (कांस.)**अजमेर में जिला न्यायालय के नए भवन में बम होने की सूचना मिलने के बाद पुलिस प्रशासन और जिला न्यायालय प्रशासन से जुड़े लोगों और वकीलों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस, बमनिरोधक दस्त डॉग स्क्वायड और जिला प्रशासन से जुड़े लोग मौके पर पहुंचे और भवन में मौजूद लोगों को भवन से बाहर निकल गया तथा भवन के प्रत्येक हिस्से में जाकर तलाशी ली गई। इसके अलावा भवन के आसपास के इलाके में भी जांच पड़ताल की गई काफी देर तक जांच पड़ताल करने के बाद पुलिस ने एक बार फिर इस सूचना को गलत करार दिया तब जाकर वकील समुदाय और जिला न्यायालय प्रशासन से जुड़े लोगों ने राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार जिला न्यायालय प्रशासन की ईमेल पर बम होने की सूचना दी गई थी उल्लेखनीय है कि राजधानी जयपुर में भी जिला कलेक्टर हाई कोर्ट परिसर और अन्य महत्वपूर्ण बिल्डिंगों में पिछले कुछ महीनो से कई बार बम होने की सूचना दी गई इसके अलावा कई प्रमुख स्कूलों में भी बम होने की सूचना दी गई ज्यादातर बम होने की सूचना ईमेल के माध्यम से दी गई जोधपुर में भी हाईकोर्ट भवन को इसी तरह से ईमेल करके कुछ दिन पहले बम होने की सूचना दी गई थी। इसके अलावा कई अन्य जगहों पर भी लगातार बम होने की फर्जी सूचनाओं दी जा रही है लेकिन इन फर्जी सूचना देने वाले लोगों को पुलिस अब तक पकड़ने में सफल नहीं हुई है। जानकारी के अनुसार अगर फोन कॉल से इस तरह की सूचना दी जाती है तो पुलिस फोन नंबर ट्रेस करके जैसे तैसे फोन करने वाले को चिन्हित कर लेती है लेकिन पिछले कुछ महीनो से राजधानी जयपुर और कई अन्य जगहों पर जितनी भी बम होने की फर्जी सूचनाओं दी गई वह सारी सूचना ईमेल के माध्यम से ही दी गई है इसलिए पुलिस ईमेल करने वाले लोगों को चिन्हित करने में सफल नहीं हो पाई है इसी वजह से इस तरह की सूचना देने वाले लोगों के हौसले बुलंद है और वह आए दिन कहीं ना कहीं इस तरह की गलत सूचनाओं देकर पुलिस प्रशासन के लिए बड़ी मुश्किलें खड़ी कर देते हैं ।

## नॉर्थ -साउथ ब्लॉक गुलामी के प्रतीक, सेवा तीर्थ भारत की विकास यात्रा में नई शुरुआत: मोदी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली में नए प्रशासनिक परिसर सेवा तीर्थ का अनावरण करने के बाद कहा कि आज हम एक नए इतिहास को बनते देख रहे हैं 1 l3 फरवरी का यह दिन भारत की विकास यात्रा में एक नए आरंभ का साक्षी बन रहा है हम विकसित भारत का संकल्प लेकर सेवा तीर्थ में कर्तव्य भवन में प्रवेश कर रहे हैं अपने लक्ष्य में विजय होने का देवी आशीर्वाद हमारे साथ है उन्होंने कहा कि आजादी के बाद साउथ ब्लॉक और नॉर्थ ब्लॉक जैसी इमारत से देश के लिए अनेक अहम निर्णय हुए नीतियां बनी लेकिन यह भी सच है कि यह इमारतें ब्रिटिश साम्राज्य के प्रतीक के तौर पर बनाई गई थी इन इमारत को बनाने का मकसद भारत को सदियों तक गुलामी की जंजीरों में जकड़े रहना था । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एक समय था जब कोलकाता




शहर देश की राजधानी हुआ करता था लेकिन 1905 के बंगाल विभाजन के उस दौर में कोलकाता ब्रिटिश विरोधी आंदोलन का प्रबल केंद्र बन चुका था इसलिए अंग्रेजों ने 1911 में भारत की राजधानी को कोलकाता से दिल्ली शिफ्ट किया और उसी के बाद अंग्रेजी हुकूमत की जरूरत और उसकी सोच को ध्यान में रखकर नॉर्थ ब्लॉक और साउथ ब्लॉक जैसी इमारतें बनाने का काम शुरू हुआ उन्होंने कहा की रायसिना हिल्स के इन भवनों के उद्घाटन के समय उसे समय के वायसराय ने कहा था कि यह भवन ब्रिटिश सम्राट की इच्छाओं के अनुरूप बने हैं यानी यह भवन ब्रिटेन के महाराज की सोच को गुलाम भारत की जमीन पर उतरने का माध्यम थे रायसीना हिल्स का चुनाव भी इसीलिए किया गया था ताकि यह इमारतें दूसरे इमारत से ऊपर रहे कोई उनकी बराबरी ना कर सके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा की सेवा तीर्थ का यह परिसर किसी पहाड़ी पर न होकर जमीन से जुड़ा हुआ है मैं गर्व के साथ कह सकता हूं की सेवा तीर्थ और करते हुए भवन जैसे नए परिसर भारत की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बने हैं यहां से जो फैसले होंगे वह किसी महाराज की सोच को नहीं 140 करोड़ देशवासियों की अपेक्षाओं को आगे बढ़ने का आधार बनेंगे पीएम मोदी ने कहा कि इस समय 21वीं साड़ी का पहला क्वार्टर पूरा हो चुका है यह जरूरी है कि विकसित भारत की हमारी कल्पना केवल नीतियों और योजनाओं में ही नहीं हमारे कार्य स्थलों और हमारी इमारत में भी दिखाई दे जहां से देश का संचालन होता है वह जगह प्रभावी और प्रेरणादाई होनी चाहिए द्य पीएम मोदी ने कहा कि करीब 100 साल पुरानी यह इमारत अंदर से जर्जर होती जा रही थी नई तकनीक और टूल्स के उपयोग के लिए ना काफी साबित हो रही थी इनमें जगह और सुविधाओं की अपनी सीमाएं थीं इसके अलावा भी कई चुनौतियां थी उन्होंने कहा कि आजादी की इतनी दशक बाद भी भारत सरकार के अनेक मंत्रालय दिल्ली के 50 से ज्यादा अलग-अलग स्थान से चल रहे हैं हर साल इन मंत्रालय की इमारत के किराए पर ही प्रतिवर्ष डेढ़ हजार करोड रुपए से ज्यादा खर्च हो रहे हैं हर रोज 8-10000 कर्मचारियों को एक इमारत से दूसरी इमारत में आने जाने का लॉजिस्टिक खर्चा अलग होता है अब सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन के निर्माण से यह खर्च कम होगा समय बचेगा कर्मचारियों के समय की इस बचत से प्रोडक्टिविटी बढ़ेगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पुराने भवन से कई महत्वपूर्ण फैसले हुए देश को नई दिशा मिली सुधार की पहल हुई वह परिसर वह इमारत भारत के इतिहास का अमर हिस्सा है इसलिए हमने उन भवन को देश के लिए समर्पित म्यूजियम बनाने का जो देश की आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा केंद्र बनेगी मोदी ने कहा कि विकसित भारत की इस यात्रा में यह जरूरी है कि भारत गुलामी की मानसिकता से मुक्त होकर आगे बढ़े उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास को रेस कोर्स कहा जाता था उपराष्ट्रपति के लिए कोई निवास स्थान था ही नहीं राष्ट्रपति भवन तक आने-जाने वाले रास्ते को लोकतंत्र में राजपथ कहा जाता था आजाद भारत में जो सैनिक सुरक्षा बल पुलिसकर्मी शहीद हुए उनके लिए कोई स्मारक ही नहीं था यानी दिल्ली की राजधानी पूरी तरह गुलामी की मानसिकता में जकड़ी हुई थी ।

अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
14 फरवरी, 2026

## अलवर में पहली बार में होगी श्री श्याम कथा

### बैकुंठधाम मंदिर के 56वें स्थापना दिवस पर 20 फरवरी से 01 मार्च तक होगी कथा

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** शहर के स्कीम दो स्थित बैकुंठधाम मंदिर के 56वें स्थापना दिवस के अवसर पर 20 फरवरी से 01 मार्च तक श्री श्याम कथा का आयोजन होगा। महंत सुमेर गिरी महाराज ने बताया कि यह खुशी की बात है कि राजस्थान के इतिहास मे पहली बार श्री श्याम कथा का आयोजन हो रहा है। श्री श्याम कथा का वाचन करने मे महारथ पा चुके अलवर के महंत सुमेर गिरी महाराज ने बताया कि विगत 5 वर्ष से लगातार अभ्यास के बाद इस कथा को सार्वजनिक किया जा रहा है। जिसका रसपान करने अलवर के साथ साथ अन्य जिलों से भी भक्तजन श्री श्याम कथा सुनने बैकुंठ धाम पहुंचेंगे। जिसकी तैयारियां जोरों पर चल रही है। वहीं अलवर के श्याम प्रेमियों सहित सनातनो मे उत्साह की लहर है। महंत ने बताया कि श्री श्याम कथा आयोजन अवसर पर 22 फरवरी को सुबह 10 बजे निशान यात्रा निकाली जाएगी। वहीं श्री श्याम कथा का प्रारंभ 23 फरवरी से शुरू होगा। इससे पहले 22फरवरी को निशान यात्रा सुबह 10 बजे निकलेगी (बैकुंठ धाम से शुरू होकर प्रमुख सड़कों से होते हुए मंदिर तक)। श्री श्याम कथा श्री बैकुण्ठ धाम मन्दिर, स्कीम नं. 2, अलवर पर होगी।


## नुक्कड नाटक के माध्यम से आमजन को दिया बाल विवाह प्रतिषेध का संदेश



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार बाल विवाह मुक्त भारत विशेष के अंतर्गत चाइल्ड हैल्पलाइन व राजलोक विकास संस्थान के समन्वय से कम्पनी बाग एवं मौहल्ला चमेली बाग में नुक्कड नाटक जनजागरूकता के माध्यम से बाल विवाह प्रतिषेध का का संदेश दिया गया। जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक रविकान्त ने बताया कि अभियान के अंतर्गत नुक्कड नाटक के माध्यम से बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा के दुष्परिणाम की आमजन को जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि बाल विवाह न केवल कानूनी अपराध होने के साथ बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा एवं उज्जवल भविष्य के लिए गंभीर खतरा है। इस दौरान बाल अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हैल्पलाइन के परियोजना समन्वयक मुकेश कुमार, सुनील सिंह, हेमन्त कुमार यादव, राजलोक विकास संस्थान से अखिलेश कुमार, संदीप कुमार, संजय सोनी, पूनम, रवि सहित संबंधित कार्मिक एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा आयोजित वित्तीय साक्षरता सप्ताह, 2026 के तहत वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान अलवर द्वारा सरकारी आईटीआई कॉलेज नीमराणा में वितीय साक्षरता सप्ताह - 2026 के अंतर्गत वितीय साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य विषय 'चङ्कष्ट- सुरक्षित बैंकिंग की और पहला कदम रहा शिविर में पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान अलवर के वरिष्ठ संकाय जयप्रकाश सिंघल ने उपस्थित प्रशिक्षणार्थीयो को चङ्कष्ट के महत्व, प्रक्रिया एवं इसके लाभों के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समय -समय पर चङ्कष्ट अपडेट कराना न केवल बैंकिंग सेवाओं को निर्बाध बनाए रखता है बल्कि वित्तीय नुकसान से बचाव करता है। शिविर के दौरान शिक्षा ऋण तथा डिजिटल एवं साइबर सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा के विभिन्न स्कीमों जैसे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना तथा बचत करने के तरीके एवं बचत के महत्व आदि के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। शिविर में FTC कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर अमन, मंजीत, सरकारी आईटीआई कॉलेज नीमराणा के,ह - नवदीप यादव, ग्रुप इंस्ट्रक्टर - रामकिशन, इंस्ट्रक्टर - छत्तरपाल, नरेश, मनीष, सोनू , रामप्रसाद, पवन, राजेंद्र, जीतेन्द्र, अंजू , पिंकी, सविता, प्रवीण, संजय, सुरेश, समयदीन, सिंहराज, सुनील, प्रकाश तथा समस्त आईटीआई प्रशिक्षणार्थीयो ने सहभागिता की।

## विशाल रक्तदान शिविर आज

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** श्री अमरनाथ बर्फानी सेवा समिति अलवर के द्वारा तीन दिवसीय महाशिवरात्रि पर्व बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इसी क्रम में 14 फरवरी शनिवार को एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह रक्तदान शिविर इमरती देवी धर्मशाला, बिजलीघर चौराहे के पास, सरकारी अस्पताल के सामने आयोजित होगा। समिति के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा आमजन से अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान करें और इस पुण्य कार्य में सहभागिता निभाएं। समिति का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना है। यह जानकारी समिति के महासचिव रजनीकांत गुप्ता ने दी।

### सरस डेयरी चेयरमैन के मुख्य आथित्य में किसान मैले का हुआ आयोजन

# किसानों की आय में वृद्धि और अलवर के विकास के लिए जिले में तीन लोगों का संरक्षण -चेयरमैन सांगवान

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के द्वारा किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रदेश भर में कृषि मेलों का आयोजन किया जा रहा है। मेले का उद्देश्य किसानों की फसल में वृद्धि और कृषि क्षेत्र में नई तकनीकियों की जानकारी प्रदान करना है जिससे कि देश का किसान कम लागत में अधिक मुनाफा कमा सके। इसी चरण में अलवर जिले के नौगांवा स्थित कृषि महाविद्यालय में किसान मेले का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि सरस डेयरी चेयरमैन नितिन सांगवान रहे। मेले का शुभारंभ सांगवान के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर सांगवान ने किसान मेले के आयोजन के लिए अधिकारियों को धन्यवाद देते हुए किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि अलवर जिले के विकास और किसानों की आय में वृद्धि कर उन्हें आगे बढ़ाने के लिए तीन लोगों का संरक्षण है पहले देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो अमेरिका के दबाव में किसानों के लिए झुके नहीं और मजबूती से लड़ाई लड़ते रहे व सदन में बैठकर हमेशा किसानों के लिए चिंतित रहते हैं। दूसरे राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जिन्होंने किसानों के लिए बजट में महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। सरस डेयरी के नए प्लांट के लिए 200 करोड तथा किसान संबल योजना के तहत 5 रुपए प्रति लीटर कि दर से 700 करोड रुपए का प्रावधान किया है। साथ ही साथ भारत सरकार के द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही किसान सम्मान निधि योजना में 3 हजार रुपए राजस्थान सरकार के द्वारा जोड़कर 9 हजार रुपये की राशि किसानों को दी जाती है। किसानों की ज़रूरतें गांव स्तर पर पूरी हो इसके लिए गांव-गांव ग्राम उत्थान शिविर का आयोजन भी किया गया। और तीसरे केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव जो जिले के हर व्यक्ति के साथ-साथ किसान और महिलाओं की आय में वृद्धि के लिए सोचते है।

वहीं सरस डेयरी के लिए निरंतर कोशिश कर बजट घोषणा में नए प्लांट के लिए मंजूरी प्रदान कराई क्योंकि वर्तमान प्लांट 50 साल पुराना है जो लगभग बंद होने के कगार पर था।

उन्होंने कहा कि गरीब किसान के बच्चे पढ़ लिखकर अच्छी नौकरी और तरक्की कर सके इसके लिए सांसद यादव के द्वारा लोकसभा क्षेत्र में 127 ई-लाइब्रेरिया शुरू की गई है। वही क्षेत्र के युवाओं को खेल जगत में आगे बढ़ाने के लिए 2 वर्ष से सांसद खेल उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इतना ही नहीं गर्मियों के मौसम में समर कैंप आयोजित होता है जिसमें स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के नेशनल कोच आते हैं बच्चों की खेलकूद के ओनर को देखते हैं और अगर उनको लगता है कि यह बच्चा नेशनल स्तर पर कुछ कर सकता है नाम रोशन कर सकता है उन्हें आईडेंटिफाई करके अपने साथ लेकर भी जाते हैं।

उन्होंने कहा कि पहली बार अलवर के इतिहास में 21 किलोमीटर की इंटरनेशनल मैराथन दौड़ का आयोजन भी किया गया जिसमें देश ही नहीं अपितु विदेश से धावकों ने हिस्सा लिया।

उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन होता है और टूरिज्म बढ़ता है। टूरिज्म बढ़ने से होटल इंडस्ट्री और हमारे किसान जो वहां पर कुछ व्यापार करना चाहते हैं उन्हें बढ़ावा मिलता है।

इस अवसर पर नितिन सांगवान द्वारा जिले के कृषि क्षेत्र में कम भूमि पर अधिक उत्पादन और उन्नत खेती करने वाले किसानों को प्रशस्ति पत्र और कृषि यंत्र देकर सम्मानित किया गया।

## पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में 'फुटबॉल फॉर स्टूडेंट्स (F4S) कार्यक्रम का सफल आयोजन

जयपुर टाइम्स





**खैरथल तिजारा।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में 'फुटबॉल फॉर स्टूडेंट्स' (F4S) कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना का विकास करना तथा उनके सर्वांगीण व्यक्तित्व निर्माण को प्रोत्साहित करना था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवलाल जाट रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जीवन में खेलों का अत्यधिक महत्व है तथा प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन किसी न किसी खेल में अवश्य भाग लेना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि फुटबॉल एक सुलभ एवं किफायती खेल है—एक ही फुटबॉल से 22 खिलाड़ी एक साथ खेल सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान समय में खेलों के क्षेत्र में युवाओं के लिए कैरियर के अनेक अवसर उपलब्ध हैं और प्रो लीग जैसी पहलों के माध्यम से खिलाड़ी अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर रहे हैं।

कार्यक्रम के अंतर्गत रचनात्मक विषयों से जुड़े शिक्षकों—शारीरिक शिक्षक सुरेशचंद बघेल, शारीरिक शिक्षिका जया, संगीत शिक्षक महावीर सिंह, कला शिक्षक शम्भूदयाल कुलदीप तथा पुस्तकालय अध्यक्ष गुलाब सिंह गोठवाल—की समिति द्वारा कुल 216 फुटबॉल का सफल वितरण किया गया। छात्र संख्या के अनुपात में विद्यालयों को 10, 5 एवं 3 फुटबॉल प्रदान किए गए। इस योजना के अंतर्गत 32 विद्यालयों को कुल 216 फुटबॉल वितरण किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत अलवर जिला, खैरथल-तिजारा तथा कोटपुतली-बहरोड़ (बानसूर, बहरोड़ एवं नीमराना) क्षेत्र के विद्यालयों में फुटबॉल वितरण किया जाएगा।

अंत में उप प्राचार्य के. आर. मीणा ने सभी अतिथियों एवं सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनके बहुमूल्य समय एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इसी के साथ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम का मंच संचालन सुषमा यादव (पीजीटी अंग्रेज़ी) द्वारा किया गया।

## भगवान शिव की कृपा चाहते हो तो अर्पण से ज्यादा समर्पण पर ध्यान दो - संत डॉ. शिवम साधक महाराज

### शिव कथा का पांचवा दिन

जयपुर टाइम्स





**अलवर(निसं.)।** अपना घर शालीमार के श्रीराम मंदिर में चल रही शिव कथा के पांचवे दिन शुक्रवार को संत डॉ. शिवम साधक महाराज ने कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान शिव की कृपा चाहते हो तो अर्पण से ज्यादा समर्पण पर ध्यान दो भगवान इतनी जल्दी किसी वस्तु से प्रसन्न नहीं होते जितनी जल्दी हमारे समर्पण भाव से प्रसन्न हो जाते है ओर समर्पित करने योग्य भगवान को कोई वस्तु है तो वो है हमारा मन, जिसने अपना मन भगवान को अर्पण कर दिया वह जीवन का सबसे सफल व्यक्ति है। अपने अनुसार सब कुछ ना चले भगवान जैसा चला रहे है वैसे ही हमारे विचार बन जाए। भगवान की इच्छा में ही अपनी इच्छा को मिला दे, साथ ही भगवान शिव एवं माँ पार्वती की हल्दी की रसम, लगन की रस्म में सभी भक्तो ने झूमते हुए खूब आनन्द लिया।

उन्होंने बताया कि भोले बाबा एवं माँ पार्वती की हल्दी की रसम एवं लगन की रसम के साथ साथ एक कन्या जिसका विवाह होना है जहां उसकी भी हल्दी की रसम एवं लगन की रस्म करवाई गयी। शाम को 5 बजे से 7 बजे तक दिव्य चन्दन दरबार लगा, जिसमे अनेक पीडितो की पीड़ा को महाराज ने सुना ओर उनकी पीड़ा का निवारण किया। रात्रि में भोले बाबा की एवं माँ पार्वती के पावन विवाह उत्सव में भक्तों ने संगीत का आनन्द लिया।

साधक सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ. एस. सी. मित्तल ने बताया कि ब्रह्मलीन संत गुरु श्री शिवानन्द साधक महाराज (डेरा वाले बाबा - श्रीधाम वृन्दावन) की असीम अनुकम्पा एवं संत डॉ. शिवम् साधक महाराज के सानिध्य में शिव कृपा आनन्द महोत्सव शिव कथा का आयोजन अलवर की पावन धरा पर गत रविवार से लगातार दोपहर 1 से 4 बजे तक श्री राम मंदिर , अपना घर शालीमार, अलवर (राजस्थान) में चल रहा है जो आगामी 15 फ़रवरी रविवार तक लगातार चलेगा।

## वाहन स्वामी ओवरलोड ई-रवन्ना प्रकरणों में यथाशीघ्र जुर्माना राशि जमा कराकर छूट का लाभ उठावे

जयपुर टाइम्स


**अलवर(निसं.)।** वाहन स्वामी ओवरलोड ई-रवन्ना प्रकरणों में यथाशीघ्र कुल जुर्माना राशि का 5 प्रतिशत जमा कराकर छूट का लाभ उठाए। छूट की सीमा समाप्त होने पर समस्त जुर्माना राशि जमा करानी होगी। जिला परिवहन अधिकारी सविता भारद्वाज ने बताया कि खनिज विभाग द्वारा बनाये गये ओवरलोड ई-रवन्ना प्रकरणों की सूचना परिवहन विभाग को ऑनलाइन भिजवाई जा रही है। वाहन का ओवरलोड संचालन करना मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 113/194 के अंतर्गत नियमानुसार गलत है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा ओवरलोड ई-रवन्ना प्रकरणों में जुर्माना राशि जमा कराने हेतु कार्यालय द्वारा सुनवाई का मौका दिया जाकर नोटिस जारी किये गए हैं। जुर्माना राशि जमा नहीं कराने पर नियमानुसार वाहन का पंजीयन प्रमाण पत्र निलंबन कर दिया जावेगा। पंजीयन निलंबन होने के पश्चात वाहन को जब्त किया जायेगा। उन्होंने बताया कि ऐसे अभी तक 1312 वाहनों का पंजीयन निलंबन किया जा चुका है एवं करीब 4200 वाहनों पर पंजीयन निलंबन हेतु नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है तथा वाहन स्वामियों को नोटिस जारी कर दिये गए हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में ई-रवन्ना प्रकरणों में ओवरलोड वाहनों को आईटीएमएस पोर्टल द्वारा नोटिस जारी किए जा रहे हैं, जिनमें 15 दिवस का समय दिया जा रहा है। निर्धारित समयावधि में निस्तारण ना होने पर स्वतः ही ई-चालान बन रहे हैं। जिनकी सूचना वाहन स्वामी को रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर तुरंत पहुंच जाती है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में सरकार की योजनान्तर्गत कुल जुर्माना राशि का 5 प्रतिशत ही जमा कराना है। अन्यथा छूट की सीमा समाप्त होने पर समस्त जुर्माना राशि जमा करानी होगी।

### पुलिस ने किया फिरौती गैंग का पर्दाफाश

# 50 हजार का इनामी हिस्ट्रीशीटर 'फिरोज डॉन' को किया गिरफ्तार

### 38 लाख रुपये की ठगी की थी

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** पुलिस ने शहर के वैशाली नगर थाना क्षेत्र में लंबे समय से फरार चल रहे 50 हजार रुपए के इनामी बदमाश फिरोज खान उर्फ सरकार उर्फ फिरोज डॉन को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने शुक्रवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि आरोपी को नाकाबंदी के दौरान दबोचकर अलवर पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। एसपी चौधरी ने बताया कि आरोपी को बहरोड़ टी पॉइंट पर रोका गया, जहां पर जयपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक द्वारा 50 हजार रुपए का इनाम घोषित था। राजस्थान पुलिस के अनुसार 25 वर्षीय फिरोज खान निवासी मस्जिद के पीछे, कमलखा का बास मन्ना का बास, लूट सहित कई गंभीर मामलों में वांछित था और थाना वैशाली नगर के प्रकरण संख्या 266/2025 में भी फरार चल रहा था। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक फिरोज खान के खिलाफ एनईबी, कोतवाली, राजगढ़ और वैशाली नगर थानों में हत्या के प्रयास, लूट, डकैती, आर्मस एक्ट समेत कुल 12 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस उसे हार्डकोर हिस्ट्रीशीटर मानती है।

### की थी 38 लाख के लोहा माल की ठगी, 3 लाख की मांगी फिरौती

एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि सितंबर 2025 में रांची से भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र के लिए 83.320 मीट्रिक टन एमएस बिलेट (कीमत करीब 38.12 लाख रुपए) रवाना किया गया था। आरोप है कि ताहिर उर्फ काला ने खुद को ट्रेलर मालिक बताकर वाहन उपलब्ध कराया और 14 सितंबर को माल लोड होकर निकला, लेकिन 21 सितंबर तक भिवाड़ी नहीं पहुंचा और संबंधित लोगों के फोन बंद हो गए। शिकायत के अनुसार अजुरुद्दीन उर्फ लाला और मजीद खान के जरिए संपर्क हुआ, जहां व्हाट्सऐप कॉल पर तीन लाख रुपए की मांग की गई। कॉल पर एक व्यक्ति ने खुद को फिरोज डॉन, मन्ना का (अलवर) बताकर माल दो किश्तों में लौटाने के बदले फिरौती मांगी। इस मामले में फिरोज डॉन समेत पांच लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। झारखंड के रामगढ़ जिले के कुजू निवासी ट्रांसपोर्टर जितेंद्र कुमार सिन्हा की रिपोर्ट पर दर्ज इस केस में फिरोज उर्फ सरकार का नाम सामने आया।

वहीं फिलहाल पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है। जांच में संगठित तरीके से की गई ठगी, माल हड़पने और अन्य वारदातों के बड़े खुलासों की संभावना जताई जा रही है।

# 24 अवैध ई-रिक्शा जब्त, संयुक्त अभियान में बड़ी कार्रवाई

### यातायात पुलिस व परिवहन विभाग की टीम ने शहर के प्रमुख चौराहों पर चलाया विशेष अभियान





जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिले में अवैध रूप से संचालित ई-रिक्शाओं के खिलाफ यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग ने संयुक्त रूप से सख्त कार्रवाई करते हुए 24 ई-रिक्शा वाहनों को जब्त किया। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) डॉ प्रियंका, सहायक पुलिस अधीक्षक (वृत ग्रामीण) शिवानी तथा सीओ यातायात जितेन्द्र सिंह के निर्देशन में यह विशेष अभियान चलाया गया। यातायात शाखा प्रभारी उपनिरीक्षक संजय शर्मा मय जाप्ता एवं परिवहन विभाग की टीम ने जेल सर्किल, घंटाघर एवं होप सर्कस बस स्टैंड क्षेत्र में बिना रजिस्ट्रेशन एवं बिना वैध परमिट संचालित ई-रिक्शाओं के विरुद्ध कार्रवाई की। जांच के दौरान कुल 24 ई-रिक्शा वाहन जब्त किए गए। अभियान के दौरान यह भी पाया गया कि कई ई-रिक्शाओं के फिटनेस प्रमाण पत्र की अवधि समाप्त हो चुकी थी तथा परिवहन विभाग द्वारा उनका पंजीयन निरस्त किया जा चुका था, इसके बावजूद वे सड़कों पर संचालित हो रहे थे। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा।

### ई-रिक्शा चालकों से अपील

सभी चालक अपने ई-रिक्शाओं की फिटनेस समय पर कराकर प्रमाण पत्र प्राप्त करें एवं आरसी का नवीनीकरण कराएं। क्षमता से अधिक सवारी न बैठाएं। सड़कों पर ई-रिक्शा बीच मार्ग या अव्यवस्थित तरीके से खड़ा न करें। प्रशासन ने कहा है कि यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए ऐसे अभियान भविष्य में भी जारी

## सज धज कर रथ पर सवार होकर निकले श्री त्रिपोलिया महादेव नगर भ्रमण यात्रा में



**अलवर(निसं.)।** त्रिपोलेश्वर शिव शक्ति सेवा समिति की ओर से राज ऋषि अभय समाज रंगमंच पर 108 पार्थिव शिवलिंगों का सामूहिक पूजन अभिषेक किया गया। विधि-विधान पूर्वक रुद्री के पाठ हुए। यह सुबह 10:00 बजे से शुरू हुआ जो दोपहर तक चलता रहा। पार्थिव शिवलिंग की सामूहिक पूजा के उपरांत हवन कार्यक्रम हुआ। इसके बाद भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया जिसमें हजारों लोगों ने भंडारा प्रसादी ग्रहण किया। इसके बाद शाम को छह बजे रथ में सवार होकर सज धज कर श्री त्रिपोलिया महादेव नगर भ्रमण यात्रा पर निकले। बस स्टैंड के पास राज ऋषि अभय समाज से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण गोपाल टॉकीज, मन्नी का बढ़, नगर निगम, पंसारी बाजार, घंटाघर ,होप सर्कस होते हुए त्रिपोलिया महादेव पर पहुंची। भोले बाबा की यात्रा में डीजे, घोड़ी बग्घी ,गणेश जी की सवारी, गोरखनाथ जी की सवारी, राम दरबार, राधा कृष्ण की सवारी ,शिव अघोरी रूप की सवारी ,पार्वती माता की भोले बाबा का रथ, इस्कॉन मंडल आदि शामिल रहे।

## आरएसी के कांस्टेबल ने सरकारी क्वार्टर में फांसी लगाकर आत्महत्या की, परिजनों को संदेह है

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के कोटा शहर के दादाबाड़ी थाना इलाके में आरएसी के कांस्टेबल ने अज्ञात वजह से सरकारी क्वार्टर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची है और मृतक कांस्टेबल की बॉडी को कब्जे में किया है तथा घटना स्थल से आवश्यकता और सबूत एकत्रित किए गए हैं सूचना के बाद जब परिजन मौके पर पहुंचे तो उन्होंने इस पूरे मामले में इस घटना को लेकर संदेह जताया है पुलिस को मौके पर किसी भी तरह का कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है लेकिन परिजन के हर तरह के डाउट को दूर करने के लिए पुलिस मामले की गंभीरता से जांच पड़ताल कर रही है इस घटना के बाद पुलिस क्वार्टर में रहने वाले अन्य पुलिस कर्मचारियों और आरएसी के जवानों में शोक की लहर फैल गई जानकारी के अनुसार मृतक कांस्टेबल शंकरलाल है जिसने सरकारी क्वार्टर में फांसी का फंदा लगाकर अपने जीवन लीला समाप्त की है पुलिस जांच पड़ताल कर यह पता लग रही है कि क्या शंकर लाल ने व्यक्तिगत कारण की वजह से जीवन लीला समाप्त की या फिर नौकरी के प्रेशर की वजह से उसने यह कदम उठाया या फिर कोई उसे टॉर्चर कर रहा था इन सब बातों की पुलिस जांच पड़ताल कर रही है इस मामले में परिजनों से भी आवश्यक पूछताछ की जा रही है तथा मृतक के मोबाइल फोन की भी जांच पड़ताल की जा रही है मृतक ने आखरी बार किस शख्स से बातचीत की और क्या बातचीत की इस बात की भी जांच पड़ताल की जा रही है फिलहाल पुलिस का कहना है कि अभी बॉडी का पोस्टमार्टम करवाया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस की जांच को और सही दिशा मिल सकेगी अभी पुलिस सिर्फ यह मान रही है कि यह मामला आत्महत्या का है लेकिन अन्य विषयों पर भी पुलिस की जांच जारीहै ।

## नीट की तैयारी कर रही छात्रा ने जहर खाकर आत्महत्या की

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के कोटा के छतरपुर इलाके में नीट की तैयारी कर रही एक छात्रा ने जहरीली वस्तु का सेवन करके खुद की जीवन लीला समाप्त कर ली मृतक छात्र जूही पटेल है जो नीट की तैयारी कर रही थी सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची है और मृतक छात्र की बॉडी का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है पुलिस का कहना है कि फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत के कारण का ठीक तरह से खुलासा हो पाएगा छात्र ने किसी जहरीली वस्तु का सेवन किया है इसकी जानकारी भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही हो पाएगी इसलिए पुलिस फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है लेकिन प्रथम दृष्टि यह पूरा मामला आत्महत्या का माना जा रहा है पुलिस जूही पटेल के साथ नेट की तैयारी कर रही अन्य छात्रों से भी आवश्यक पूछताछ कर रही है तथा जूही पटेल के मोबाइल फोन की जांच पड़ताल की जा रही है पुलिस को मौके पर किसी भी तरह का कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है पुलिस मृतक जूही पटेल की सहेलियों और उसके निकट रहने वाली छात्रों से पूछताछ करके यह पता लग रही है कि जूही को कोई परेशान तो नहीं कर रहा था या फिर जूही कहीं पढ़ाई की वजह से टेंशन में थी या कोई और फैमिली प्रॉब्लम थी इन सब बातों की पुलिस जांच पड़ताल कर रही है इसके अलावा जूही के परिजनों से भी आवश्यक पूछताछ की जाएगी।

## विधानसभा में मदन दिलावर ने कहा-तृतीय श्रेणी अध्यापकों के तबादलों पर प्रतिबंध लगा हुआ है, सरकार बना रही है नीति

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान विधानसभा में शुक्रवार को तृतीय श्रेणी शिक्षकों के तबादलों का मामला भी विधायकों की ओर से उठाया गया विधायक गोविंद प्रसाद ने तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण का सवाल पूछा जवाब में शिक्षा मंत्री मदन दिया रावण ने कहा कि पूर्ण प्रतिबंध लगा हुआ है अति आवश्यकता पड़ने पर सक्षम स्तर से अनुमोदन करके स्थानांतरण किए जाते रहे गोविंद प्रसाद ने कहा कि वर्ष 2018 में तृतीय श्रेणी अध्यापकों के स्थानांतरण कैसे हुए थे ? जवाब में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि 2018 में स्थानांतरण किए गए थे और उसका आदेश जारी किया गया था सहमति पत्र के आधार पर स्थानांतरण किए गए थे कैंसर गुर्दा प्रत्यारोपण और गंभीर पीड़ित शिक्षक और पूर्ण तैयार दृष्टिहीन और सो प्रतिशत दिव्यांग समेत ऐसे श्रेणियां के तबादले किए गए थे विधायक गोविंदप्रसाद ने मंत्री से सदन में पूछा कि तृतीय श्रेणी शिक्षकों के तबादले होंगे या नहीं तो मदन दिलावर ने जवाब देते हुए कहा कि तबादला करने का कोई नियम नहीं होता है फिर भी तत्कालीन सरकार ने कोई नियम निकाला था अभी हमारी स्थानांतरण नीति प्रक्रियाधीन है जैसे ही स्थानांतरण नीति फाइनल होगी हम उस आधार पर आगे विचार करेंगे इस बीच नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि तृतीय श्रेणी शिक्षकों को गुमराह करने की कोशिश हो रही है आप लोगों ने कहा था कि स्थानांतरण नीति बनेगी, कब तृतीय श्रेणी अध्यापकों के तबादले होंगे? टीकाराम जूली ने कहा कि अपने चुनाव के दौरान भी वादा किया था आप कोई टाइमलाइन दें मंत्री मदन दिलावर ने टीकाराम जूली के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में 2200 तबादले किए गए थे लेकिन कांग्रेस की सरकार में एक भी टीचर का तबादला नहीं किया गया हम तो फिर भी विचार कर रहे हैं आप लोगों ने क्यों नहीं विचार किया? क्यों नहीं चिंता कर रहे थे।

## हरमाड़ा में पैंथर के मूवमेंट से लोगों में दहशत, वन विभाग और पुलिस अलर्ट

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजधानी जयपुर में एक बार फिर से शुक्रवार को पैंथर का मूवमेंट होने की वजह से शहर के लोगों के चेहरों पर चिंता की लकीर छा गई इस बार राजधानी जयपुर के हरमाड़ा क्षेत्र में भोमिया जी के मंदिर के पास पैंथर का मूवमेंट देखने को मिला है स्थानीय लोगों की सूचना के बाद पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची है और पैंथर की लोकेशन का पता करके उसे पकड़ने के प्रयास भी किया जा रहे हैं फिलहाल भोमिया जी का मंदिर और आसपास के इलाके में रहने वाले लोग घबरा रहे हैं क्योंकि खबर लिखे जाने तक पैंथर की लोकेशन का पता नहीं चल पाया था वन विभाग की टीम हर स्तर से पैंथर की लोकेशन का पता लगाने का प्रयास कर रही है पुलिस ने स्थानीय लोगों को पूरी तरह से अलर्ट रहने को भी कहा है उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ महीनो से राजधानी जयपुर में किसी न किसी इलाके में पैंथर का मूवमेंट देखने को मिल रहा है राजधानी जयपुर में मालवीय नगर दुर्गापुरा सी स्कीम पानीपत चांदपोलबाजार सिविल लाइंस इत्यादि कई इलाकों में पिछले कुछ महीनो से लगातार पैंथर का मूवमेंट देखा गया है कई बार पैंथर को ट्रेंकुलाइज करके पकड़ के वापस शहर के नजदीक जंगल में भी छोड़ गया है लेकिन बार-बार पैंथर अपनी प्यास बुझाने और पेट की भूख मिटाने के लिए जंगल छोड़कर शहर की आवासीय बस्तियों में अपनी उपस्थिति दिखा रहे हैं कई बार पैंथर ने लोगों पर हमला भी बोला है तो कई बार पालतू पशुओं पर भी पैंथर हमला बोला है इसलिए पैंथर के मूवमेंट से शहर के लोग दहशत में हैं।


# विधानसभा में जयपुर की कॉलोनी का नियमन और खाद वितरण का मामला भी उठा, सरकार ने दिया सटीक जवाब

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान विधानसभा में शुक्रवार को जयपुर के हवामहल विधानसभा क्षेत्र की बस्तियों के नियमन और सवाई माधोपुर जिले में किसानों को खाद्य वितरण के मामले में भी सरकार से सवाल जवाब पूछे गए हवा महल विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के विधायक बालमुकुंद आचार्य ने कहा कि रियासत काल से बसी कॉलोनी का नियमन नहीं किया जा रहा है उन्होंने कहा कि उनके निर्वाचन क्षेत्र में कई बस्तियां हैं जिनका नियमन नहीं हो पाया है बालमुकुंद आचार्य ने होंडा महादेव मंदिर शिवाजी नगर कच्ची बस्ती बेरिया बस्ती गुर्जर बस्ती ललित कॉलोनी राणा कॉलोनी इंदिरा वर्मा कॉलोनी ओम शिव कॉलोनी टाटानगर शास्त्री नगर जल महल के सामने गुर्जर घाटी सहित अनेक क्षेत्र जहां नागरिक रियासत कालीन महाराज राजा के जमाने से रह रहे हैं उन कॉलोनीयों के नियमन का मामला जोर-जोर से उठाया उन्होंने कहा कि इन कॉलोनीयों का नियमन नहीं होने की वजह से यहां के लोग आधारभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं और राज्य सरकार तथा केंद्र सरकार की जल कल्याणकारी योजनाओं से भी वंचित हैं भाजपा विधायक ने कहा कि नियमन में देरी से पीछे मास्टर प्लान में अभाव, नगर निगम जयपुर विकास प्राधिकरण और राजस्व विभाग के बीच अधिकार क्षेत्र का विवाद प्रमुख कारण है इसके साथ ही जयपुर विकास प्राधिकरण के नाम दर्ज भूमि को नगर निगम के नाम नहीं किया गया राजस्व विभाग के गैर मुमकिन पहाड़ और आबादी परिवर्तन नहीं किया गया नाहरगढ़ इको सेंसेटिव जोन नोटिफाई सीमा के कारण क्षेत्र प्रभावित हो रहा है इन क्षेत्रों के लिए मानवीय आधार पर नियमन नीति लागू की जाए आवासीय गैर मुमकिन आवास की श्रेणी में शामिल किया जाए बालमुकुंद आचार्य ने कहा कि वर्षों से उपेक्षित नागरिकों का वैधानिक और मानवीय अधिकार दिलाया जाए शुक्रवार को विधानसभा में कांग्रेस विधायक इंदिरा मीणा ने सवाई माधोपुर में खाद बीज वितरण का सवाल पूछा जिसके जवाब में कैबिनेट मंत्री डॉ किरोडी लाल मीणा ने कहा कि हमने तीन लाख मैट्रिक टन अतिरिक्त सप्लाई की हरि मोहन शर्मा के बीच में बोलने पर डॉक्टर मीणा ने कहा कि जो भी खाद्य डिस्ट्रीब्यूशन किया है हमने डिमांड से ज्यादा वितरण किया है थोड़ी बहुत यह त्रुटि हो सकती है की लाइन लगने की समस्या हो सकती है हमने उसको भी दुरुस्त किया है इस दौरान कांग्रेस विधायक इंदिरा मीणा ने कहा कि हमने देखा की लाइन लगी हुई थी मंत्री ने कई डीलर को सस्पेंड भी किया तो फिर वापस बहस क्यों किया जवाब में डॉक्टर किरोडी लाल मीणा ने कहा की लापरवाही पर हमने सस्पेंड किया संतुष्ट पूर्ण जवाब आने पर हमने बहाल किया लापरवाही हुई है उसमें हमने मुकदमे दर्ज करवाएं और कार्रवाई भी की नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने गुरुवार को पूरक प्रश्न पूछा उन्होंने कहा कि स्कूल और हॉस्पिटलों के सामने संकेतक समेत अन्य मापदंड है या नहीं आपने कह दिया कि भारत सरकार से कोई मापदंड नहीं है ऐसे कैसे हो सकता है यह तो पहले से ही निर्धारित है संकेतक लगते हैं स्कूल के बाहर भी लगते हैं टीकाराम जूली ने कहा कि पूरे प्रदेश में दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ रही है उसे आधार पर अस्पतालों और स्कूलों के बाहर संकेतक हो स्पीड ब्रेकर बनाने का विचार है या नहीं जवाब में उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि समय-समय पर हमारी मीटिंग होती है नियमों के अनुसार स्पीड ब्रेकर और संकेतक लगाए जाते हैं हम जो चालान करते हैं वह भी मोटर व्हीकल एक्ट के द्वारा करते हैं जो आप पूछ रहे हो उसका हमारे पास जवाब नहीं है ।

## सुप्रीम कोर्ट ने फिल्म निर्माता विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी श्वेतांबरी भट्ट की जमानत स्वीकार की

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** उदयपुर के एक डॉक्टर से धोखाधड़ी के मामले में जेल में बंद विख्यात फिल्म निर्माता निर्देशक विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी श्वेता हमारे भट्ट की सुप्रीम कोर्ट ने जमानत स्वीकार कर ली है विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी की जमानत स्वीकार किए जाने के बाद मुंबई फिल्म जगत से जुड़े लोगों में खुशी की लहर छा गई है क्योंकि राजस्थान हाई कोर्ट और अन्य निचली अदालत ने विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी की जमानत अर्जी को पहले खारिज कर दिया था इसलिए विक्रम भट्ट ने सुप्रीम कोर्ट में जमानत की अर्जी दाखिल की थी जिसके बाद शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने विक्रम और उनकी पत्नी को जमानत दे दी है जानकारी के अनुसार उदयपुर के एक विख्यात डॉक्टर को फिल्म निर्माण में अच्छा मुनाफा होने की बात कह कर आरोपी विक्रम भट्ट ने उदयपुर के डॉक्टर अजय से अलग-अलग किस्तों में अलग-अलग तरीके से रुपए हासिल किया इस दौरान विक्रम भट्ट ने पीड़ित डॉक्टर अजय की दिवंगत पत्नी की जीवनी पर भी एक फिल्म बनाने की बात कहकर अजय से रुपए हासिल किए थे इस तरह से पीड़ित अजय ने विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी पर करोड़ों रुपए लेने का आरोप पुलिस में दर्ज रिपोर्ट में लगाया था पीड़ित अजय की रिपोर्ट के आधार पर उदयपुर पुलिस ने जांच शुरू करते हुए दोषी मानने पर विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी श्वेतांबरी भट्ट को मुंबई से अरेस्ट किया और मुंबई से अरेस्ट करने के बाद दोनों पति-पत्नी को यहां उदयपुर लाया गया बाद में इन्हें जेल भेज दिया गया इसके बाद विक्रम भट्ट ने निचली अदालत में जमानत की अर्जी लगाई लेकिन उनकी जमानत अर्जी को खारिज कर दिया गया इसके बाद विक्रम भट्ट ने हाई कोर्ट का दरवाजा जमानत के लिए खटखटाया लेकिन हाई कोर्ट से भी उन्हें जमानत नहीं मिली इसके बाद उन्हें सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा जहां पर उन्हें शुक्रवार को जमानत मिली हालांकि पत्रकारों से बातचीत के दौरान विक्रम भट्ट ने कई बार कहा है कि उन पर जो धोखाधड़ी के आरोप लगाए गए हैं वह उचित नहीं है सरासर गलत है यह सारा मामला पैसों के लेनदेन को है और उन्हें कोर्ट से पूरा न्याय मिलेगा ।

## केमिकल की बोतल को शराब समझ कर पीने से चार लोगों की मौत, एक महिला की हालत नाजुक

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के भीलवाड़ा जिले के गंगापुर के अलौली गांव में केमिकल की बोतल को शराब समझकर उसका पांच लोगों ने सेवन किया जिसकी वजह से तीन महिलाओं और एक युवक की मौत हो गई है तथा एक अन्य महिला का गंभीर अवस्था में अस्पताल में इलाज जारी है जानकारी के अनुसार भीलवाड़ा जिले के गंगापुर के अलौली गांव के रहने वाले रतन, बदामी, जमनी, सुशीला देवी और सनू गुरुवार की रात एक शादी समारोह में बर्तन साफ करने के कार्य में गए हुए थे बर्तन साफ करने के बाद उन्होंने शादी समारोह में केमिकल से भरी बोतल को शराब समझ लिया और उस बोतल को अपने साथ घर पर लेकर आ गए जहां रतन, सुशीला, बदामी, जमनी और सनू इन इन सभी ने केमिकल की बोतल को शराब समझकर घर पर पी लिया इसके बाद इन सब की तबीयत खराब हो गई जलन उल्टी और कई अन्य तरह की शिकायत होने पर इन्हें अस्पताल लाया गया लेकिन इस दौरान ही सनू को छोड़कर बाकी चारों की मौत हो गई है और सनू की हालत भी काफी गंभीर बताई जा रही है सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शादी समारोह स्थल का भी दौरा किया है और वहां भी आवश्यक पूछताछ की है तथा सभी मृतकों की बॉडी का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है इसके अलावा शादी समारोह से केमिकल की जिस बोतल को यह मजदूर अपने घर लेकर आए थे उसे बोतल के बारे के में भी पुलिस जांच पड़ताल करके यह पता लग रही है कि यह बोतल कहां से और किसी दुकानदार से खरीद कर लाई गई थी क्योंकि बोतल के ऊपर किसी भी तरह की कोई सावधानी या चेतावनी जैसा लेवल स्थापित नहीं है इसलिए जिस दुकानदार से यह बोतल खरीद कर लाई गई है उस दुकानदार के खिलाफ भी पुलिस कार्रवाई कर सकती है फिलहाल अलौली गांव में एक ही परिवार में चार लोगों की मौत होने के बाद शोक की लहर छा गई है

## तस्करों और पुलिस के बीच आपस में गोलीबारी, एक तस्कर ढेर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के पाली जिले में किवाड़ा थाना इलाके में दिवेर घाटी में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और मादक पदार्थों के तस्करों के बीच आपस में हुई गोलीबारी में एक तस्कर की गोली लगने से मौत हो गई है तथा पुलिस ने एक अन्य तस्कर को अरेस्ट भी किया है जानकारी के अनुसार पुलिस और तस्करों के बीच यह मुठभेड़ दिवेर घाटी के पास हुई है पुलिस को सूचना मिली थी कि दो गाड़ियों में सवार होकर तस्कर भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ लेकर जा रहे हैं जिसके बाद एंटीनाकोटिक्स फोर्स टीम ने तस्करों की दोनों गाड़ियों को रोकने के लिए सड़क पर रणनीति के तहत गाड़ी के टायर पंचर करने की योजना बनाई जिसमें तस्कर की एक गाड़ी तो निकल गई लेकिन दूसरी गाड़ी का टायर पंचर होने की वजह से वह रुक गई गाड़ी रुकने के बाद गाड़ी में सवार तस्कर ने पुलिस पर फायरिंग करनी शुरू कर दी जवाब में पुलिस ने भी फायर किया जिसमें गोली लगने से तस्कर करीब भुट्टो घायल हो गया जिसे पहले पुलिस ने जोजावर अस्पताल में एडमिट करवाया वहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे बांगड़ अस्पताल में भेजा गया जहां पर डॉक्टरों ने उसकी मृत्यु घोषित कर दी द्य मृतक के सीने में गोली लगने की बात कही जा रही है और वह पुलिस पर फायर करते हुए मौके से भाग रहा था जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षा के लिए फायर किया जिसकी वजह से गोली लगने से भुट्टो घायल हो गया इस दौरान पुलिस ने एक अन्य तस्कर को अरेस्ट किया है तथा तस्कर की गाड़ी से भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ भी बरामद किए गए हैं जानकारी के अनुसार प्रदेश के मारवाड़ बेल्ट में एक बार फिर से अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले लोग पूरी तरह से सक्रिय हो गए हैं हालांकि ऐंटेनारकोटिक्स टास्क फोर्स की ओर से मारवाड़ बेल्ट में अवैध मादक पदार्थ का धंधा करने वाले लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है इसके अलावा इस धंधे में शामिल विभिन्न ग्रुप के लोगों को चिन्हित करके उनकी लोकेशन के आधार पर उन्हें ट्रेस करने की दिशा में भी पुलिस तेजी से कार्य कर रही है इस मामले में पुलिस ने पिछले कुछ महीनो में प्रदेश में कई जगहों पर अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले लोगों को बड़ी संख्या में अरेस्ट भी किया है लेकिन प्रदेश का मारवाड़ बेल्ट इस समय अवैध मादक पदार्थ के धंधों को लेकर फिर से सुर्खियों में छाया हुआ है अब जिस तरह से गुरुवार की रात एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और पुलिस के बीच यह भीषण मुठभेड़ हुई जिसमें एक तस्कर की जान भी गई है तो निश्चित रूप से यह तो कहना ही पड़ेगा कि प्रदेश में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले लोगों के हौसले बुलंद हैं और वह पुलिस पर फायर करने से भी नहीं चूक रहे ।

## पंचायत विभाग का एलडीसी निकला करोड़पति, भारी मात्रा में सोना चांदी और 76 लाख रुपए बरामद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक विभाग ने शुक्रवार को प्रदेश में पंचायत विभाग के एक ऐसे लिपिक की काली कमाई का खुलासा किया है जिसने अपनी सरकारी नौकरी के दौरान काली कमाई से अकूत संपत्ति जमा की है जानकारी के अनुसार भ्रष्टाचार निरोधक विभाग को अलग-अलग माध्यम से पिछले कुछ महीनो से पंचायत विभाग में पोस्टेड एलडीसी शुभकरण के बारे में लगातार शिकायतें मिल रही थी शिकायत में कहा जा रहा था कि शुभकरण ने विभाग में भ्रष्टाचार को जोरदार तरीके से बढ़ावा दिया हुआ है और अकूत संपत्ति जमा की हुई है इसके बाद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने मिली शिकायतों के आधार पर गुपचुप में आरोपी एलडीसी शुभकरण के बारे में कई तरह की जानकारियां हासिल की और जब अपनी गुपचुप की जांच पड़ताल में एंटी करप्शन ब्यूरो को शुभकरण की अकूत संपत्तियां के बारे में जानकारी मिल गई तो शुक्रवार को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की करीब पांच टीमों ने बीकानेर में पांच अलग-अलग जगह पर शुभकरण के ठिकानों पर छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया जिसमें खबर लिखे जाने तक 1 किलो सोना 2 किलो चांदी और 76 लख रुपए नगद मिले हैं इसके अलावा शुभकरण के गांव में 16 हेक्टर जमीन तथा बीकानेर में कई जगहों पर प्लांट के दस्तावेज भी मिले हैं कुल मिलाकर शुभकरण की जो सरकारी सैलरी है उससे कई गुना स्थाई और अस्थाई संपत्ति उसके ठिकानों से बरामद की गई है इसलिए एलडीसी की काली कमाई को देखकर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारियों की आंख भी फटी रह गई जानकारी के अनुसार भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के डीजे गोविंद गुप्ता के मार्गदर्शन और निर्देशन में शुक्रवार को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीमों ने एलडीसी के ठिकानों पर छापामार कार्रवाई को बहुत ही गोपनीय ढंग से अंजाम दिया है हालांकि शुरू की तलाशी में ही भारी मात्रा में काली कमाई भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के हाथ लग गई थी इसलिए ब्यूरो के डीआईजी ने बाकायदा संवाददाता सम्मेलन आयोजित करके छापामार कार्रवाई के बारे में थोड़ी बहुत जानकारी मीडिया कर्मियों को उपलब्धि करवाई लेकिन जो दस्तावेज और जो संपत्तियां एलडीसी के पास मिली है उसके बारे में आरोपी एलडीसी शुभकरण से पूछताछ की जा रही है भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारी उपकरण से पूछताछ करके यह पता लग रहे हैं कि उसने यह संपत्तियां कैसे और किस तरह से और कब-कब जमा की है इसके अलावा शुभकरण अब से पहले कहां-कहां पोस्टेड रहा इसके बारे में भी जानकारी जुटा जा रही है इसके अलावा शुभकरण ने काली कमाई को और कहां-कहां इन्वेस्ट किया है इसके बारे में भी पता लगाया जा रहा है शुभकरण के निकट के परिजनों रिश्तेदारों के बैंक अकाउंट की डिटेल्स भी निकल जा रही है अभी बहुत से विषयों पर ब्यूरो की जांच पड़ताल होना बाकी है कहा यह भी जा रहा है कि इतने बड़े पैमाने पर काली कमाई का संकलन करने वाला शुभकरण कहीं ना कहीं विभाग के अन्य अधिकारियों के साथ भी दोस्ती बनाया हुआ था इसलिए संभावना है कि शुभकरण से पूछताछ के बाद कई और अधिकारी और कर्मचारी भी एसीबी की रडार पर आ सकते हैं ।

## राज्यसभा में मदन राठौड़ ने मोदी सरकार के स्वरोजगार और आर्थिक सशक्तिकरण कार्यों की जमकर प्रशंसा की

### मोदी सरकार के नेतृत्व में राष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं के माध्यम से स्वरोजगार एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में हुआ उल्लेखनीय कार्य


जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के नेतृत्व में गत वित्तीय वर्ष में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता से संबंधित राष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं के माध्यम से स्वरोजगार एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया गया। उन्होंने बताया कि निर्धारित एक लाख लाभार्थियों के लक्ष्य के मुकाबले देशभर में कुल 1,39,467 लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 1389.61 करोड़ की राशि का ऋण वितरित किया गया। यह ऋण राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम (एनएसएफडीसी), राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम (एनएसकेएफडीसी) तथा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम (एनबीसीएफडीसी) के माध्यम से पात्र आवेदकों को प्रदान किया गया। इससे वंचित एवं पिछड़े वर्गों को स्वरोजगार स्थापित करने में सहायता मिली। यह जानकारी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने सदन को दी। राठौड़ ने बताया कि राज्यवार आंकड़ों के अनुसार केरल में सर्वाधिक 68,339 लाभार्थियों को 47,880.42 लाख का ऋण वितरित किया गया, जबकि तमिलनाडु में 24,971 लाभार्थियों को 18,974.47 लाख की राशि प्रदान की गई। कर्नाटक में 5,774 लाभार्थियों को 7,052.17 लाख, उत्तर प्रदेश में 6,106 लाभार्थियों को 9,286.15 लाख तथा राजस्थान में 1069 लाभार्थियों को 1,832.98 लाख का ऋण स्वीकृत किया गया। इसके अतिरिक्त गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, पंजाब और ओडिशा सहित अन्य राज्यों में भी योजना का प्रभावी क्रियान्वयन हुआ। राठौड़ ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के माध्यम से पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की गई है। आवेदन जमा करने से लेकर ऋण स्वीकृति तक का औसत समय 2 से 4 सप्ताह रहा, जिससे लाभार्थियों को समयबद्ध सहायता प्राप्त हुई। राज्यवार औसत ओवरड्यू दर लगभग 30 प्रतिशत दर्ज की गई है, जिसे कम करने के लिए निरंतर निगरानी एवं पुनर्भुगतान संबंधी जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, वित्त वर्ष 2024-25 में पीएम-सुरज पोर्टल के अंतर्गत अधिकतम 15 लाख तक के व्यावसायिक ऋणों का वितरण भी किया गया, जिससे सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को विशेष प्रोत्साहन मिला है। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि सरकार की लक्षित वित्तीय योजनाएं समाज के कमजोर वर्गों को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

## सदन में मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा- वास्तव में जल जीवन मिशन में घोटाला हुआ था,, लापरवाही हुई थी

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान विधानसभा में सरकार के मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने जोर देकर कहा कि जल जीवन मिशन योजना में घोटाला हुआ था और लापरवाही हुई थी लेकिन पिछली सरकार ने इस पूरे घोटाले को दबाए रखा लेकिन हमारी सरकार इस योजना में हुए घोटाले की जांच कर रही है, जांच एजेंसियों की ओर से मामले की जांच पड़ताल करते हुए कई लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है उन्होंने यह भी कहा कि इस योजना में जितने भी लोग दोषी पाए जाएंगे चाहे कोई अधिकारी हो, ठेकेदार हो या फिर कोई कितना ही बड़ा प्रभावशाली व्यक्ति क्यों ना हो जिस किसी की भी भूमिका गलत पाई जाएगी उसको जेल भेजा जाएगा उन्होंने कहा कि हमारी सरकार अब जल जीवन मिशन योजना में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा काम करने की दिशा में काम कर रही है और एक-एक पैसे का सदुपयोग किया जाएगा जानकारी के अनुसार भाजपा विधायक राजेंद्र मीणा ने जल जीवन मिशन योजना के कार्यों का सवाल पूछा था राजेंद्र मीणा के सवाल पर मंत्री का नया लाल चौधरी ने जवाब देते हुए कहा कि वास्तव में जल जीवन मिशन में भ्रष्टाचार हुआ था कामों में लापरवाही हुई थी प्रवर्तननिदेशालय की ओर से मुकदमे भी दर्ज किए गए थे सीबीआई भी आई थी 200 से ज्यादा अधिकारी दोषी थे उनके लिए हमने 16 सीसी में और चार्ज शीट दी गई इनके क्षेत्र में गणपति ट्यूबवेल और श्याम ट्यूबवेल ने काम किया था जिन्होंने फर्जी सर्टिफिकेट बनकर काम किया था उनके खिलाफ मुकदमे भी दर्ज किया जा चुके हैं हमारे पास राजस्थान में जो भी मामले आ रहे हैं दोषी निकल रहे हैं उनके खिलाफ मुकदमे दर्ज करवाए जा रहे हैं राजेंद्र मीणा ने पूछा कि गर्मियों का मौसम है आगामी दिनों में महुआ दोसा में पेयजल की क्या व्यवस्था करेगी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने कहा कि जब हम गणपति और श्याम ट्यूबवेल कंपनी पर कार्रवाई कर रहे थे तो उन्होंने कोर्ट से स्टे ले लिया इस बार जनता को जल उपलब्ध करवाना हमारी सर्वाधिक प्राथमिकता है तो न्यायालय में प्रकरण होने के कारण हम चरणबद्ध रूप से गांव में पानी की उपलब्धता करवाएंगे ।

# पीएचडी की यात्रा की चुनौतियों का सामना कैसे करें?

डॉ राजेश के पिलानिया, मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट, गुरुग्राम

अनुसंधान, विशेष रूप से पीएचडी का शोध, एक बहुत ही गहन और अकेली यात्रा होती है। इसमें किसी एक विषय पर 3 से 5 या उससे भी अधिक वर्षों तक काम करना पड़ता है। शोध एक रोलर-कोस्टर की तरह होता है। कुछ दिन ऐसे होते हैं जब लगता है कि शोध सही दिशा में आगे बढ़ रहा है, और कुछ दिन ऐसे भी आते हैं जब किसी विपरीत शोध को देखकर ऐसा महसूस होता है कि काम कहीं अटक गया है या शायद सही दिशा में नहीं जा रहा है।



पिछले लगभग तीन दशकों में लेखक ने विभिन्न पृष्ठभूमियों से आए शोधकर्ताओं और शोध छात्रों से बातचीत की है और कई बार यह समस्या सामने आई है कि शोध एक लंबी यात्रा है, जिसमें उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। इसके साथ ही भविष्य को लेकर असुरक्षा की भावना भी रहती है, जो एक शोधकर्ता के सामने आने वाली अन्य दैनिक पेशेवर चुनौतियों के अतिरिक्त होती है।

एक पीएचडी शोधार्थी इन चुनौतियों का इस तरह ध्यान कैसे रखे कि वह अपने काम पर ध्यान केंद्रित कर सके और शोध यात्रा का आनंद भी ले सके? इसके लिए पाँच सुझाव प्रस्तुत हैं।

पहला, अच्छे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य, अच्छे संबंधों तथा उत्पादक और नवाचारी बने रहने पर ध्यान देना आवश्यक है। पिछले 50 वर्षों के शोध से यह स्पष्ट हुआ है कि खुशी स्वास्थ्य, संबंधों, उत्पादकता और नवाचार में सहायक होती है। खुशी के साथ शोधकर्ता का मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, संबंध मजबूत होते हैं और काम की गुणवत्ता भी बढ़ती है। इसलिए, एक शोधकर्ता के लिए, व्यावहारिक दृष्टिकोण से, खुशी को गंभीरता से लेना और उसे दैनिक जीवन में शामिल करना आवश्यक है।

दूसरा, असुरक्षाओं का समाधान है–नियमित रूप से और एकाग्र मन से काम करना। असुरक्षा की भावना को कम करने के लिए व्यक्ति को उन्हीं बातों पर ध्यान देना चाहिए जो उसके नियंत्रण में हैं। ऐसा करने से पीएचडी शोधार्थी को उच्च गुणवत्ता वाले दैनिक शोध पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और नौकरी या भविष्य से जुड़ी चिंताओं में नहीं उलझना चाहिए। केंद्रित, समर्पित और गुणवत्तापूर्ण कार्य भविष्य की असुरक्षाओं के विरुद्ध सबसे अच्छा संरक्षण है।

तीसरा, हास्यबोध बनाए रखना चाहिए और चीज़ों को व्यक्तिगत या अत्यधिक गंभीर रूप से नहीं लेना चाहिए। मेहनत और ईमानदारी से काम करना जरूरी है, लेकिन साथ ही स्वयं पर हँसना और बातों को हल्के में लेना भी सीखना चाहिए। हास्यबोध विकसित करके, स्वयं पर हँसकर और चीज़ों को बहुत गंभीरता से न लेकर, व्यक्ति कठिन समय में भी लचीलापन बनाए रख सकता है और आगे बढ़ता रह सकता है।

चौथा, परिणाम की अत्यधिक चिंता करने के बजाय शोध की प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। दिशा के लिए लक्ष्य होना आवश्यक है, लेकिन मुख्य ध्यान रोज़मर्रा की प्रक्रिया पर होना चाहिए। सिद्धांत और शोध दोनों यह दर्शाते हैं कि परिणाम के बजाय प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित करने से अच्छे परिणाम प्राप्त होते हैं।

पाँचवाँ और अंतिम, हर दिन सीखते रहना और स्वयं में सुधार करते रहना चाहिए। निरंतर सीखने और निरंतर सुधार के माध्यम से उच्च गुणवत्ता का कार्य किया जा सकता है। अच्छा कार्य और अच्छा परिणाम वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों से निपटने में सहायक होता है।

ये पाँच कदम पीएचडी शोध यात्रा का सामना करने का एक अच्छा तरीका हैं। खुश रहकर, शोध प्रक्रिया का आनंद लेकर और लगातार सीखते व सुधार करते हुए, व्यक्ति वर्तमान का आनंद ले सकता है और भविष्य से जुड़ी असुरक्षाओं को भी कम कर सकता है।

लेखक डॉ राजेश के पिलानिया, मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट, गुरुग्राम में प्रोफेसर हैं। वे भारत के हैप्पीनेस प्रोफेसर और भारत के हैप्पीनेस गुरु के रूप में प्रसिद्ध हैं।

# बच्चों को हिंसक बनाता डिजिटल संसार

*गाजियाबाद की घटना उन सभी के लिए एक चेतावनी है, जो अपने बच्चों पर भरोसा किए बैठे हैं कि उनका बच्चा बंद कमरे में मोबाइल चलाते हुए सुरक्षित है। इस घटना के बाद से कई माता-पिता अपने बच्चों को लेकर मनोचिकित्सकों के पास पहुंच रहे हैं। साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट बताते हैं कि टास्क-बेस्ड गेम में डिजिटल कंटेंट को नाबालिग वर्ग तक बड़ी चतुराई से पहुंचाया जाता है। सर्वेक्षण बताते हैं कि किशोर-किशोरियों के बीच कोरियाई, चीनी एवं जापानी कंटेंट को बिटक्वाइन मुद्रा का लालच देकर भी योजनाबद्ध तरीके से उन तक पहुंचाया जा रहा है। बीते दिनों संसद में प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण में भी कहा गया है कि इंटरनेट मीडिया और अन्य आनलाइन प्लेटफार्म्स पर बच्चों और किशोरों की बढ़ती निर्भरता उनकी पढ़ाई और मानसिक स्वास्थ्य के साथ उनके सामाजिक जीवन को भी बुरी तरीके से प्रभावित कर रही है। इससे निपटने के लिए आनलाइन कंपनियों को उम्र सत्यापन के लिए जिम्मेदार बनाने और बच्चों के लिए सरल एवं सुरक्षित डिजिटल उपकरणों को बढ़ावा देने की सिफारिश की गई है। आस्ट्रेलिया और फिनलैंड में 15 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए इंटरनेट मीडिया पर प्रतिबंध के लिए कानून लागू हैं। फ्रांस की नेशनल असेंबली में ऐसा कानून लाने पर सहमति बन चुकी है। ब्रिटेन, डेनमार्क और ग्रीस भी इससे जुड़ा कानून बनाने की तैयारी में हैं। भारत में एक अरब*




पिछले दिनों गाजियाबाद में तीन नाबालिग बहनों ने अपने आवास की नौवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। 12,14,16 साल की आयु अपने जीवन के सपनों को बुनने और उन्हें बड़े लक्ष्यों के साथ पूरा करने की होती है, मगर लगता है इस उम्र में समाज और परिवार की वास्तविक दुनिया को छोड़कर आभासी दुनिया, गेमिंग और डिजिटल मीडिया की गिरफ्त में आकर बचपन हिंसा की ओर मुड़ चला है। तीनों को कोरोना काल से ही कोरियाई लव गेम, कोरियाई ड्रामे, गाने और मूवी देखने की लत लग गई थी। वे तीनों कोरियाई संस्कृति से इतनी प्रभावित थीं कि अपने नाम के साथ-साथ जीवनशैली को भी उसी संस्कृति के अनुरूप ढाल लिया था। टास्क-बेस्ड डिजिटल गेम्स ने इन लड़कियों को पहले किताबों से दूर किया, फिर उनकी वास्तविक दुनिया भी समाप्त कर डाली। कोरियाई गेम की लत के कारण ही उन्होंने स्कूल जाना बंद कर दिया। तीनों बहनों में एक बहन डेथ कमांडर की भूमिका निभाते हुए बाकी दोनों को टास्क पूरा कराने में भूमिका निभाती थी। तीनों लड़कियों के सुसाइड नोट से जुड़े शब्द आइ.एम.सारी पापा-मैं गेम नहीं छोड़ पा रही हूं, यही बताते हैं कि ये किशोरियां एक टास्क-बेस्ड डिजिटल गेम से जुड़ी पूर्व नियोजित योजना की शिकार थीं।

गाजियाबाद की घटना उन सभी के लिए एक चेतावनी है, जो अपने बच्चों पर भरोसा किए बैठे हैं कि उनका बच्चा बंद कमरे में मोबाइल चलाते हुए सुरक्षित है। इस घटना के बाद से कई माता-पिता अपने बच्चों को लेकर मनोचिकित्सकों के पास पहुंच रहे हैं। साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट बताते हैं कि टास्क-बेस्ड गेम में डिजिटल कंटेंट को नाबालिग वर्ग तक बड़ी चतुराई से पहुंचाया जाता है। सर्वेक्षण बताते हैं कि किशोर-किशोरियों के बीच कोरियाई, चीनी एवं जापानी कंटेंट को बिटक्वाइन मुद्रा का लालच देकर भी योजनाबद्ध तरीके से उन तक पहुंचाया जा रहा है। बीते दिनों संसद में प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण में भी कहा गया है कि इंटरनेट मीडिया और अन्य आनलाइन प्लेटफार्म्स पर बच्चों और किशोरों की बढ़ती निर्भरता उनकी पढ़ाई और मानसिक स्वास्थ्य के साथ उनके सामाजिक जीवन को भी बुरी तरीके से प्रभावित कर रही है।

इससे निपटने के लिए आनलाइन कंपनियों को उम्र सत्यापन के लिए जिम्मेदार बनाने और बच्चों के लिए सरल एवं सुरक्षित डिजिटल उपकरणों को बढ़ावा देने की सिफारिश की गई है। आस्ट्रेलिया और फिनलैंड में 15 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए इंटरनेट मीडिया पर प्रतिबंध के लिए कानून लागू हैं। फ्रांस की नेशनल असेंबली में ऐसा कानून लाने पर सहमति बन चुकी है। ब्रिटेन, डेनमार्क और ग्रीस भी इससे जुड़ा कानून बनाने की तैयारी में हैं। भारत में एक अरब से अधिक इंटरनेट यूजर्स हैं। इनमें से 50 करोड़ से अधिक यूट्यूब, 40 करोड़ से अधिक फेसबुक तथा 48 करोड़ से अधिक इंस्टाग्राम यूजर हैं। इंटरनेट मीडिया के इन प्लेटफार्म्स पर 75 प्रतिशत से अधिक यूजर्स कम उम्र के हैं। इसके कारण उनमें नींद की कमी, कम एकाग्रता, घबराहट, अवसाद एवं आत्मविश्वास में कमी और साइबर बुलिंग के मामले भी सामने आ रहे हैं। इनके कारण बच्चों का शैक्षणिक प्रदर्शन भी लगातार प्रभावित हो रहा है।

परिवार के विखंडन के इस दौर में सबसे अधिक बचपन प्रभावित हुआ है। दादा-दादी, नाना-नानी के संरक्षण में कहानियां सुनने वाला बचपन अब कंप्यूटर, इंटरनेट, टीवी, वीडियो और मोबाइल गेम्स जैसे संचार माध्यमों के बीच की मशीनी दुनिया के साथ विकसित हो रहा है। बच्चों के इस मनो-शारीरिक विकास में दैहिक समाज नदारद है। आज आर्थिक दबावों के समक्ष माता-पिता को भी इतनी फुरसत नहीं है, जो बच्चे को यह बता सकें कि जीवन में उसके लिए चीजों को चयन करने की दिशा क्या होगी।

बच्चों को अपने सामने बिठा कर संस्कृति और सांस्कृतिक मूल्यों की सीख देने वाले परिवार और स्कूल भी उनसे दूर हो रहे हैं। बच्चों का बचपन मनोरंजन की दैहिक दुनिया से छिटककर संचार माध्यमों की दुनिया तक सिमट रहा है, जहां उनके मनपसंद कार्यक्रम चयन का अपना भरा-पूरा यांत्रिक संसार है। बच्चों के विवेक हरण एवं चेतना के दमन का कार्य करते हुए ये सभी साधन उनके जीवन को रोमांचक बना रहे हैं। इसी दौरान कभी-कभी टास्क बेस्ड रोमांच उन्हें आत्मघात की ओर भी ले जाता है।

इक्कीसवीं सदी में पारस्परिकता, वैयक्तिकता, प्रेम, बंधुत्व, मनुष्यता, सहानुभूति एवं मानवीय संवेदना जैसे मूल्यों का अभाव है। इससे सबसे अधिक बच्चों का बचपन ही प्रभावित हो रहा है। संचार माध्यमों ने इन बच्चों को भी उपभोक्ता बना कर रख दिया है। परिणामस्वरूप बच्चे भी इस बाजार की गलाकाट होड़ का हिस्सा बनते जा रहे हैं। बच्चों की इस पीढ़ी में सफलता प्राप्त करने की तीव्र इच्छा तो है, परंतु जीवन में असफलता की स्थिति में धैर्य एवं संयम का पूर्णतः अभाव है।

## सम्पादकीय

# शब्दों का फेर या कूटनीतिक जीत? बाध्यकारी शर्तों से मुक्त हुआ भारत



भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते का अंतिम स्वरूप में पहुंचना अभी बाकी है, लेकिन इस बीच इसके अहम बिंदुओं के नफे-नुकसान के मसले पर जो बहस चल रही है, उसके असर भी सामने आ रहे हैं। गौरतलब है कि दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते के शुरुआती स्वरूप में कई अन्य अमेरिकी वस्तुओं सहित कुछ दालों पर भी भारत की ओर से शुल्क कम या समाप्त करने की खबर आई थी। मगर भविष्य में भारतीय कृषि और किसानों पर इसका व्यापक असर पड़ने की आशंका जताई गई। अब अमेरिका की ओर से जारी नए तथ्य-पत्र में कई महत्त्वपूर्ण संशोधन किए गए हैं और कुछ शब्दों में भी बदलाव किया गया है। मसलन, समझौते के प्रारूप में पहले जहां भारत की ओर से पांच सौ अरब डालर से अधिक मूल्य के अमेरिकी उत्पाद खरीदने को 'प्रतिबद्धता' बताया गया था। वहीं संशोधित संस्करण में इसे खरीदने के 'इरादे' के रूप में पेश किया गया है। यानी यह नियम अब भारत के लिए बाध्यकारी नहीं होगा। इसके अलावा, संशोधन के बाद समझौते के प्रारूप में से कई कृषि वस्तुओं, खासकर दालों को इस सूची से बाहर करने की खबर है। इसके बाद स्वाभाविक ही भारतीय कृषि क्षेत्र में अमेरिका की ओर से खड़ी होने वाली प्रतिस्पर्धा से राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। यों भी, भारत दालों के मामले में विश्व का सबसे बड़ा उत्पादक देश है। इसी वजह से खासतौर पर दालों को किसी भी व्यापार समझौते में कृषि क्षेत्र के लिए बेहद महत्त्वपूर्ण और संवेदनशील मुद्दा माना जाता रहा है। हाल ही में जब दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते में सहमति के स्तर तक पहुंचने की खबरें आई थीं, तब अमेरिका की ओर से शुल्क अठारह फीसद करने सहित इसके सकारात्मक पहलुओं की खासी चर्चा हुई थी। मगर कृषि तथा अन्य उत्पादों के संबंध में भारत के रुख को लेकर कई तरह की चिंता भी उभरी थी। यह आशंका जताई गई कि अगर अमेरिकी कृषि उत्पादों तथा अन्य वस्तुओं को भारत में निर्बाध छूट दी गई, तो यहां के कृषि क्षेत्र पर इसका व्यापक असर पड़ेगा। इसीलिए किसानों की ओर से विरोध के स्वर भी उभरे। विपक्षी दलों ने भी ऊर्जा सुरक्षा और किसानों की अनदेखी का आरोप लगाया। इन उतार-चढ़ावों के बीच व्यापार समझौते के प्रारूप में अब जिन बदलावों की खबर आई है, वह भारत के लिए सकारात्मक और राहत की बात साबित हो सकती है। इसमें कोई दोराय नहीं कि भारत और अमेरिका के बीच कारोबारी साझेदारी कसौटी पर तभी उचित साबित हो सकती है, जब इसमें परस्पर और समान हित पर आधारित शर्तें शामिल हों। अंतरराष्ट्रीय व्यापार के मामले में अमेरिका और भारत की स्थिति को एक समान आधार पर नहीं देखा जा सकता। इसलिए दोनों देशों के बीच होने वाले समझौते में संतुलन के कारक संदर्भों पर निर्भर करेंगे। भारत अगर अमेरिकी उत्पादों के लिए अपना बाजार बिना कोई शर्त लगाए खोलता है, तो कई ऐसे क्षेत्र हैं, जिनके सामने प्रतिस्पर्धा एक चुनौती बन कर खड़ी हो सकती है।

# सवालों के घेरे में राहुल की नेतृत्व क्षमता

*एक और अनुभवी एवं वरिष्ठ नेता राशिद अल्वी भी पार्टी आलाकमान से असंतुष्ट हैं। अल्वी का कहना है कि कि पार्टी में आंतरिक संवाद के लिए कोई जगह नहीं और यहां तक कि वरिष्ठ नेताओं के लिए भी शीर्ष नेतृत्व तक पहुंच टेढ़ी खीर है। जबकि इंदिरा गांधी और राजीव गांधी जैसे दिग्गजों के समय में भी पार्टी कार्यकर्ताओं को उनसे समय मिलने में समस्या नहीं होती थी। अल्वी के अनुसार उन्हें यह देखकर दुख होता है कि कांग्रेस मुस्लिम वोट बैंक का उपयोग तो करती है, लेकिन मुसलमानों की परवाह नहीं करती। पार्टी की नीतियों से कोई संकेत नहीं मिलता कि मुस्लिमों के जीवन की दशा-दिशा सुधारने की उसकी कोई मंशा है। पार्टी से निराश मुस्लिम नेताओं में एक नाम नसीमुद्दीन सिद्दीकी का भी है। जमीन से जुड़ाव रखने वाले सिद्दीकी बसपा के वरिष्ठ नेताओं में गिने जाते थे। बसपा से किनारा कर कांग्रेस से जुड़ने वाले*

कांग्रेस में राहुल गांधी की नेतृत्व क्षमता को लेकर सवालों का सिलसिला जोर पकड़ रहा है। बीते दिनों कुछ मुस्लिम नेताओं ने उनके विरुद्ध मोर्चा खोला है। निश्चित रूप से यह उनकी पार्टी के लिए शुभ संकेत नहीं, जो अपने वजूद के लिए एक बड़ी हद तक मुस्लिम मतदाताओं पर निर्भर है। स्वतंत्रता के बाद से ही मुस्लिम वोट बैंक पर पकड़ रखने वाली कांग्रेस से अगर मुस्लिमों का ही मोहभंग हो रहा है तो यह उसके लिए बड़े खतरे की घंटी है। राहुल की नेतृत्व क्षमताओं पर सवाल उठाने वालों में एक नाम पार्टी के वरिष्ठ नेता रहे डा. शकील अहमद का है। बिहार के पारंपरिक कांग्रेसी परिवार से आने वाले शकील अहमद कई बार विधायक, सांसद और मंत्री भी रहे हैं। उन्होंने राहुल पर आरोप लगाया कि वे 'डरपोक' हैं।



उन्हें वरिष्ठ नेताओं के साथ काम करने में असहजता होती है, क्योंकि उन्हें 'आप' कहकर संबोधित करना पड़ता है। यह उन्हें रास नहीं आता। अहमद ने राहुल को अहंकारी, विशेषाधिकारों से ग्रस्त और असुरक्षित भी बताया है। अहमद का कहना है कि उन्होंने राहुल से अधिक असुरक्षित नेता देखा ही नहीं। वे वोट चोरी जैसे मुद्दे उठाकर परिदृश्य से गायब हो जाते हैं। मल्लिकार्जुन खरगे को कठपुतली अध्यक्ष बताते हुए अहमद ने कहा कि पार्टी के सभी बड़े निर्णय राहुल गांधी ही लेते हैं। अहमद ने यहां तक कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने पार्टी कार्यकर्ताओं को उनके पटना और मधुबनी स्थित आवास पर हमले का निर्देश भी दिया। एक और अनुभवी एवं वरिष्ठ नेता राशिद अल्वी भी पार्टी आलाकमान से असंतुष्ट हैं। अल्वी का कहना है कि कि पार्टी में आंतरिक संवाद के लिए कोई जगह नहीं और यहां तक कि वरिष्ठ नेताओं के लिए भी शीर्ष नेतृत्व तक पहुंच टेढ़ी खीर है। जबकि इंदिरा गांधी और राजीव गांधी जैसे दिग्गजों के समय में भी पार्टी कार्यकर्ताओं को उनसे समय मिलने में समस्या नहीं होती थी। अल्वी के अनुसार उन्हें यह देखकर दुख होता है कि कांग्रेस मुस्लिम वोट बैंक का उपयोग तो करती है, लेकिन मुसलमानों की परवाह नहीं करती। पार्टी की नीतियों से कोई संकेत नहीं मिलता कि मुस्लिमों के जीवन की दशा-दिशा सुधारने की उसकी कोई मंशा है। पार्टी से निराश मुस्लिम नेताओं में एक नाम नसीमुद्दीन सिद्दीकी का भी है। जमीन से जुड़ाव रखने वाले सिद्दीकी बसपा के वरिष्ठ नेताओं में गिने जाते थे। बसपा से किनारा कर कांग्रेस से जुड़ने वाले सिद्दीकी का भी पार्टी से मोहभंग हो गया। उनका कहना है कि व्यापक जनाधार के बावजूद कांग्रेस उन्हें कोई जिम्मेदारी नहीं दे रही थी और अनदेखी के कारण उन्हें पार्टी छोड़नी पड़ी। देखा जाए तो केवल मुस्लिम नेता ही नहीं, बल्कि अन्य वरिष्ठ नेता भी पार्टी में अपनी अनदेखी से क्षुब्ध नजर आ रहे हैं। ऐसे ही एक नेता शशि थरूर हैं। देश-विदेश में अपनी विद्वता से खास पहचान बनाने वाले थरूर किसी भी पार्टी के लिए बहुत उपयोगिता रखते हैं, लेकिन उन्हें अपने ही दल में उपेक्षा का शिकार होना पड़ा। उनकी उपेक्षा शकील अहमद के उन आरोपों को ही पुष्ट करती है कि पार्टी में सक्षम लोगों को किनारे किया जाता है। संभव है कि थरूर से आलाकमान की नाराजगी अध्यक्ष पद के लिए अपने प्रत्याशी खरगे के खिलाफ चुनाव लड़ने से लेकर आपरेशन सिंदूर के दौरान सरकारी दृष्टिकोण से सहमति जताने के कारण भी हो सकती है। जबकि आपरेशन सिंदूर में थरूर ने वही रुख अपनाया था, जो कोई भी सच्चा भारतीय अपनाता। आत्ममंथन का आह्वान करने वाले ऐसे नेताओं की बातों पर कान देने के बजाय पार्टी आलाकमान के करीबी उनके खिलाफ ही मोर्चा खोल देते हैं।

# रेरा को सही फटकार

सुप्रीम कोर्ट ने रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण अर्थात रेरा को जो कड़ी फटकार लगाई, उसके लिए वही उत्तरदायी है। इस प्राधिकरण का गठन जिन उम्मीदों के साथ किया गया था, वह उन पर खरा नहीं उतर पा रहा है। रेरा की लचर कार्यप्रणाली के चलते न जाने कितने लोग अदालतों का दरवाजा खटखटाने के लिए बाध्य होते हैं और सब जानते हैं कि वहां से न्याय मिलने में समय लगता है। रेरा की निराशाजनक कार्यप्रणाली को इससे समझा जा सकता है कि सुप्रीम कोर्ट को यह कहना पड़ा कि उसे बंद करना ही बेहतर है। उसने यह कठोर टिप्पणी भी की कि वह दिवालिया बिल्डरों को राहत देने के अलावा और कुछ नहीं कर रहा है। इसका



सीधा मतलब है कि वह फ्लैट खरीदारों के हितों की रक्षा करने के स्थान पर उन बिल्डरों की पक्षधरता करता है, जिन पर उसे निगाह रखनी चाहिए, ताकि वे अपने प्रोजेक्ट समय पर पूरा करें और उनमें मनमाने तरीके से बदलाव न कर सकें। भले ही सुप्रीम कोर्ट ने रेरा के खिलाफ कठोर टिप्पणी हिमाचल प्रदेश के एक मामले में की हो, लेकिन उसका यह आकलन तो लगभग सभी राज्यों के रेरा पर लागू होता है कि जिन लोगों के हितों की रक्षा के लिए इसे बनाया गया था, वे निराश और हताश हैं और उन्हें कोई प्रभावी राहत नहीं मिल रही। संभवतः इसीलिए उसने यहां तक कहा कि यदि इस संस्था को समाप्त भी कर दिया जाए तो उसे कोई आपत्ति नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि समय आ गया है कि सभी राज्य रेरा के नए सिरे से गठन पर विचार करें। इसमें संदेह है कि उसकी ओर से स्पष्ट निर्देश के बिना ऐसा हो सकेगा। उचित यह होगा कि केंद्र सरकार यह देखे कि सभी राज्यों के रेरा सही तरह काम करें, क्योंकि सबमें खामियां घर कर गई हैं। कई मामलों में यह देखने में आया है कि रेरा ने उन बिल्डरों का बचाव किया, जो फ्लैट खरीदारों से साफ तौर पर वादाखिलाफी कर रहे थे। यदि रेरा के अस्तित्व में होने के बाद भी देश भर में लाखों प्रोजेक्ट अटके पड़े हैं तो इसका अर्थ है कि कहीं कुछ बड़ी गड़बड़ है। बहुत दिन नहीं हुए, जब सुप्रीम कोर्ट के समक्ष ही यह उजागर हुआ था कि दिल्ली-एनसीआर समेत कई शहरों में बिल्डरों ने बैंकों से मिलकर लाखों फ्लैट खरीदारों के साथ ठगी की। यह ठगी सबवेंशन स्कीम के जरिये की गई।

## भागवत रस वर्षण में गूंजा महारासः 'खुश रहना ही सबसे बड़ी संपत्तिः श्रीजी महाराज

जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** जगन्नाथपुरा में 8 फरवरी से आयोजित भागवत रस वर्षण के छठे दिन शुक्रवार को महारास व रुक्मणि मंगल प्रसंग के माध्यम से श्रद्धालुओं को जीवन जीने की अनमोल सीख दी गई। कथा वाचन करते हुए अनंत श्री विभूषित जगद्गुरु निम्बार्काचार्य पीठाधीश्वर श्री श्याम शरण देवाचार्य श्रीजी महाराज ने कहा कि धनवान होना खुशी की गारंटी नहीं है, लेकिन जो व्यक्ति अपने जीवन में खुश है वही वास्तविक रूप से धनवान है। श्रीजी महाराज ने रुक्मणि मंगल प्रसंग सुनाते हुए बताया कि इस कथा के श्रवण से जिनके विवाह में विलंब होता है, उनके जीवन की बाधाएं दूर होती हैं। वहीं महारास प्रसंग में उन्होंने गोपियों के श्रीकृष्ण के प्रति समर्पण भाव का वर्णन करते हुए बताया कि लोक-लाज और मर्यादा को त्यागकर जब गोपियां प्रभु प्रेम में लीन हुईं तो श्रीकृष्ण ने महारास लीला रचाई। इस दिव्य लीला को देखकर देवी-देवता भी गोपी रूप धारण कर महारास में सम्मिलित हुए और प्रभु प्रेम में रंग गए। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि जीवन में आनंद प्राप्त करना है तो भगवान कृष्ण से किसी भी रूप में संबंध जोड़ें भाई, पिता या पुत्र के रूप में। कृष्ण प्रेम में लीन होकर जीवन में आनंद की वर्षा स्वतः होने लगती है, क्योंकि 'आनंद' शब्द का कोई विलोम नहीं होता। इस अवसर पर निम्बार्क परिकर सर्वेश्वर शर्मा ने कहा कि जिसके जीवन में रास है, उसी के जीवन में रस है और ईश्वर भक्ति व प्रेम के आगे स्वयं को समर्पित कर देते हैं।

श्रीजी महाराज के निजी परिकर ओम प्रकाश शर्मा ने कथा में पधारे विशिष्ट अतिथि आध्यात्मिक चिकित्सक आचार्य तरुण, समाजसेवी प्रवीण शर्मा व संत-महात्माओं का स्वागत कर गुरुदेव से आशीर्वाद दिलवाया। कथा उपरांत दिव्य आरती व भोग के बाद आयोजन समिति के नाथूलाल शर्मा ने टीम सहित श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की। आयोजक हनुमान कंडीरा ने सपरिवार आरती की।

## 5.53 करोड़ की ठगी का खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** पुलिस थाना फुलेरा पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 करोड़ 53 लाख 47 हजार 146 रुपये की ऑनलाइन ठगी करने वाले चार शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने एसबीआई बैंक फुलेरा में सांवरिया फैशन हब के नाम से चालू खाता खुलवाकर देशभर में साइबर फ्रॉड को अंजाम दिया। राशि डोगरा डूडी ने बताया कि जिले में साइबर अपराध पर सख्ती के निर्देश के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवलाल बैरवा, वृत्ताधिकारी अनुपम मिश्रा और थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई की गई। जांच में भारतीय स्टेट बैंक फुलेरा शाखा में खोले गए खाते के खिलाफ देश के विभिन्न राज्यों में नौ शिकायतें दर्ज मिलीं, जिनमें करोड़ों रुपये की ठगी सामने आई। पुलिस ने म्यूल अकाउंट अभियान के तहत समन्वय पोर्टल पर जांच कर खाताधारकों व संबंधित मोबाइल नंबर की जानकारी जुटाई। पूछताछ में आरोपियों ने फर्जी फर्म के नाम से खाता खुलवाकर ऑनलाइन ठगी करना स्वीकार किया। इस मामले में चारों आरोपियों जितेन्द्र सिंह, कमल चौधरी, दिनेश सिंह व लोकेश कुमार–को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस की ओर से मामले की विस्तृत जांच जारी है। कार्रवाई में थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार सहित पुलिस टीम के अन्य कार्मिकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बिजली बिल शिविर में उपभोक्ताओं को राहतः 93 उपभोक्ताओं ने जमा कराए 5.90 लाख रुपए



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जेवीवीएनएल के अधीक्षण अभियंता गोविंद सिंह के आदेशानुसार उपखंड राजाखेड़ा के सहायक अभियंता आनंद तिवारी के निर्देशन में शुक्रवार को 33/11 केवी जीएसएस राजाखेड़ा व 33/11 केवी जीएसएस मरैना पर उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान व विभागीय राजस्व वसूली के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर में सुबह से ही उपभोक्ताओं का पहुंचना शुरू हो गया, जो देर शाम तक जारी रहा। विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों ने उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनकर मौके पर ही बिलों में आवश्यक संशोधन कर समाधान किया। हाथोंहाथ समाधान मिलने से उपभोक्ताओं ने राहत महसूस की और बकाया राशि जमा करवाई। शिविर के दौरान कुल 93 उपभोक्ताओं ने अपने बिजली बिलों में सुधार करवाते हुए करीब 5 लाख 90 हजार रुपए नकद जमा कराए। शिविर में कनिष्ठ अभियंता विशाल जायसवाल, मयंक मिश्रा, रणवीर सिंह मूंड, वरिष्ठ टेक्निशियन अवधेश शर्मा, भूदेव प्रसाद, जगदीश सिंह, रमेश लोधी, राजेश कुमार, सोनेश कुमार, लक्ष्मण सिंह, गोपाल कुशवाह, आरओ मनोज कुमार सैनी सहित कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## संभागीय आयुक्त ने पीएचसी व आयुर्वेद चिकित्सालय तसीमो का किया निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** संभागीय आयुक्त नलिनी कठौतिया शुक्रवार को धौलपुर दौरे पर रही इस दौरान उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व आयुर्वेद चिकित्सालय तसीमो का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी रजिस्टर, दवा भंडार, वार्ड सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के समय पीएचसी के उपस्थित स्टाफ की ओर से विद्युत आपूर्ति की समस्या से अवगत कराते हुए पृथक ट्रांसफार्मर की आवश्यकता बताई गई। संभागीय आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके उपरांत संभागीय आयुक्त ने आयुर्वेद चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चिकित्सालय में उपलब्ध दवाइयों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। आयुर्वेद औषधी गुणकारी व उपचार में महत्वपूर्ण है। इसलिए इसका प्रचार-प्रसार अधिक से अधिक किया जाना सुनिश्चित करें।



# सेवा फेलोशिप के 'ग्रासरूट्स कनेक्ट कैंप' का जोधपुर में भव्य शुभारंभ

### थार के धोरों में 100 किलोमीटर की पदयात्रा करेंगे देश भर के युवा

जयपुर टाइम्स




**जोधपुर(निस)।** सेवा इंटरनेशनल के प्रतिष्ठित 'सेवा फेलोशिप' कार्यक्रम के अंतर्गत 10 दिवसीय 'ग्रासरूट्स कनेक्ट कैंप' का उद्घाटन कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के किसान कौशल विकास केंद्र में हर्षोल्लास के साथ हुआ। इस शिविर में भारत के 14 राज्यों से आए 21 युवा फेलो हिस्सा ले रहे हैं, जिन्हें जमीनी स्तर पर नेतृत्व और स्थायी विकास का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अंतरराष्ट्रीय पर्यावरणविद् व राजस्थान खम्मुराम बिश्नोई ने युवाओं को सिंगल यूज़ प्लास्टिक मुक्त भारत का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि सतत विकास के लिए हमारी जीवनशैली का प्लास्टिक मुक्त होना अनिवार्य है। हमारे सभी सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक आयोजन एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक से मुक्त होने चाहिए। हमें मेलों और ग्रामीण क्षेत्रों को स्वच्छ रखकर एक संगठित शक्ति के रूप में आगे बढ़ना होगा। कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. वीरेन्द्र सिंह जेतावत ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे नवाचारी कार्यक्रम युवाओं को समाज की वास्तविक चुनौतियों से रूबरू कराते हैं। सेवा इंटरनेशनल के कार्यकारी निदेशक जिनेश लाल ने 'सेवा फेलोशिप' के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह कार्यक्रम देश के युवाओं को संवेदनशील और कुशल नेतृत्व के लिए तैयार कर रहा है।

### क्या है 'ग्रासरूट्स कनेक्ट कैंप'?

यह शिविर केवल एक प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं, बल्कि युवाओं के भीतर सेवा, करुणा और सहानुभूति के भाव को जागृत करने का एक माध्यम है। शिविर के दौरान युवा फेलो वरिष्ठ सामाजिक नेतृत्व के मार्गदर्शन में 100 किलोमीटर की पैदल यात्रा करेंगे। इस दौरान वे ग्रामीणों के साथ संवाद करेंगे, उनके जीवन की कठिनाइयों को समझेंगे और सामाजिक बदलाव के लिए 'इंटरवेंशन डिजाइन' व 'नेतृत्व कौशल' पर कार्यशालाओं में हिस्सा लेंगे।

### 14 से 19 फरवरी तक बाड़मेर में पदयात्राः

शिविर का मुख्य आकर्षण बाड़मेर के सीमावर्ती इलाकों में होने वाली पदयात्रा है। 14 से 19 फरवरी तक थार के रेगिस्तान में चलने वाली इस यात्रा में फेलो बाड़मेर में चल रहे विभिन्न प्रोजेक्ट्स को देखेंगे। यह यात्रा इन युवाओं को ग्रामीण भारत की वास्तविकताओं से सीधे तौर पर जोड़ेगी। उद्घाटन सत्र में सेवा इंटरनेशनल की टीम सहित देश भर से आए युवा प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

## संकरी सड़क व अतिक्रमण से मकराना सदर बाजार की ट्रैफिक व्यवस्था चरमराई

### मस्जिद के पीछे मार्ग पर पैदल यात्रियों को हर समय हादसे का डर, जाम बना रोज़ की समस्या



जयपुर टाइम्स

**मकराना(निस)।** शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों में शुमार सदर बाजार इन दिनों बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था के चलते आमजन के लिए परेशानी का कारण बनता जा रहा है। बाजार स्थित मस्जिद के पास संकरी सड़क पर बढ़ते अतिक्रमण, दुकानदारों की ओर से सड़क तक सामान फैलाकर व्यापार करने और वाहनों की अनियंत्रित आवाजाही से आए दिन जाम की स्थिति बन रही है। इसका सबसे अधिक खामियाजा पैदल यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मस्जिद के पीछे के दरवाजे के सामने सड़क पहले से ही संकरी है, ऐसे में दुकानदारों की ओर से सड़क पर सामान रखने से मार्ग और संकुचित हो जाता है। परिणामस्वरूप वाहन बीच सड़क पर रुक जाते हैं और लंबा जाम लग जाता है। इस दौरान पैदल यात्रियों को बेहद तंग जगह से गुजरना पड़ता है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि सुबह और शाम के समय ट्रैफिक पुलिस की नियमित तैनाती नहीं होने से स्थिति और अधिक बिगड़ जाती है। अनियमित निगरानी के कारण वाहन चालक मनमाने तरीके से वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे जाम की समस्या लगातार बनी रहती है। दुकानदारों को सख्त चेतावनी देकर सड़क पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए नगर परिषद व पुलिस की ओर से संयुक्त अभियान चलाया जाए। मस्जिद वाली सड़क को एकतरफा मार्ग घोषित करने या चौड़ीकरण पर विचार किया जाए, जिससे यातायात सुचारू हो सके। सुबह व शाम के व्यस्त समय में ट्रैफिक पुलिस की नियमित तैनाती सुनिश्चित की जाए, ताकि जाम की समस्या पर नियंत्रण पाया जा सके।

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से शीघ्र प्रभावी कदम उठाकर सदर बाजार की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने की मांग की है, ताकि पैदल यात्रियों व वाहन चालकों को राहत मिल सके।

## पिता ने 8 माह की मासूम बेटी की कैंची से गला काटकर की हत्या

जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** कस्बे में एक पिता ने मासूम बेटी की हत्या कर दी। कैंची से गला काट कर शव कंबल में छुपा दिया। हत्या के बाद खुद ने भी सुसाइड की कोशिश की। पहले खुद के गले पर कैंची मारी और फिर फंदे पर लटक कर जान देने की कोशिश की। मालपुरा गेट थाना पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर बच्ची का शव परिजनों के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी पिता को 12 फरवरी की रात गिरफ्तार कर लिया और फिलहाल पूछताछ कर रही है।

सूत्रों के अनुसार, उत्तर प्रदेश के बहराइच के रहने वाले सादाब (19) पुत्र मोहम्मद शरीफ की शादी जुलाई 2025 में मालपुरा गेट की अंबेडकर कॉलोनी निवासी रूकसार बानो (19) से हुई थी। दंपती के 8 महीने की बेटी सहनाज थी। तीनों उत्तर प्रदेश में ही रहते थे। करीब 6 दिन पहले सादाब पत्नी और बेटी को लेकर सुसराल आया था। 6 फरवरी को सुबह करीब 10 बजे सादाब और रूकसार के बीच गांव लौटने की बात को लेकर झगड़ा हो गया। रूकसार ने 4-5 दिन ओर रुकने की बात कही तो सादाब ने उसके साथ मारपीट कर दी और गला दबाकर मारने की कोशिश की। इस दौरान रूकसार के भाई सोहिल ने धक्का देकर सादाब को दूर किया।

### पड़ोसियों ने किया बीच-बचाव

धक्का देने पर नाराज सादाब ने सोहिल के साथ भी मारपीट करने लगा और सोहिल के सिर पर स्टील की केतली से हमला कर दिया। झगड़ा बढ़ता देख रूकसार ने पड़ोसियों से बचाने की गुहार लगाई। पड़ोसियों ने सादाब को पकड़कर अलग किया और दोनों को बचाया। इसके बाद सादाब ने बेटी सहनाज को सोहिल की गोद से छीना और कमरे में घुस गया। अंदर से गेट लगाने के बाद बेटी सहनाज का कैंची से गला काट दिया। बच्ची को मारने के बाद कंबल में लपेटकर रख दिया और खुद के गले पर भी कैंची से वार किया। इसके बाद फंदा लगाकर जान देने की कोशिश की। गेट तोड़ा तो दंग रह गए। सादाब ने गेट नहीं खोला। पड़ोसियों की मदद से गेट तोड़कर अंदर घुसे तो सादाब फंदे से लटका मिला। लोगों ने उसे पकड़कर फंदे से उतारा। रूकसार ने बेटी को देखा तो वह नजर नहीं आई। इसके बाद कंबल हटाई तो बच्ची लहूलुहान हालत में मिली। कैंची से उसका गला काटा हुआ था। परिजनों ने उसे गंभीर हालत में हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर मालपुरा गेट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पोस्टमॉर्टम के लिए शव को मॉर्च्यूरी में रखवाया। पुलिस ने रूकसार की शिकायत पर सादाब के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया।

### हॉस्पिटल से छुट्टी मिलते ही आरोपी गिरफ्तार :

एसएचओ उदयभान यादव ने बताया कि बेटी को मारने के बाद आरोपी ने सुसाइड का प्रयास किया था। उसके गले पर कैंची से वार का निशान है। फंदा लगाने के कारण बेहोशी की हालत में उसे एसएमएस हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया। इलाज के बाद छुट्टी मिलने पर गुरुवार रात को आरोपी सादाब को अरेस्ट कर लिया।

## जल जीवन मिशन में गड़बड़ी पर सरकार सख्तः 206 राज सेवक चिन्हित, 23 अधिकारी निलंबितः पीएचईडी मंत्री

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** प्रदेश में जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन में सामने आई अनियमितताओं को लेकर सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने शुक्रवार को विधानसभा में बताया कि मिशन के तहत फर्जी प्रमाणपत्रों के आधार पर प्राप्त निविदाओं को निरस्त करते हुए संबंधित संवेदकों के विरुद्ध पंजीयन नियमों के अनुसार कार्रवाई की गई है। वहीं वित्तीय नियमों की अवहेलना व निम्न गुणवत्ता के कार्यों में लिप्त अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय तथा संवेदकों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है। मंत्री ने बताया कि जल जीवन मिशन से जुड़े भ्रष्टाचार के मामलों में अब तक 206 राजसेवकों को चिन्हित किया गया है, जिनमें से 68 के विरुद्ध सीसीए नियम-16 के तहत आरोप पत्र जारी किए जा चुके हैं, जबकि 23 अधिकारियों को निलंबित किया गया है। इसके अलावा 18 अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अनुच्छेद 17-ए के अंतर्गत कार्रवाई की अनुमति दी गई है। विभिन्न प्रकरणों में अब तक 12 गिरफ्तारियां भी हो चुकी हैं, जिनमें एक पूर्व मंत्री, तीन अभियंता और संवेदक व उनका स्टाफ शामिल है। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन से जुड़े मामलों में 53 संवेदकों व दो तृतीय पक्ष जांच एजेंसियों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। इनसे अब तक 5.34 करोड़ रुपये की वसूली की जा चुकी है, जबकि 3.77 करोड़ रुपये की वसूली प्रक्रियाधीन है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार जयपुर शहर की वर्तमान व भविष्य की पेयजल आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बीसलपुर-जयपुर पेयजल परियोजना स्टेज- द्वितीय फेज-प्रथम के तहत कार्य कर रही है। इस परियोजना के अंतर्गत इन्टेक पम्प हाउस पर पम्प बदलने, सूरजपुरा में 216 एमएलडी क्षमता के नवीन जल शोधन संयंत्र के निर्माण तथा रेनवाल में 30 एमएलडी के दो स्वच्छ जलाशयों सहित अन्य कार्यों के लिए 173.16 करोड़ रुपये का कार्यादेश 12 मार्च 2020 को जारी किया गया था। परियोजना के तहत सूरजपुरा में निर्मित जलशोधन संयंत्र के ट्रायल रन के दौरान संयंत्र का पूर्ण डिजाइन क्षमता के अनुरूप कार्य नहीं करना पाया गया, जिस पर विभाग की ओर से संवेदक को नोटिस जारी कर तकनीकी कमियों को दूर करने के निर्देश दिए गए हैं। परियोजना में मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जयपुर को स्वतंत्र विशेषज्ञ संस्थान के रूप में नियुक्त किया गया है। संस्थान की तकनीकी रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद संयंत्र के पुनरुत्थान अथवा नवीनीकरण का कार्य संवेदक की ओर से अपने खर्चे पर किया जाएगा, जिससे विभाग पर कोई अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं आएगा। मंत्री चौधरी 16वीं राजस्थान विधानसभा के पंचम सत्र के दौरान मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ की ओर से लाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव संख्या-35 के जवाब में यह जानकारी दे रहे थे। वर्तमान में परियोजना का कार्य प्रगतिरत है तथा अनुबंध अंतरिम रूप से 31 मार्च 2026 तक बढ़ाया गया है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता समाज की मजबूत आधारशिलाः ऋषिराज

जयपुर टाइम्स



**फुलेरा(निस)।** महिला सशक्तिकरण और बाल विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से वार्ड नंबर 19 स्थित सामुदायिक भवन में महिला बाल विकास परियोजना विभाग की ओर से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम उत्साह, गरिमा और प्रेरणादायक माहौल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं की सीखने की ललक और सेवा भावना की सशक्त झलक देखने को मिली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी ऋषि राज कपिल ने अपने संबोधन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को समाज की मजबूत आधारशिला बताते हुए उनके समर्पण और निस्वार्थ सेवा की सराहना की। कार्यक्रम महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी सपना मौर्य के निर्देशन में आयोजित हुआ तथा अध्यक्षता महिला पर्यवेक्षक मनीषा अग्रवाल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता सुमित्रा नाथावत व पूजा भाटी की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम के सफल संचालन में वरिष्ठ सहायक भगवान सहाय दिवान सहित महिला पर्यवेक्षक चित्रा वर्मा, वंदना कुमावत, शांति वर्मा, बिनु पाठक, सुमन सैनी एवं ललिता कुमावत का विशेष योगदान रहा। प्रशिक्षण के दौरान बाल पोषण, मातृ स्वास्थ्य, सामुदायिक सहभागिता व प्रभावी सेवा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन दिया, जिससे कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार हुआ।इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सांभर परियोजना की 162 कार्यकर्ताओं की प्रभावशाली उपस्थिति रही, जिसने पूरे आयोजन को जीवंत और प्रेरणादायक बना दिया।

## एनसीडी स्क्रीनिंग व आयुष्मान योजना में लापरवाही बर्दाश्त नहींः डॉ.धर्मसिंह मीणा



### चिकित्सा अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी बनाने के लिए जिले के समस्त चिकित्सा अधिकारियों की समीक्षा बैठक मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ धर्मसिंह मीणा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें एनसीडी कार्यक्रम व मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने कहा कि एनसीडी कार्यक्रम के अंतर्गत 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के व्यक्तियों की नियमित स्क्रीनिंग, हाइपरटेंशन व डायबिटीज रोगियों की पहचान तथा उनका सतत फॉलोअप प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि चिन्हित रोगियों का समयबद्ध उपचार व दवा उपलब्धता में किसी प्रकार की शिथिलता न रहे। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों का अधिक से अधिक पंजीयन, ई-कार्ड निर्माण तथा समय पर उपचार स्वीकृति सुनिश्चित की जाए, ताकि जरूरतमंदों को गुणवत्तापूर्ण व निःशुल्क उपचार का लाभ मिल सके। बैठक में उप मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ चेतराम मीणा ने अधिकारियों ने फील्ड स्तर पर आ रही चुनौतियों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सा अधिकारी समन्वय व प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए जिले को स्वास्थ्य संकेतकों में अग्रणी बनाने का प्रयास करें। बैठक के दौरान डीपीओ डॉ. महेंद्र सांखला व डीपीसी आयुष्मान डॉ. मोहन पुजारी, दीपक कुमार शर्मा सहित सभी चिकित्सा अधिकारी प्रभारी मौजूद रहे।

विधानसभा में आपत्तिजनक इशारों का आरोप

## जयवीर सिंह पोसवाल ने की कार्रवाई की मांग

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** राजस्थान विधानसभा के भीतर कथित रूप से किए गए अशोभनीय एवं आपत्तिजनक इशारों को लेकर राजनीतिक प्रतिक्रिया सामने आई है। जयवीर सिंह पोसवाल ने राजाखेड़ा विधायक रोहित बोहरा के व्यवहार को निंदनीय व दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इसे लोकतांत्रिक मर्यादाओं व सदन की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि जनता अपने जनप्रतिनिधियों को विकास, शिक्षा, रोजगार और जनहित से जुड़े मुद्दों पर गंभीर चर्चा के लिए सदन में भेजती है, न कि इस प्रकार के आचरण के लिए। एक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि की ओर से इस तरह का व्यवहार पूरे समाज के लिए चिंताजनक है। पोसवाल ने विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विधायक के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि विधानसभा सदस्यता निरस्त करने सहित ऐसे कदम उठाए जाएं, जिससे भविष्य में सदन की गरिमा के साथ खिलवाड़ करने वालों को कड़ा संदेश मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकरण की चर्चा प्रदेश से बाहर भी हो रही है, जिससे राज्य की छवि प्रभावित हुई है। ऐसे में लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई आवश्यक है।



# फिल्में समाज का आईना होती हैं; वे जिंदगी को वैसा ही दिखाती हैं, जैसा है

अभिनेत्री जोया आफरोज इन दिनों वेब सीरीज तस्करी को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। उन्होंने हाल ही में बताया कि इंडस्ट्री धर्म को लेकर कभी भेदभाव नहीं करती है। अभिनेत्री ने हाल ही में फिल्म 'गांधी टॉक्स' की स्क्रीनिंग में शिरकत की थी। इस साइलेंट फिल्म का संगीत मशहूर संगीतकार ए. आर. रहमान ने दिया है। स्क्रीनिंग के दौरान अभिनेत्री ने बातचीत की। इस बातचीत में उन्होंने ए. आर. रहमान के 'कम्युनल' वाले बयान को सिरे से नकारते हुए कहा कि उनके धर्म के होने के बावजूद अभिनेत्री को फिल्म इंडस्ट्री में अब तक धर्म के आधार पर किसी भी तरह का भेदभाव झेलना नहीं पड़ा। जोया ने कहा, 'मेरा पर्सनल अनुभव अब तक ऐसा नहीं रहा है, और मुझे उम्मीद है कि आगे भी ऐसा नहीं होगा। हमारे देश में हम एकता और विविधता का जश्न मनाते हैं। मुझे लगता है कि हमें यही भावना हमेशा बनाए रखनी चाहिए।' जोया ने आगे फिल्मों की सामाजिक जिम्मेदारी पर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा, 'फिल्में समाज का आईना होती हैं; वे जिंदगी को वैसा ही दिखाती हैं, जैसा है। अगर कोई फिल्म बच्चों के लिए नहीं है, तो उन्हें नहीं दिखानी चाहिए। इसीलिए सर्टिफिकेशन सिस्टम है। मुझे लगता है कि इसे ऐसे ही रखना चाहिए।' 'गांधी टॉक्स' की बात करें तो यह फिल्म गांधी जी की तस्वीर को नोटों पर देखने और उनके आदर्शों के बीच के फर्क की कहानी को दिखाती है। इसकी कहानी एक ऐसे युवा व्यक्ति के ईर्द-गिर्द घूमती है, जो पैसों के लिए संघर्ष करता है। उसकी जिंदगी में एक चोर की एंट्री होती है और यहीं से कहानी एक नया मोड़ लेती है। फिल्म व्यंग्य के जरिए समाज और मूल्यों पर सवाल उठाती है।



# मैं फेल हो सकती हूं मगर हार नहीं मानूंगी

साउथ फिल्म इंडस्ट्री की उभरती एक्ट्रेस पायल राजपूत ने अपनी मेहनत और संघर्ष की कहानी के साथ अपने मजबूत इरादे को जाहिर किया। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि वह कभी हार नहीं मानेंगी। पायल ने स्पष्ट किया कि इंडस्ट्री में कुछ लोग उन्हें एक्टिंग छोड़ने के लिए मजबूर करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वे दृढ़ हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा, 'वे चाहते हैं कि मैं छोड़ दूं, और मैं खुद से सवाल करती हूं कि क्या मुझे ऐसा करना चाहिए। लेकिन फिर मैं पिछले 12 सालों में की गई कड़ी मेहनत के बारे में सोचती हूं। इसलिए मैं खुद से कहती हूं नहीं, मैं फेल हो सकती हूं, लेकिन हार नहीं मानूंगी।' नेपोटिज्म जैसे गंभीर मुद्दों पर पायल अक्सर अपने राय रखती रहती हैं। इससे पहले भी उन्होंने विचार व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया और फिल्म इंडस्ट्री में भाई-भतीजावाद और फेवरेटिज्म पर खुलकर बात की थी। उन्होंने लिखा था कि एक्टर बनना सबसे मुश्किल करियर में से एक है। हर दिन अनिश्चितता के साथ शुरू होता है, जहां टैलेंट से ज्यादा विशेषाधिकार और कनेक्शन हावी हो जाते हैं। पायल ने बताया था कि कई बार उन्हें शक होता है कि उनकी मेहनत और लगन ऐसी दुनिया में नोटिस होगी भी या नहीं। मौके अक्सर मशहूर सरनेम या पावरफुल एजेंट वाले लोगों के पास चले जाते हैं। फिर भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और टैलेंट पर भरोसा रखा। फिलहाल पायल कई प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। वह तेलुगू फिल्म 'वेंकटलक्ष्मी' में नजर आने वाली हैं, जिसे मशहूर डायरेक्टर मुनि बना रहे हैं। मेकर्स इस फिल्म को तेलुगू, तमिल और हिंदी में रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। इसके अलावा, पायल के पास एक और तमिल फिल्म है। अनटाइटल्ड फिल्म एक बड़े बजट का प्रोजेक्ट है, जिसे जाने-माने डायरेक्टर आर.एस. दुरई सेंथिलकुमार डायरेक्ट कर रहे हैं। शूटिंग का पहला फेज चेन्नई में पूरा हो चुका है। जानकारी के अनुसार यह फिल्म सच्ची घटनाओं से प्रेरित एक रोमांचक एक्शन-ड्रामा है। संगीत जिब्रान दे रहे हैं, सिनेमैटोग्राफी एस. वेंकटेश की है, एडिटिंग प्रदीप कर रहे हैं और आर्ट डायरेक्शन दुरईराज संभाल रहे हैं।

# सिनेमा जगत में वर्किंग शिफ्ट को लेकर अदिति राव हैदरी की दो-टूक



अदिति राव हैदरी फिल्मों में अलग-अलग जॉनर के किरदार निभाती हैं। सोशल इश्यूज पर बनी फिल्में भी उन्होंने की हैं। असल जिंदगी में भी वह कई मुद्दों पर अपनी बात रखती हैं। हाल ही में उन्होंने इंडस्ट्री में लंबे काम के घंटों पर अपना नजरिया बताया है।

## एक्टर्स को भी अपनी देखभाल करनी होती है

वह आगे कहती हैं, 'फिलहाल मैं अपनी जिंदगी और अपने करियर के उस दौर में हूं, जहां जरूरत से ज्यादा घंटे काम कर रही हूं। लेकिन कुछ दिन ऐसे होते हैं, जब सच में महसूस होता है कि एक्टर से अच्छा काम लेने के लिए उसको रिलैक्स रखना जरूरी होता है। हम मशीन नहीं हैं, हमारे अंदर फीलिंग्स हैं। हमारी देखभाल भी बहुत जरूरी है।'

# शाहरुख के साथ 'मैं हूं ना 2' बनाने पर अब फराह खान ने तोड़ी चुप्पी




पिछले कुछ वक्त से फराह खान की पहली निर्देशित फिल्म 'मैं हूं ना' के सीक्वल बनने को लेकर चर्चाएं तेज हैं। कई रिपोर्ट्स में ऐसा दावा किया जा रहा है कि शाहरुख खान और फराह खान एक बार फिर 'मैं हूं ना 2' के लिए साथ आ रहे हैं। अब इन चर्चाओं पर खुद फराह खान ने प्रतिक्रिया दी है। जानिए कोरियोग्राफर-निर्देशक ने 'मैं हूं ना 2' को लेकर क्या बताया? एक बयान में फराह ने 'मैं हूं ना 2' को लेकर चल रही चर्चाओं पर स्पष्ट तौर पर प्रतिक्रिया दी। फराह ने साफ तौर पर 'मैं हूं ना 2' की खबरों को खारिज करते हुए कहा, 'इन सभी अफवाहों पर विश्वास न करें।' फराह के इस बयान के बाद ये स्पष्ट हो गया है कि 'मैं हूं ना 2' नहीं बन रही है। ऐसे में शाहरुख और फराह की हिट फिल्म के सीक्वल का इंतजार कर रहे दर्शकों को निराशा हाथ लगी है।

## फराह खान की बतौर निर्देशक पहली फिल्म है 'मैं हूं ना'

साल 2004 में आई 'मैं हूं ना' फराह खान द्वारा निर्देशित पहली फिल्म है। इस फिल्म में शाहरुख खान प्रमुख भूमिका में नजर आए हैं। उनके साथ जायेद खान, अमृता राव, सुनील शेट्टी और सुष्मिता सेन भी अहम भूमिकाओं में हैं। 'मैं हूं ना' एक रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म है, जिसमें एक्शन भी दिखता है। फिल्म में शाहरुख खान ने मेजर राम का किरदार निभाया है, जो एक लड़की की सुरक्षा में एक कॉलेज में नकली स्टूडेंट बनकर पहुंचता है। वहां उसकी मुलाकात अपने भाई लक्ष्मण से होती है। इसके बाद कहानी कई मोड़ लेते हुए अंत में देशभक्ति पर आकर ठहरती है।

## फराह ने आखिरी बार 'हैप्पी न्यू ईयर' का किया था निर्देशन

फराह खान के निर्देशन में शाहरुख खान ने तीन फिल्मों में काम किया है। इनमें 'मैं हूं ना' के अलावा 'ओम शांति ओम' और 'हैप्पी न्यू ईयर' भी शामिल है। फराह खान ने आखिरी बार 2014 में आई 'हैप्पी न्यू ईयर' को डायरेक्ट किया था। इस फिल्म में शाहरुख के साथ दीपिका पादुकोण प्रमुख भूमिका में थीं।




# ग्लैमर, पावर और पब्लिक परसेप्शन के पीछे मौजूद अनदेखी इमोशनल दुनिया को एक्सप्लोर करती है 'द वाइव्स'

लगातार कई नेशनल अवॉर्ड जीतने वाले फिल्ममेकर मधुर भंडारकर, चांदनी बार, पेज 3, फैशन, हीरोइन, ट्रैफिक सिग्नल और बबली बाउंसर जैसी अपनी दमदार और सामाजिक सिनेमा के लिए मशहूर टैलेंटेड डायरेक्टर ने अपनी आने वाली फिल्म 'द वाइव्स' की शूटिंग ऑफिशियली पूरी कर ली है। इस फिल्म में सोनाली कुलकर्णी, मौनी रॉय, रेजिना कैसेंड्रा, राहुल भट्ट, सौरभ सचदेवा, अर्जन बाजवा और फ्रेडी दारूवाला जैसे दमदार कलाकार हैं। 'द वाइव्स' के साथ, भंडारकर एक बार फिर बॉलीवुड के अंडरबेली की ओर अपना लेंस घुमाते हैं, ग्लैमर, पावर और पब्लिक परसेप्शन के पीछे मौजूद अनदेखी इमोशनल दुनिया को एक्सप्लोर करते हैं। इंसानी रिश्तों और सोशल डायनामिक्स की कच्ची सच्चाई को कैप्चर करने के लिए जाने जाने वाले, फिल्ममेकर एक ऐसी कहानी का वादा करते हैं जो इंटिमेट, लेयर्ड और बहुत रेलिवेंट है। फिल्म के बारे में बात करते हुए, मधुर भंडारकर ने शेयर किया, ''द वाइव्स' एक ऐसी कहानी है जो स्पॉटलाइट से आगे बढ़कर उन पर्सनल लाइफ को देखती है जो अक्सर फेम के आगे दब जाती हैं। यह इमेज और सक्सेस से चलने वाली दुनिया में रिश्तों, एम्बिशन, इनसिक्योरिटी और इमोशनल सर्वाइवल को एक्सप्लोर करती है। मैं इस कहानी को ईमानदारी और सेंसिटिविटी के साथ बताना चाहता था, और मैं अपनी कास्ट और क्रू का शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने स्क्रीन पर इतनी ऑथेंटिसिटी लाई।' पी जे मोशन पिक्चर्स के प्रोड्यूसर प्रणव जैन ने भी प्रोजेक्ट को लेकर अपनी एक्साइटमेंट जाहिर करते हुए कहा, 'मधुर सर के साथ कोलेबोरेट करना हमेशा एक क्रिएटिव रूप से पूरा करने वाला एक्सपीरियंस होता है। उनमें कॉम्प्लेक्स, इंसानी कहानियों को बहुत ही रिलेटेबल तरीके से बताने की एक रेयर एबिलिटी है। 'द वाइव्स' बोल्ड, सोचने पर मजबूर करने वाली और इमोशनल रूप से ड्रिवन है, और मेरा मानना है कि यह उन ऑडियंस के दिल को छू जाएगी जो मीनिंगफुल सिनेमा पसंद करते हैं।'



# मैं एक समय में एक ही फिल्म करने में यकीन रखता हूं



**एक्टिंग की दुनिया में तकरीबन ढाई दशकों में हर तरह की भूमिकाओं में जान डालने वाले शाहिद कपूर किरदारों के मामले में रिस्क लेने से नहीं हिचकिचाते। रूमानी किरदारों में सराहे गए शाहिद ने अपनी उस चॉकलेटी बॉय की इमेज से निकलने के लिए 'कमीने' जैसी ग्रे शेड वाली भूमिका करने से भी परहेज नहीं किया। 'हैदर', 'उड़ता पंजाब', 'कबीर सिंह', 'जर्सी' और 'फर्जी' जैसी अलग-अलग किरदार कर चुके शाहिद इन दिनों 'ओ रोमियो' में एक अलग अंदाज में दिख रहे हैं। उनसे खास बातचीत।**

**करियर की शुरुआत में आप ऑडिशन दर ऑडिशन देते जाते थे और आज आपके लिए रोल लिखे जाते हैं?**

क्या वाकई मेरे लिए रोल लिखे जाते हैं? मैं खुद को इतनी अहमियत नहीं देता, मगर ये सच है कि 'इश्क विश्क' से पहले मैं तकरीबन 200 ऑडिशन कर चुका था। मैं समझता हूं कि एक कलाकार को खुद को समय के साथ संवारते और निखारते हुए आगे बढ़ना चाहिए। मैं तो शुरुआत से ही एक समय में एक ही फिल्म करने में यकीन रखता हूं। आज हमारी पूरी फिल्म फ्रेटर्निटी इस बात को समझ चुकी है कि हमें एक वक्त में एक ही फिल्म पर फोकस करना होगा।

**आपने शुरुआत रोमांटिक रोल्स से की, मगर आगे चल कर आप 'कमीने', 'उड़ता पंजाब', 'कबीर सिंह' और 'फर्जी' जैसी भूमिकाओं की तरफ झुक गए?**

एक अदाकार के रूप में आपको लड़ना पड़ता है, साबित करना पड़ता है कि आप सिर्फ एक ही तरह की भूमिका नहीं बल्कि कई तरह के रोल्स कर सकते हैं। क्या होता है न कि जब आपको एक रोल में सक्सेस मिल जाती है, तो लोग उसी तरह के किरदार ऑफर करने लगते हैं, तो आपको उससे अलग हटकर करने का जुनून होना चाहिए कि मुझे किसी एक बॉक्स में मत डालो, वरना आप उस लूप में फंस जाते हैं।

**फिल्ममेकर विशाल भारद्वाज के साथ आपकी जोड़ी और केमिस्ट्री काफी अलग मानी जाती है, हमने सुना है कि आपने उनके निर्देशन वाली 'हैदर' के लिए आपने अपनी फीस नहीं ली थी?**

हां, मैंने उस फिल्म के लिए पैसे नहीं लिए थे। अगर मैं अपनी फीस लेता तो वो फिल्म नहीं बन पाती, क्योंकि वो फिल्म काफी एक्सपेरिमेंटल थी। जब मुझे उस फिल्म का प्रस्ताव मिला, तो मुझे लगा कि अगर ये कहानी हम बना पाए और मैं इस रोल को कर पाया, तो ये फिल्म मेरे लिए एक खास फिल्म साबित होगी। कमाल की बात ये है कि वो उसी तरह की फिल्म साबित हुई, सच कहूं, तो वो पैसे वाली फिल्म थी ही नहीं। एक एक्टर और सिनेमा प्रेमी को भाने वाली फिल्म थी वो। तो कभी-कभी ऐसी फिल्में एक कलाकार को कर लेनी चाहिए।

**आप मीशा और जैन जैसे दो बच्चों के पिता हैं, क्या बच्चे आपके स्टारडम से वाकिफ हैं? वो आपकी फिल्में देखते हैं?**

बिल्कुल वाकिफ हैं। उन्हें पता होना चाहिए कि उनके पिता क्या काम करते हैं। जहां तक फिल्मों की बात है, तो जो फिल्में वो देख सकते हैं, जरूर देखते हैं। जाहिर है, मेरी सभी फिल्में बच्चों के देखने योग्य नहीं होती। (मुस्कुराते हैं) उन्होंने 'जब वी मेट' देखी थी, 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' भी उन्हें पसंद आई थी। मेरी स्वीट फिल्में उन्होंने देखी हैं।

## अपने करियर में आप सबसे मुश्किल दौर से कब गुजरे?

मुश्किल दौर हर समय होता है। देखिए हमारी इंडस्ट्री में रेलेवंस, सामयिकता बहुत जरूरी है, एक एक्टर और स्टार के रूप में। ये दोनों चीजें साथ में चलती हैं। लोग मुझसे परफॉर्मेंस की उम्मीद करते हैं और ये भी कहते हैं कि मुझमें एक तरह का स्टारडम है, तो फिर उसे एक साथ में लेकर चलना बड़ा मुश्किल होता है। मुझे किसी इमेज में बंधना पसंद नहीं है। कभी-कभी स्टारडम आपको बांध देता है कि यही करो, यही अच्छा लग रहा है। मुझे लगता है कि मैं खुलकर एक्सप्लोर करूं, अलग भूमिकाएं करूं, मगर साथ ही मैं स्टारडम भी चाहता हूं, तो फिर वो जद्दोजहद जो होती है, उसे मैनेज करना बहुत मुश्किल होता है। फिर आजकल दर्शकों का मूड बदलता रहता है। कभी-कभी लगता है कि उनका मूड अच्छा है और कभी लगता है कि क्या अजीब-सा मूड है। तो ये आसान नहीं है।

# आक्रोशित राज्य कर्मचारियों ने बजट प्रतियों की जलाई होली

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(कास)।** उपमुख्यमंत्री व वित्त मंत्री दिया कुमारी की ओर से विधानसभा में प्रस्तुत बजट में राज्य कर्मचारी, संविदा व मानदेय कर्मियों के हितों की अनदेखी करने के विरोध में अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के आह्वान पर जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा की अगुवाई में आक्रोशित कर्मचारियों ने जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर बजट प्रतियों की होली जलाई। महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने कहा कि सरकार प्रदेश के कर्मचारियों को बजट घोषणा के नाम पर कमेटियों के जाल में फंसाना चाह रही है। राज्य सरकार की ओर से मांगे मानना तो दूर अपने 2 वर्षों के कार्यकाल में कर्मचारी महासंघ से एक भी बार द्विपक्षीय वार्ता तक नहीं की गई है। सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल में कर्मचारी सड़कों पर नजर आना सरकार की पूरी तरह से विफलता साबित हो रही है। महासंघ के जिला मंत्री रविंद्र सिंह त्यागी ने कहा कि सरकार पिछली बजट घोषणा के बावजूद कर्मचारियों का कैडर पुनर्गठन नहीं कर रही है और इस बार तो पदोन्नति व वेतन विसंगति दूर करने के नाम पर समिति गठन की घोषणा कर कर्मचारियों की मांगों को हवा में लटकाने का काम कर रही है। प्रदेश के लाखों संविदा व मानदेय कार्मिकों के संबंध में बजट में एक भी शब्द नहीं बोलना सरकार की जबरदस्त असंवेदनशीलता है। अब भी सरकार महासंघ के सात संकल्पों पर द्विपक्षीय वार्ता के माध्यम से समाधान नहीं निकाला गया तो महासंघ इसी बजट सत्र के दौरान बड़ा आंदोलन करेगा। कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पर महासंघ से जुड़े संगठनों के पदाधिकारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए बजट की प्रतियां जलाई। इस अवसर पर राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष हरीसिंह गुर्जर, ग्राम विकास अधिकारी संघ के प्रदेश मंत्री कृष्ण कुमार तोमर जिलाध्यक्ष श्रीभान सिंह गुर्जर, जिला मंत्री सुशील भारद्वाज , राजस्थान कृषि पर्यवेक्षक संघ के जिलाध्यक्ष कौशलेंद्र वशिष्ठ, प्रदीप शर्मा, नीरज शर्मा, राजस्थान कानून गो संघ के हृदयेश पाठक, शिक्षा कर्मी पैरा टीचर संघ के पुरुषोत्तम शुक्ला रहीश फारूखी, आमोद श्रीवास्तव, भानु प्रताप परमार दिनेश शर्मा, दिलीप गोस्वामी, अरविंद रजक, मनोज मीणा, रजनीकांत शर्मा, मोनू रजक अमित गुर्जर सहित विभिन्न संगठनों के बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

## प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर निकाली कलशयात्रा



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** बिजौलियां खुर्द में भगवान शिव के तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ धार्मिक श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। महोत्सव के प्रथम दिवस सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।दूसरे दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में महिलाएं, पुरुष, युवा व बच्चे उत्साहपूर्वक शामिल हुए। आयोजकों के अनुसार शनिवार को विधि-विधान से भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।

## महाशिवरात्रि पर शिवालयों में होंगे कई आयोजन



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर तीर्थ स्थल तिलस्वां महादेव, बिजौलियां कस्बे के मंदाकिनी महादेव,जागेश्वर महादेव, उत्तमशिखरेश्वर महादेव, सीताकुंड महादेव व बनी के बाला जी नर्मदेश्वर महादेव समेत सभी शिवालयों में विशेष सजावट करने के साथ ही महाशिवरात्रि पर होने वाले आयोजनों को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। रविवार सुबह से ही मंदिरों में रुद्री पाठ, अभिषेक, विशेष पूजन और श्रीरामचरितमानस के पाठ व रात्रि को भजन संध्या के कार्यक्रम होंगे। तिलस्वां महादेव में आयोजित होने वाले पांच दिवसीय लक्खी मेले को लेकर भी पुलिस-प्रशासन की ओर से माकूल व्यवस्थाएं की गई हैं।

## दंगल चौथ को पूर्ववत स्थान पर कराने की मांग, एसडीएम को ज्ञापन सौंपा



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजाखेड़ा नगर पालिका के निवर्तमान चेयरमैन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उपखंड अधिकारी सुशीला मीणा से मुलाकात कर राजाखेड़ा के सरकारी क्षेत्र में परंपरागत दंगल चौथ के आयोजन को पूर्ववत स्थल पर कार्य कराने का निवेदन किया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि यह ऐतिहासिक दंगल 1947 से पूर्व से लगातार आयोजित होता आ रहा है और यह केवल क्षेत्र ही नहीं बल्कि पूरे जिले की पहचान बन चुका है। प्रतिनिधियों ने आग्रह किया कि पूर्व की भांति पहलवानों की रंगत और प्रतियोगिताएं पारंपरिक स्थल खासा बाउंड्री पर ही आयोजित की जाएं तथा पानी और अन्य मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। इस पर एसडीएम सुशीला मीणा ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए आश्वासन दिया कि निर्धारित समय पर दंगल चौथ का भव्य आयोजन कराया जाएगा और प्रशासन की ओर से आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएंगी। इससे पूर्व प्रतिनिधिमंडल ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी देवेन्द्र तिवारी से भी मुलाकात कर दंगल के सफल आयोजन को लेकर चर्चा की। उन्होंने प्रशासन और दंगल कमेटी की संयुक्त बैठक बुलाकर समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। दंगल चौथ की संभावित तिथि 7 मार्च होगी। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और प्रचार-प्रसार के लिए पोस्टर व समाचार पत्रों के माध्यम से व्यापक सूचना देने का निर्णय लिया गया है। प्रतिनिधिमंडल में कैलाश चिहार, उत्तम दीक्षित, वैजनाथ सिंह, रविन्द्र चौहान, एडवोकेट चमन सिंह, अतर सिंह सहित अन्य नागरिक शामिल रहे।

## दिल्ली में ट्रिपल मर्डर के आरोपी मौलाना ने राजाखेड़ा में महिला हत्या की वारदात कबूली

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** दिल्ली में तीन लोगों की हत्या के आरोप में गिरफ्तार मौलाना कमरुद्दीन ने पूछताछ के दौरान वर्ष 2014 में धौलपुर जिले के राजाखेड़ा थाना क्षेत्र में महिला की हत्या करने की वारदात भी स्वीकार की है। दिल्ली पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड पुराना बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार मौलाना कमरुद्दीन पुत्र नसीरुद्दीन निवासी फिरोजाबाद आदतन अपराधी रहा है, जो परिस्थितियों के अनुसार अपना रूप बदलकर लोगों को झांसे में लेता रहा। हाल ही में दिल्ली पुलिस ने एक कार से तीन शव बरामद कर मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने काले जादू के जरिए धन वर्षा का लालच देकर पीड़ितों को अपने जाल में फंसाया और लड्डू व कोल्ड ड्रिंक में जहर मिलाकर उनकी हत्या कर दी। दिल्ली पुलिस की ओर से गिरफ्तारी के बाद आरोपी ने राजाखेड़ा थाना इलाके में फरवरी 2014 में हुई महिला हत्या की वारदात को भी कबूल किया है। आरोपी ने नदोरा निवासी अनीता पत्नी नारायण सिंह (जाटव) को संतान प्राप्ति का झांसा देकर अपने प्रभाव में लिया था। घटना के समय महिला के पति नारायण सिंह, जो पेशे से अध्यापक हैं, घर पर मौजूद नहीं थे। आरोपी ने महिला की हत्या कर शव को बाईपास के पास नाले में फेंक दिया था। बताया जा रहा है कि महिला की कोई संतान नहीं थी, जिसका फायदा उठाकर आरोपी ने झाड़-फूंक के नाम पर उसे अपने जाल में फंसाया था। फिलहाल दिल्ली पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और मामले में आगे की जांच जारी है।

## बार बेंच क्रिकेट प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मुकाबला आज

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** अभिभाषक संघ धौलपुर की ओर से आयोजित स्पोर्ट्स वीक के अंतर्गत क्रिकेट प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल मुकाबले का आयोजन किया गया। मैच में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए चीफ लीगल एड एंड डिफेंस काउंसिल अमित कमठान ने कहा कि शारीरिक फिटनेस में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। अभिभाषक संघ की ओर से अधिवक्ताओं के हित को ध्यान में रखकर जो टूर्नामेंट कराया जा रहा है, वह काबिले तारीफ है। प्रतियोगिता के दौरान जिले के सभी अधिवक्ताओं ने अपनी भागीदारी निभाई और परस्पर मधुर संबंध स्थापित हुए। उन्होंने दोनों ही टीम के खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। सुबोध शर्मा ने कहा कि बार बेंच के मध्य इस प्रकार के आयोजन होते रहनी चाहिए धौलपुर की बार आपसी सौहार्द और प्रेम के लिए अपनी विशिष्ट पहचान रखती है उन्होंने अभी आवश्यक संघ की पूरी कार्यकारिणी को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अधिवक्ता रामकुमार शर्मा ने कहा कि खेल के माध्यम से खेल भावना का विकास होता है और स्वावलंबन की भावना विकसित होती है। लाखन सिंह गुर्जर ने कहा कि सर्वांगीण विकास के लिए खेल भी अति महत्वपूर्ण है अधिवक्ताओं को इसमें भी निपुण होना चाहिए। स्पोर्ट्स वीक के माध्यम से अधिवक्ता खिलाड़ियों को खेल खेलने का एक बेहतर अवसर मिला जिसका खिलाड़ी अधिवक्ताओं ने भरपूर लाभ उठाया। नीरज कटरा ने कहा कि अधिवक्ताओं के लिए इस प्रकार का आयोजन पहली बार हो रहा है। जिसमें सप्ताह भर अधिवक्ताओं ने विभिन्न खेलों में भागीदारी निभाई है। आयोजन के दौरान न्यायिक अधिकारी कर्मचारियों ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई है। अभिभाषक संघ की ओर से अध्यक्ष हरिओम शर्मा, महासचिव अरविंद सिंह गुर्जर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश त्यागी, उपाध्यक्ष हेमंत पचौरी, संयुक्त सचिव ब्रजेश सिंह बघेला, कोषाध्यक्ष विनय शर्मा, पुस्तकालय सचिव प्रशांत बघेल, ऑडिटर विवेक व्यास ने अतिथियों का माला पहनकर स्वागत किया। क्वार्टर फाइनल का मुकाबला अरविंद सिंह एकादश व बेंच एकादश के बीच खेला गया। जिसमें अरविंद सिंह एकादश ने निर्धारित ओवर में 52 रन बनाए। बेंच ने 5 वें ओवर में ही बिना विकेट गंवाए 10 विकेट से मैच जीत लिया। दूसरे मुकाबले में राजीव मिश्रा एकादश बनाम गौरव शर्मा एकादश के बीच खेला गया। जिसमें रिजवान अहमद ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए टूर्नामेंट का पहला अर्धशतक लगाया। गौरव शर्मा एकादश ने 8 विकेट से जीत कर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई है। प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मुकाबला शनिवार को खेला जाएगा। प्रतियोगिता के निर्णायक रवि मोहन त्रिवेदी, विमल शर्मा, मोहम्मद जाकिर हुसैन, सौरभ गुर्जर व गौरव वर्मा रहे।

## धौलपुर के युवाओं को नया अवसरः जगन फाउंडेशन ने शुरू किए 7 एफईए सेंटर

### डिजिटल स्किलिंग व अंग्रेजी प्रशिक्षण मिलेगा



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले के युवाओं को रोजगारोन्मुखी कौशल उपलब्ध कराने की दिशा में जगन फाउंडेशन ने बड़ा कदम उठाते हुए धौलपुर में 7 नए एफईए (फाउंडेशन फॉर एक्सीलेंस इन एजुकेशन) सेंटर शुरू करने की घोषणा की है। इन सेंटरों के माध्यम से युवाओं को डिजिटल स्किलिंग और अंग्रेजी बोलने के विशेष पाठ्यक्रमों का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे रोजगार के लिए अधिक सक्षम बन सकें। इसी क्रम में शुक्रवार को सैंपऊ, मांगरोल, मरैना एवं मनिया में चार नए सेंटरों का उद्घाटन किया गया। जबकि पूर्व में घोषित तसीमो, छावनी एवं कोलारी में सेंटरों का कार्य प्रगति पर है। सभी उद्घाटन कार्यक्रमों का नेतृत्व एफईए मैनेजर मनोज कुमार ने किया। सैंपऊ सेंटर का विशेष उद्घाटन फाउंडेशन की पहली महिला ट्रेनर नेहा पाठक द्वारा किया गया। इस अवसर पर जगन फाउंडेशन के निदेशक दुष्यंत शर्मा एवं मालविका मुद्गल विशेष रूप से उपस्थित रहे। एफईए मैनेजर मनोज कुमार ने बताया कि ये सेंटर धौलपुर जिले के युवाओं के लिए सुनहरा अवसर प्रदान करेंगे। डिजिटल स्किलिंग एवं अंग्रेजी संप्रेषण कौशल के माध्यम से युवा वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन का उद्देश्य प्रत्येक छात्र को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है। जगन फाउंडेशन के निदेशक दुष्यंत शर्मा ने कहा कि संस्था जिलेभर में ऐसे और सेंटर स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। युवा शक्ति का विकास ही जिले की प्रगति का आधार है और अधिक से अधिक युवाओं को इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का लाभ उठाना चाहिए। फाउंडेशन का यह प्रयास धौलपुर जिले के युवाओं को आधुनिक कौशल प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।

## त्यागी छात्रावास हमले में मुख्य साजिशकर्ता की गिरफ्तारी की मांग तेज, एसपी को ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** त्यागी छात्रावास में हुए कथित जानलेवा हमले के मामले में अब समाज का आक्रोश खुलकर सामने आ गया है। अखिल भारतीय गालव पूर्व त्यागी ब्राह्मण महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर मुख्य षड्यंत्रकारी बताए जा रहे दिनेश त्यागी की अविलंब गिरफ्तारी और निष्पक्ष जांच की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि 29 जनवरी 2026 को दर्ज मामले में अब तक मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होना प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। समाज के प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि तमाम साक्ष्य उपलब्ध होने के बावजूद पुलिस की कार्रवाई ढुलमुल नजर आ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है, जिससे समाज में असंतोष बढ़ता जा रहा है। 9 फरवरी 2026 को चितौरा गांव स्थित बाबू महाराज मंदिर में आयोजित महापंचायत में हजारों की संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया। महापंचायत में प्रशासन की कार्यप्रणाली की कड़ी आलोचना की गई और निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। समाज के प्रतिनिधियों का दावा है कि कुछ ऑडियो रिकॉर्डिंग्स, जिनमें 'ए-47 चलाने और आज ही मरेगा वो जैसी स्पष्ट धमकियां दर्ज हैं, यह सिद्ध करती हैं कि प्रार्थी विनोद त्यागी पर हुआ हमला एक सोची- समझी साजिश थी। आरोपी मनोज त्यागी को बिना पूर्ण जाँच के छोड़ देना और मुख्य धारा से ध्यान भटकाना यह दर्शाता है कि जाँच अधिकारी निष्पक्षता से कार्य नहीं कर रहे हैं। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि एक अन्य आरोपी को बिना पूर्ण जांच के छोड़ दिया गया, जिससे जांच की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लग रहा है। समाज ने घोषणा की है कि जांच की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष निगरानी समिति गठित की गई है, जो प्रशासनिक गतिविधियों पर नजर रखेगी। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की है कि मुख्य आरोपी को भारतीय न्याय संहिता की कठोर धाराओं में गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाए और प्रकरण की जांच किसी उच्च स्तरीय अधिकारी को सौंपी जाए। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि उचित न्याय नहीं मिला तो प्रदेशव्यापी लोकतांत्रिक आंदोलन और न्यायालय की शरण ली जाएगी। ज्ञापन की प्रतिलिपि भरतपुर रेंज के आईजी और जिला कलेक्टर को भी प्रेषित की गई है।

## हथवारी में रास्ते पर दबंग का अतिक्रमणः दीवार व टीनशेड डालकर मार्ग किया अवरुद्ध

### ग्रामीणों ने एसडीएम से लगाई गुहार

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** उपखंड क्षेत्र के ग्राम हथवारी में सार्वजनिक रास्ते की जमीन पर एक दबंग की ओर से दीवार बनाकर व टीनशेड डालकर अतिक्रमण करने का मामला सामने आया है। इससे ग्रामीणों का आवागमन बाधित हो रहा है। ग्रामीणों ने इस संबंध में उपखंड अधिकारी राजाखेड़ा को पत्र देकर रास्ते से अतिक्रमण हटाने की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार गांव निवासी महेंद्र सिंह पुत्र विपतीराम (बघेल) की ओर से खसरा नंबर 1781 में दर्ज रास्ते की भूमि पर दीवार खड़ी कर टीनशेड डाल दिया गया है, जिससे मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। इस संबंध में 7 जनवरी 2026 को एसडीएम राजाखेड़ा को शिकायत दी गई थी। शिकायत पर एसडीएम की ओर से विकास अधिकारी राजाखेड़ा को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद विकास अधिकारी ने ग्राम विकास अधिकारी को कार्रवाई के निर्देश जारी किए। पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग की ओर से ग्राम पंचायत ने 9 फरवरी 2026 को अतिक्रमणकारी को नोटिस जारी कर रास्ते से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए, लेकिन अब तक उक्त अतिक्रमण नहीं हटाया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासनिक नोटिस के बावजूद दबंग की ओर से अतिक्रमण बरकरार रखा गया है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि उक्त व्यक्ति की ओर से पुराने पशु चिकित्सालय भवन पर भी वर्षों से अतिक्रमण किया हुआ है। इस संबंध में पूर्व में 7 मार्च 2017 को नोटिस जारी किया गया था और 8 मार्च को मौके पर पंचनामा भी बनाया गया था। इसके अलावा 1 जून 2018 को तत्कालीन सरपंच की ओर से भी नोटिस दिया गया था, लेकिन पशु चिकित्सालय भवन आज तक खाली नहीं कराया जा सका। ग्रामीणों का कहना है कि अतिक्रमणकारी के हौसले बुलंद हैं, जिसके चलते अब सार्वजनिक रास्ते पर भी कब्जा कर लिया गया है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर रास्ते को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है, ताकि ग्रामीणों का आवागमन सुचारु हो सके।

## खेल विरोधी नीतियों और मनरेगा कटौती के खिलाफ कांग्रेस का ज्ञापन, नशे पर भी जताई गहरी चिंता



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिला कांग्रेस कमेटी धौलपुर (खेल प्रकोष्ठ) के जिला अध्यक्ष प्रभुदयाल उर्फ गुड्डु लोधी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी खेलकूद प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अमीन पठान के निर्देशानुसार दिया गया। ज्ञापन में भाजपा सरकार पर खेल विरोधी नीतियां अपनाने, मनरेगा योजना में कटौती करने और प्रदेश में बढ़ते नशे पर प्रभावी रोक नहीं लगाने के आरोप लगाए गए। कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि मनरेगा योजना ग्रामीण गरीब, मजदूर, किसान और बेरोजगार युवाओं के लिए जीवन रेखा है, लेकिन बजट और कार्य दिवसों में कटौती से ग्रामीण परिवारों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। इससे बेरोजगारी और पलायन बढ़ेगा तथा आर्थिक स्थिति और कमजोर होगी। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि कई ग्रामीण खिलाड़ी मनरेगा के माध्यम से अपनी आर्थिक जरूरतें पूरी कर खेल गतिविधियों में भाग लेते थे। कटौती से उनके खेल भविष्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश में बढ़ते नशे के प्रचलन को गंभीर सामाजिक संकट बताते हुए कहा कि खेल गतिविधियों की कमी के कारण युवा गलत दिशा की ओर जा रहे हैं। खेल प्रकोष्ठ की ओर से सरकार पर आरोप लगाया गया कि खिलाड़ियों को पूर्व में दी जाने वाली टीडीए राशि बंद कर दी गई है। कांग्रेस सरकार के समय राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में 600 रुपये प्रतिदिन और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में 1000 रुपये प्रतिदिन अनुदान देने का प्रावधान था, जो अब फाइलों में सिमट गया है। पदक विजेता खिलाड़ियों को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि में भी कटौती का आरोप लगाया गया। इसके अलावा आउट ऑफ टर्न नियुक्तियों को लेकर खिलाड़ियों की नौकरी पर संकट, स्टेडियम निर्माण कार्यों के ठप होने, कोचों की भर्ती निरस्त करने तथा अनुबंधित कोचों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए गए। कांग्रेस पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो प्रदेश अध्यक्ष अमीन पठान के नेतृत्व में विधानसभा सत्र के दौरान लोकतांत्रिक तरीके से घेराव कर आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर शिब्बू लोधा ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष, लीना शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष महिला कांग्रेस, अंकेश कुमार छात्र नेता, शैलेंद्र सक्सेना, लोकेंद्र सिंह, शालिनी शर्मा, जितेंद्र सिंह, लोकेंद्र, कंबोद, जगदीश, पतिराम आदि लोग मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय राजमार्गो को पार करने में आमजन को नहीं हो असुविधाः बृजेंद्र सिंह ओला

**सीकर(निस)।** झुंझुनूं लोकसभा क्षेत्र से माननीय सांसद बृजेन्द्र सिंह ओला ने अतारांकित प्रश्न के माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्ग-52 व राष्ट्रीय राजमार्ग-11 के दोनों ओर बसी अनेक गांवों की आबादी के सुरक्षित आवागमन का गंभीर मुद्दा लोकसभा में उठाया। सांसद ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर फतेहपुर के निकट ग्राम हरसावा बड़ा, राष्ट्रीय राजमार्ग-11 पर फतेहपुर के निकट ग्राम रोलसाहबसर, तथा राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर रामगढ़ शेखावाटी के निकट ग्राम फदनपुरा की आबादी राजमार्गों के दोनों ओर बसी हुई है।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, बीकानेर**

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन**

मु. नं. 20/2026/257 दिनांकः-4/2/26

**नोटिस**

**समस्त संबंधित व्यक्तियों को**
**(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)**

चूंकि रविन्द्र कुमार सेखाणी 116 डाकलिया मार्ग वार्ड नं 1 बीदासर चुरू ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अंतर्गत श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा बीदासर चुरू प्रन्यास के संबंध में जांच किये जाने के लिये आवेदन पत्र दिया है।

अतएव अधिनियम की धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त, जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तिओं के नाम व्यापक जानकारी के लिये यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्ति यदि कोई हो, प्रस्तुत करे।

और यह भी सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त अवधि के भीतर कोई आपत्तियों प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निष्कर्ष किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा ।

आज दिनांक 03.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर व कार्यालय की मोहर के अधीन जार किया गया।

प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06.04.2026. निश्चित है।

**सहायक आयुक्त**
**देवस्थान विभाग बीकानेर**

तहसीलदार (राजस्व) बीदासर चुरू.

## महाराजा सूरजमल जयंती मनाई, अजय योद्धा को दी श्रद्धांजलि



जयपुर टाइम्स

**सादुलपुर(निस)।** शहीद भगत सिंह फोर्स की ओर से सादुलपुर बस स्टैंड पर भरतपुर के महान जाट शासक महाराजा सूरजमल की जयंती श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित युवाओं व पदाधिकारियों ने महाराजा सूरजमल के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा 'सूरजमल अमर रहें' के नारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भगत सिंह फोर्स के अनूप पूनिया ने कहा कि महाराजा सूरजमल एक ऐसे वीर योद्धा थे जिन्होंने कभी भी युद्ध में पीठ नहीं दिखाई। उन्होंने 80 से अधिक युद्ध लड़े और सभी में विजय प्राप्त की। यही कारण है कि इतिहास में उन्हें 'अजय योद्धा' के नाम से जाना जाता है। उन्होंने युवाओं से महाराजा सूरजमल के साहस, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रभक्ति से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। सुखबीर सहारण ने अपने संबोधन में कहा कि मुगलों को धूल चटाने वाले महाराजा सूरजमल का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उनका जीवन संघर्ष, स्वाभिमान और पराक्रम की मिसाल है। इस अवसर पर मोहनलाल झाड़सर, सतवीर खेमाणा, सूरजभान रडवा राजेश भामासी, डॉ राजकुमार फागेडिया निकंदन ढाका धर्मवीर महला, राजवीर नाई समुद्र मनोज स्वामी कर्ण सिंह फौजी सहित कई लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

## महिला दिवस पर नव प्रसूताओं का सम्मान



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत महिला अधिकारिता विभाग के निर्देशानुसार भारत की प्रथम महिला राज्यपाल सरोजिनी नायडू के जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्रीय महिला दिवस जिला अस्पताल लक्ष्मणगढ़ में मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान बेटी जन्म के उपलक्ष में तीन नव प्रसूताओं हिना बनो, अंजलि व हीना का सम्मान किया गया। सम्मान स्वरूप उन्हें खेस, बेबी किट, पोषण टोकरी व मिठाई प्रदान की गई।कार्यक्रम जिला अस्पताल के पीएमओ डॉक्टर अटल भास्कर की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इस अवसर पर महिला अधिकारिता विभाग की महिला पर्यवेक्षक निर्मला, महिला बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक मंजू, ग्राम साथी शिमला व संतरा सहित जिला अस्पताल का स्टाफ मौजूद रहा।

## स्वास्थ्य लाभ देने वाला भादासर स्वास्थ्य केन्द्र भवन खुद बीमार



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के गांव भादासर का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जर्जर अवस्था में होने के कारण हर समय डॉक्टर व नर्सिंग टीम व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीज व उनके परिजनों में भय का वातावरण बना रहता है। पिछले कई सालों से गांव का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जर्जर स्थिति में पड़ा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अपने स्वास्थ्य का लाभ लेने के लिए आने वाले लोगों को स्वास्थ्य लाभ तो मिलता है। लेकिन स्वास्थ्य का लाभ आमजन को देने वाला भवन खुद बीमार की स्थिति में है। ग्रामीणों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन को सही करने की मांग की है। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के राज चौधरी ने बताया कि पिछले कई सालों से गांव का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन जर्जर स्थिति में पड़ा है। कई बार उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया गया। लेकिन समस्या का कोई समाधान अभी तक नहीं हुआ है। जल्द ही चिकित्सा विभाग इस पर संज्ञान लेकर ग्रामीणों को राहत प्रदान करने का काम करें। जिससे ग्रामीणों को प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र का लाभ सही मिल सके। इस अवसर पर तोलाराम सिहाग, मेघाराम जाखड़, गजानन शर्मा, मोहन राम जाखड़, राकेश मेघवाल, भगवाना राम जाखड़, तनाराम जाखड़, रेवंत राम जाखड़ सहित अनेक ग्रामीणों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन को सही करवाने की मांग की है।

## फारूक भूट्टा बने तहसील अध्यक्ष

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** कुरेशी महासभा संस्थान राजस्थान के अध्यक्ष हाजी मकबूल मंडेलिया ने सुजानगढ़ के फारूक भूट्टा कुरेशी को संस्थान के सुजानगढ़ तहसील अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। फारूक भूट्टा का यह कार्यकाल 31 दिसम्बर 2027 तक जारी रहेगा। वहीं इस नियुक्ति पर अनेक लोगों ने खुशी जाहिर की है और संगठन के आला पदाधिकारियों का आभार जताया है। शहर के इलियास खोकर, मोहम्मद रफीक खत्री, नूर मोहम्मद खान पहाड़ियान, शरीफ रायान, शाहिद खान, मोहम्मद सलीम भुट्टा, जावेद भुट्टा, बिलाल भुट्टा, फिरोज खत्री आदि ने फारूक भूट्टा को बधाई दी है। वहीं संस्थान के प्रदेश पदाधिकारियों ने संगठन व समाज की मजबूती के लिए काम करने के निर्देश फारूक भूट्टा को दिए हैं।

# कलक्टर जितेंद्र सोनी की पहल से खुले आंवला किसानों के लिए बाजार के नए द्वार

### 700 से अधिक किसानों को मिला सीधा लाभ




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** जयपुर जिले में किसानों की आय बढ़ाने और स्थानीय कृषि उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की दूरदर्शी सोच अब धरातल पर प्रभावी रूप से नजर आने लगी है। पंच गौरव योजना के तहत शुक्रवार को दुर्गापुरा स्थित राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान में आयोजित जिला स्तरीय आंवला क्रेता-विक्रेता सम्मेलन व प्रदर्शनी जिला कलक्टर डॉ. सोनी के कुशल निर्देशन और सक्रिय पहल का ही परिणाम रहा, जिसमें 700 से अधिक किसानों, एफपीओ प्रतिनिधियों, व्यापारियों व कृषि उद्यमियों ने भाग लिया। दरअसल, जयपुर जिले में 'एक जिला-एक उपज' के तहत आंवला को प्रोत्साहित करने की दिशा में जिला कलक्टर डॉ. सोनी लगातार नवाचार आधारित प्रयास कर रहे हैं। किसानों को उत्पादन तक सीमित न रखकर उन्हें प्रसंस्करण, ब्रांडिंग और सीधे बाजार से जोड़ने की उनकी रणनीति इस सम्मेलन के माध्यम से साकार होती नजर आई। सम्मेलन ने किसानों को सीधे क्रेताओं से संवाद का मंच उपलब्ध करवाया, जिससे विपणन के नए रास्ते खुले और बिचौलिया व्यवस्था से राहत मिलने की उम्मीद जगी। कार्यक्रम के दौरान जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी व कृषि आयुक्त शुभम चौधरी ने किसानों से संवाद करते हुए आंवला उत्पादन व मूल्य संवर्धन की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। डॉ. सोनी ने किसानों को आधुनिक तकनीकों को अपनाने, गुणवत्ता आधारित उत्पादन करने तथा उत्पादों की ब्रांडिंग पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि कृषि को उद्योग से जोड़ना समय की आवश्यकता है और प्रशासन इस दिशा में किसानों के साथ खड़ा है। मुख्य आयोजना अधिकारी डॉ. सुदीप कुमावत ने बताया कि सम्मेलन में पंच गौरव उपजों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें आंवला से निर्मित मुरब्बा, कैंडी, जूस, चूर्ण व औषधीय उत्पादों के साथ आधुनिक प्रसंस्करण तकनीकों, पैकेजिंग व भंडारण नवाचारों का प्रदर्शन किया गया। इससे किसानों को उत्पादन के साथ-साथ मूल्य संवर्धन की नई संभावनाओं की जानकारी मिली। उपनिदेशक उद्यान हरलाल सिंह बिजारनियां ने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देशन में उद्यानिकी विभाग की ओर से जिले में आंवला उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिससे आने वाले समय में किसानों को बेहतर बाजार व अधिक लाभ मिलने की संभावना है। कार्यक्रम में कृषि विशेषज्ञों ने आंवले की उन्नत कृषि विधियों, पोषक गुणों एवं उत्पादन बढ़ाने की वैज्ञानिक तकनीकों पर विस्तृत जानकारी दी और किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। साथ ही उद्यानिकी विभाग की ओर से आंवले की खेती, प्रसंस्करण व विपणन संभावनाओं पर आधारित लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया। अतिरिक्त जिला कलक्टर मुकेश कुमार मूंड सहित कृषि व उद्यानिकी विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे। जिला कलक्टर डॉ. सोनी की पहल से आयोजित यह सम्मेलन किसानों की आय बढ़ाने, कृषि आधारित उद्यमिता को प्रोत्साहन देने तथा जयपुर जिले को मूल्य संवर्धन के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो रहा है।

## सतत आयुर्विज्ञान शिक्षा कार्यक्रम आयोजित

जयपुर टाइम्स




**नीमकाथाना(निस)।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन नीम का थाना व जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में एक निजी होटल में सतत आयुर्विज्ञान शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक चिकित्सकों ने भाग लेकर चिकित्सा क्षेत्र की नवीन जानकारियां प्राप्त कीं। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय चिकित्सा संघ नीमकाथाना के सचिव डॉ. राजेश जांगिड ने अतिथियों व चिकित्सकों के स्वागत के साथ किया। जयपुर से पधारे अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. देवेंद्र लखोटिया ने जोड़ प्रत्यारोपण की आधुनिक तकनीकों पर विस्तार से जानकारी दी। डॉ. मनीष कोशिक ने स्तन कैंसर की समय पर पहचान और उपचार के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. अपूर्व शास्त्री ने गुर्दे की पथरी के नवीन उपचार संबंधी जानकारी साझा की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय चिकित्सा संघ के अध्यक्ष डॉ. सुरेश शर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. हरवंश गोयल ने सभी चिकित्सकों का आभार व्यक्त करते हुए भारतीय चिकित्सा संघ नीमकाथाना की सदस्य संख्या बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. हरवंश गोयल, डॉ. राजेश जांगिड, डॉ. आर.पी. यादव एवं डॉ. के.सी. गोयल सहित अन्य चिकित्सकों को जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जयपुर के प्रतिनिधियों की ओर से स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। सतत आयुर्विज्ञान शिक्षा शिविर में डॉ. आनंद कुमार, डॉ. अरुण फानन, डॉ. मुकेश सैनी, डॉ. असराम खराणा, डॉ. आशीष महला, डॉ. बबीता महला, डॉ. शारदा मील, डॉ. हेमंत कटारिया, डॉ. विनोद ढाका, डॉ. प्रियंका चौधरी , डॉ. दीपक कृष्णू, डॉ. नैना यादव, डॉ. मेघा , डॉ. कौशल यादव, डॉ. कमल , मोनिका माथुर, एस. कुमार, डॉ. राकेश खेड़ड़, डॉ. सुभाष, डॉ. एस कुमावत, डॉ. अरविंद जांगिड, डॉ. सत्यवीर अवाना, डॉ. के.के. यादव, डॉ. दयानंद स्वामी, डॉ. सैयद जिलाना, सुरेन्द्र कुमार, सुमेर सिंह सहित अनेक चिकित्सकों ने भागीदारी निभाई।

## खारिया में रविवार को कबड्डी प्रतियोगिता, महिला मुकाबले रहेंगे मुख्य आकर्षण

जयपुर टाइम्स



**सादुलपुर(निस)।** सादुलपुर के निकटवर्ती गांव खारिया में 15 फरवरी को कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को आदित्य धर्म कांटा खारिया परिसर में बैठक आयोजित की गई, जिसमें आयोजन से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए जिम्मेदारियां सौंपी गईं। क्रीड़ा भारती के तत्वावधान में आदित्य धर्म कांटा व अमन कंस्ट्रक्शन कंपनी के सहयोग तथा समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस प्रतियोगिता में महिलाओं की कबड्डी प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगी। महिला वर्ग की प्रतियोगिता में बैरासर छोटा, भामासी व खारिया सहित करीब एक दर्जन टीमों के भाग लेने की संभावना जताई जा रही है। इसके अलावा पुरुष व बुजुर्ग वर्ग के खिलाड़ी भी कबड्डी में अपना दमखम दिखाएंगे। आयोजन के दौरान महिलाओं के लिए मटका दौड़ व रस्साकशी जैसी पारंपरिक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में आसपास के दर्जनों गांवों से खिलाड़ियों व ग्रामीणों के शामिल होने की उम्मीद है। क्रीड़ा भारती की प्रांत महिला प्रमुख एडवोकेट गायत्री पूनिया ने बताया कि कबड्डी को ओलंपिक में स्थान दिलाने के उद्देश्य से क्रीड़ा भारती की ओर से पंचायत स्तर पर इस प्रकार के खेल आयोजनों को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिला मंत्री जुगल किशोर पूनिया ने बताया कि रविवार को आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम भव्य होगा, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भाग लेंगी। क्रीड़ा भारती जिला अध्यक्ष राजकुमार पूनिया के अनुसार प्रतियोगिता के लिए टीमों का ऑनलाइन पंजीकरण प्रारंभ हो चुका है तथा खिलाड़ी उत्साहपूर्वक अपना रजिस्ट्रेशन करवा रहे हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक खिलाड़ी को खेलने का अवसर दिया जाएगा तथा विजेता टीमों को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा

## मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाई कलाकारी

### प्रतियोगिता में विद्यार्थियों का किया उत्साहवर्धन

जयपुर टाइम्स




**सरदारशहर(निस)।** शहर के आदर्श महाविद्यालय में शुक्रवार को साहित्यिक प्रतियोगिता के पंचम दिवस पर प्रशिक्षणार्थियों की रचनात्मक क्षमता को प्रोत्साहित करने की उद्देश्य से मेहंदी प्रतियोगिता और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के पर्यावरण संरक्षण विषय पर प्रशिक्षणार्थियों ने रंगों के माध्यम से प्रेरक संदेश दिए। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता की निर्णायक मंडल की भूमिका मुकेश सुथार, उमा भारती जांगिड़, लोकेश सेन ने निभाई। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम कुशाग्र शर्मा, द्वितीय मोनिका मेघवाल और रितु कुमारी ने प्राप्त किया। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रशिक्षणार्थियों ने अपनी हथेलियां पर पारंपरिक और आधुनिक डिजाइनों की बारीकिया उकेरी जिसकी निर्णायकों ने सराहना की। मेहंदी प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल की भूमिका उमा भारती जांगिड़, उमेश शर्मा तथा सुमन चौहान ने निभाई। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम निकिता सोनी, द्वितीय सयुक्त रूप से मनीषा सैन व काजल तथा तृतीय स्थान अनीता शर्मा ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मनीषा वर्मा ने प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं बल्कि इस तरह की प्रतियोगिता व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के प्रयास की सराहना की और विजेताओं को बधाई दी। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के प्राध्यापक महेश छींपा, वेद प्रकाश बरोड़, राजेंद्र भट्ट और समस्त प्रशिक्षणार्थियों की सहभागिता व उपस्थिति रही।

## मंदिर को व्यक्ति विशेष के कब्जे से मुक्त करवाने की मांग को लेकर निकाली रैली



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नया बास स्थित शिव शक्ति मंदिर से कथित अवैध कब्जे हटाकर मामले की सघन जांच कर सार्वजनिक भूमि पर अस्थायी प्रशासनिक व्यवस्था करने की मांग की गई है। इसके लिए नया बास के बड़ी संख्या में लोगों ने शिव शक्ति मंदिर पर एकत्रित होकर रैली निकाली और मंदिर को मुक्त करवाए जाने सम्बंधी नारेबाजी करते हुए गांधी चौक होकर गणेश मंदिर और वहां से उपखंड अधिकारी कार्यालय पर पहुंचे। जहां पर उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा को चूरू जिला कलक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर बताया कि करीब 40 साल पहले तत्कालीन विधायक रामेश्वरलाल भाटी के कार्यकाल में मंदिर परिसर में सामुदायिक भवन का निर्माण हुआ था। उसके बाद 2023-24 में विधायक कोष से हॉल व कमरों का निर्माण हुआ है। लेकिन महावीर पोसवाल नामक व्यक्ति ने अपनी निजी संस्थान का का यहां पर कार्यालय खोल लिया और अवैध कब्जा कर लिया। जिसके कारण मंदिर में नियमित पूजा अर्चना और धार्मिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। इसलिए सर्वसमाज के इस मंदिर को व्यक्ति या संस्था विशेष के अवैध कब्जे से मुक्त करवाया जाए और मामले की जांच के लिए उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया जाए। इसी प्रकार जांच अवधि के दौरान मंदिर के अभिलेखों को सुरक्षित रखने के लिए दिश निर्देश जारी किए जाए। जांच उपरांत मंदिर से अवैध कब्जेधारियों को हटाया जावे और विधि सम्म्त कार्यवाही की जाए। उपखंड अधिकारी से मोहल्ले की महिलाओं ने कहा कि महिलाओं के साथ अभद्रता करने वाले महावीर पोसवाल को तत्काल गिरफ्तार किया जावे। ज्ञापन सौंपने के दौरान पार्षद तनसुख प्रजापत, नरेंद्र प्रजापत, राधा देवी, अमिता बगड़िया, मनीष मालपानी, जगदीश, दूलीचंद, अनिल, कालूराम, गोमती, भागीरथ, भींवाराम सहित बड़ी संख्या में महिलाओं व पुरूषों की भीड़ मौजूद रहे। इसके बाद सभी लोग एडीएम कार्यालय पर भी गए और ज्ञापन सौंपकर सार्वजनिक मंदिर को व्यक्ति विषेश के कब्जे से मुक्त करवाने की मांग की।

## श्याम मंदिर के वार्षिकोत्सव पर गुंजी सुंदरकांड की चौपाईयां

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** स्थानीय प्रतिभा नगर स्थित श्री श्याम मंदिर के 51वें वार्षिकोत्सव के चार दिवसीय कार्यक्रम के दौरान गुरूवार शाम भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी संतोष भुढ़ाढ़रा ने ज्योत प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पाठ का वाचन श्री सालासर हनुमान सुंदरकांड समिति चूरू की ओर से गणेश वंदना से किया। उसके बाद समिति के पदाधिकारियों ने संगीत के साथ दीनदयाल विरज संभारी हरोनाथ में संकट भारी चौपाई के साथ पाठ का वाचन करते हुए वातावरण को धार्मिक मय बना दिया। मंदिर के पुजारी संतोष भुढ़ाढ़रा ने बताया कि शनिवार 14 फरवरी को प्रातः 10 बजे संगीत मय श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का वाचन मेहुल शर्मा, हेमलता खंडेलवाल, आशीष शर्मा आशु, हिमांशु शर्मा अपनी मधुर वाणी से पाठ का वाचन करेंगे। आयोजन समिति के कैलाश चंद्र नवहाल ने बताया कि 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के पावन पर्व व मंदिर की स्थापना पर मंदिर प्रांगण से दोपहर 2 बजे भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में बाबा श्याम रथ पर विराजमान होंगे। शोभायात्रा में नटराज ग्रुप की ओर से सजीव झांकियां आकर्षण का केन्द्र होगी।

# महावीर पोसवाल के समर्थन में एडीएम कार्यालय पर किया धरना प्रदर्शन

### मामले की जांच एसओजी से करवाने की मांग

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नया बास स्थित पथिक सेवा आश्रम, मंदिर परिसर में तोड़फोड़ व पुजारी के साथ कथित मारपीट की घटना के आरोपियों को तुरंत प्रभाव से गिरफ्तार करने की मांग को लेकर एडीएम कार्यालय पर सैंकड़ों लोगों ने सांकेतिक धरना देकर प्रदर्शन किया। इससे पहले लाडनू बस स्टेंड से लोग नारेबाजी करते हुए रैली के रूप में एडीएम कार्यालय पर पहुंचे। जहां पर महावीर पोसवाल को न्याय दो, पुलिस प्रशासन इंसाफ करो.. के नारे लगाए गए। कॉमरेड रामनारायण रूलाणिया के नेतृत्व में प्रदर्शन कर व एक घंटे तक सांकेतिक धरना देकर लोगों ने एडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया है कि सुजला क्षेत्र के लोग इस ज्ञापन के माध्यम से अपना आक्रोश जाहिर कर रहे हैं कि 31 जनवरी को संस्थान कार्यालय, मंदिर में माईक व मशीन को लेकर पुजारी के साथ मारपीट हुई और तोड़फोड़ की गई। इसी प्रकार दूसरे दिन 1 फरवरी को संस्थान के प्रमुख महावीर पोसवाल के घर में घुसकर लड़ाई झगड़ा किया। साजिश के तहत 40-50 लोगों ने कार्यालय में घुसकर कर्मचारी पुजारी से मारपीट व तोड़फोड़ की। ज्ञापन में मामले की जांच क्राईम ब्रांच या एसओजी से करवाए जाने की मांग की गई है और बताया गया है कि यह महावीर पोसवाल पर तीसरा हमला है। इसलिए हमला करने वाले लोगों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए। इस दौरान तेजपाल गोदारा, सिराज खान कायमखानी, सागर मेघवाल, बंशीलाल गुर्जर, मनोज बोकण, जगदीश प्रसाद, संतोष, छोटू देवी, माया, ज्योति, प्रदीप, शंकर, मनसुख गुर्जर, गोविंद कसाणा, चैनरूप गुर्जर सहित अनेक समाजों के लोग मौजूद रहे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।


## वरिष्ठ अधिवक्ता व निर्भीक पत्रकार बनवारीलाल दीक्षित का निधन

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** चूरू जिला मुख्यालय पर गुरुवार को चूरू के सबसे वरिष्ठ अधिवक्ता व चूरू जिला पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष रहे बनवारी लाल दीक्षित पूर्व लोक अभियोजक का निधन होने पर प्रदेश में वरिष्ठ अधिवक्ताओं व मीडियाकर्मियों में शोक की लहर छा गई। गुरुवार को उनका दाह संस्कार चूरू के बागला मुक्तिधाम में किया गया। दीक्षित के पुत्र नरेन्द्र दीक्षित पत्रकार व डॉ योगेश दीक्षित ने अंतिम मुखाग्नि दी। दीक्षित चूरू जिला अभिभाषक संघ के सबसे वरिष्ठ अधिवक्ता थे। उन्होंने अपने जीवन काल में 62 वर्ष सक्रिय वकालत की जिसमें दो बार चूरू जिला लोक अभियोजक का कार्य संभाला व जिले की विभिन्न नगरपालिकाओं के विधि सलाहकार के पद पर भी कार्य किया। अपने 88 वर्ष के जीवन में दीक्षित ने स्नातक के समय से ही दिल्ली व जयपुर के प्रमुख दैनिकों से अवैतनिक पत्रकार के रूप में जुड़ कर आम जनता के मुद्दे उठाते रहे। दीक्षित की निर्भीक छवि से प्रदेश भर में विख्यात थे। दीक्षित अधिकारियों व नेताओं के समक्ष भी आम जनता की समस्या को प्रखर रूप से उठाते थे। दीक्षित बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उनके जाने से न केवल चूरू बल्कि प्रदेश भर में शौक की लहर छा गई है।

## धर्म स्थापना के लिए प्रभु लेते हैं पृथ्वी पर अवतार




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय दुलिया बास स्थित बृज धाम श्रीराधा कृष्ण मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में व्यास पीठ से महंत स्वामी कानपुरी महाराज ने भगवान कृष्ण के जन्म का प्रसंग सुनाते हुए भगवान की बाल लीलाओं का वर्णन किया। स्वामी कानपुरी महाराज ने कहा कि भगवान की लीलाओं का श्रवण करने से ही पापों का नाश होता है। कानपुरी महाराज ने कहा कि भगवान की लीलाओं को समझना आसान नहीं है, इसलिए हमें भगवान का स्मरण और भगवान की लीलाओं का गुणगान करके पुण्य कमाना चाहिए। उन्होंने राजा बलि, वामन अवतार, राम अवतार आदि के प्रसंग सुनाते हुए कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म का बोल बाला होता है, तब-तब भगवान पृथ्वी पर अवतार लेते हैं और धर्म की स्थापना करते हुए सज्जन व्यक्तियों का संरक्षण करते हैं। किशोर दास स्वामी ने बताया कि श्री राधा कृष्ण मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत कथा का आयोजन किया जा रहा है तथा कथा में कृष्ण भगवान की झांकी भी सजाई गई। वहीं आयोजन को सफल बनाने में भोल दास स्वामी, दुर्गादास स्वामी, लिखमीचंद स्वामी, रामचंद्र स्वामी, महेश स्वामी, बालचंद प्रजापत, करणी सिंह शेखावत, सरदार सिंह कासनिया, राजूदास दुजार, खड़कदास, पवन बागड़ी, नंदलाल जैगणीया सहित अनेकों लोग सहयोग कर रहे हैं।

## कलश यात्रा व प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा आज



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** कस्बे के वार्ड 17 स्थित श्री प्रजापति जीणमाता मन्दिर में शिव परिवार, श्री जीणमाता, संकट मोचक हनुमान व यादेमाता की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा शनिवार को दोपहर सवा 12 बजे होगी बाद में महाआरती होगी। इससे पूर्व सुबह सवा आठ बजे प्रतिमाओं का नगर भ्रमण व कलश यात्रा निकाली जाएगी। मास्टर राजेन्द्र सनोदिया ने बताया कि शनिवार को ही विशेष पूजा अर्चना के बाद दोपहर सवा एक बजे प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया जाएगा और रात्रि में भजन संध्या कार्यक्रम होगा। इसके अलावा रविवार को दोपहर सवा एक बजे शिव रूद्राभिषेक के अलावा अनेक धार्मिक अनुष्ठान होंगे। इससे पूर्व शुक्रवार शाम को हवन पंडित जितेन्द्र इन्दोरिया व 4 अन्य पण्डितों के सानिध्य में हुआ। मुख्य यजमान सीताराम भोड़ीवाल जयपुर प्रवासी मंडावा निवासी रहे।

## किसानों के साथ न्याय करें सरकार: मनोज मेघवाल

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** क्षेत्रीय विधायक मनोज मेघवाल ने राजस्थान विधानसभा में नियम 295 के तहत बजट सत्र 2026 में सरकार की ओर से किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जा रही फसल खरीद के तहत खरीद केंद्रो पर हो रही गड़बड़ी की तरफ सरकार का ध्यान आकर्षित करवाया। विधायक मनोज मेघवाल ने विधानसभा में कहा कि सुजानगढ़, बीदासर, सरदारशहर, कातर छोटी आदि खरीद केंद्रो पर किसानों की कई दिनों तक जान-बूझकर फसल नहीं तोली जाती। क्योंकि अधिकारियों को 15-20 हजार रूपए नहीं दिए जाने तक वो तुलाई नहीं करते और क्वालिटी का नाटक करके रिजेक्ट कर देते हैं। मंडियों में किसानों की ओर से धरने प्रदर्शन हो रहे हैं, लेकिन मंडियों में दलालों की सक्रियता के जरिये व्यापारियों से फर्जी खरीद की जा रही है। अतः सरकार को इस मामले में गंभीरता से दाषियों पर कार्यवही करनी चाहिए और किसानों के साथ इंसाफ करना चाहिए।

## सार्वजनिक सूचना

यह सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वाहन संख्या RJ 09 A 0544, जो कि परिवहन कार्यालय सुजानगढ़ में गणेशाराम पुत्र मूलाराम, निवासी तेहनदेसर के नाम से पंजीकृत है गणेशाराम का दिनांक 19.12.2025 को निधन हो चुका है।
उक्त वाहन को उनके परिजन अपने नाम पंजीकृत करवाना चाहते हैं।
अतः जिस किसी व्यक्ति को उक्त वाहन के नामांतरण संबंधी कोई आपत्ति हो, वह इस सूचना के प्रकाशन से सात (7) दिवस के भीतर संबंधित कार्यालय में अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

## कलेक्टर क्लास के पुनः शुभारंभ के साथ नई पहल




जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** जिला प्रशासन की ओर से हाल ही में कलेक्टर क्लास का पुनः शुभारंभ किया गया है। महंगी कोचिंग संस्थानों की फीस वहन करने में असमर्थ विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क संचालित इस 'कलक्टर की क्लास' के लिए अब निजी कोचिंग संस्थान भी सहयोग के लिए आगे आए हैं। इंडियन एजुकेटर आरएएस एकेडमी के निदेशक महेश भास्कर ने बताया कि कलेक्टर क्लास से जुड़े सभी विद्यार्थियों को अब निःशुल्क आरएएस टेस्ट सीरीज़ उपलब्ध करवाई जाएगी, ताकि वे नियमित अभ्यास के माध्यम से अपनी तैयारी को और सशक्त बना सकें। उन्होंने जानकारी दी कि दूर-दराज़ क्षेत्रों के विद्यार्थी ऑनलाइन माध्यम से टेस्ट दे सकते हैं, जबकि जो विद्यार्थी ऑफलाइन परीक्षा देना चाहते हैं वे सीकर सेंटर (नियर चरण सिंह गेट) पर आकर भी टेस्ट दे सकते हैं। साथ ही कलेक्टर क्लास से जुड़े जो विद्यार्थी ऑफलाइन बैच जॉइन करेंगे, उन्हें फीस में 50 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान की जाएगी। यह पहल विशेष रूप से जरूरतमंद व ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को ध्यान में रखकर शुरू की गई है, ताकि प्रतिभा संसाधनों के अभाव में पीछे न रह जाए। इस टेस्ट सीरीज़ के मार्गदर्शक आरएएस अधिकारी प्रकाश चंदेलिया होंगे, जो विद्यार्थियों को अपने अनुभव व प्रशासनिक दृष्टिकोण से मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

## कुरैशी बने कुरैशी महासभा के जिलाध्यक्ष



**तारानगर(निस)।** तारानगर के वार्ड 17 के निवर्तमान पार्षद बाबू हुसैन कुरैशी को राजस्थान कुरैशी महासभा के प्रदेशाध्यक्ष व चूरू के पूर्व विधायक हाज़ी मकबूल मंडेलिया ने कुरैशी महासभा का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। कुरैशी के जिला अध्यक्ष बनने पर क्षेत्रवासियों ने कुरैशी को बधाई दी और सोशल मीडिया पर भी बधाई देने का तांता लग गया।

## चूरू महोत्सव 2026 स्थगित

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** चूरू जिला मुख्यालय पर 20 से 22 फरवरी, तक प्रस्तावित चूरू महोत्सव -2026 को स्थगित किया गया है। चूरू नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह ने बताया कि फरवरी माह में विद्यालयों व महाविद्यालयों के विद्यार्थियों की परीक्षा होने के कारण चूरू महोत्सव के आयोजन को आगामी आदेशों तक स्थगित किये जाने का निर्णय लिया गया है। परीक्षा आयोजन के पश्चात चूरू महोत्सव की तिथियों का पुनः निर्धारण कर सभी को सूचित किया जाएगा।


### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DN SUJANGARH

No:-2584-2594 Date: 05/02/2026

**Notice Inviting Bid No 23/2025-26**

Bids for 2 (Two Nos) work are invited from interested bidders upto 06.00 PM dated 18.02.2026 other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http:// eproc. rajasthan.gov.in/http://sppp.raj.nic.in) of the state and PWD departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 30.00 Lacs
NIB No. PWD 2526 A5535
UBN No-
1. PWD2526WSOB22546 2. PWD2526WSOB22548

DIPR/C/2793/2026
Executive Engineer
PWD Dn. Sujangarh

### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DN SUJANGARH

No:- 2573-2583 Date: 5/2/26

**Notice Inviting Bid No 22/2025-26**

Bids for 05 (Five Nos) work are invited from interested bidders upto 15.00 PM dated 16.02.2026 Other Particulars of the Bid may be visited on the procurement portal (http:// eproc. rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state; and PWD departmental website th. The approximate value of the procurement is Rs. 24.95 Lacs
NIB No:- PWD 2526 A 5533
1. PWD2526WSOB50B22540 2. PWD2526WSOB50B22541
3. PWD2526WSOB50B22542 4. PWD2526WSOB50B22543
5. PWD2526WSOB50B22544

DIPR/C/2828/2026
Executive Engiener
PWD Dn. Sujangarh

राजस्थान सरकार
### कार्यालय प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, चक राजियासर मीठा (सुजानगढ़) चूरू

क्रमांकः- राउमावि / चरामी / नीलामी / 2025 / 315 दिनांक :- 12-02-2026

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस विद्यालय के नकारा / अनुपयोगी एवं अप्रचलित कम्प्यूटर तथा संबंधित कम्प्यूटर उपकरण की नीलामी 18.02.2026 को दोपहर 1:00 बजे विद्यालय प्रांगण में रखी गई है । इच्छुक व्यक्ति कम से कम 500रूपये या पुस्तक मूल्य का 2 प्रतिशत धरोहर राशि जमा करवाकर बोली में भाग ले सकता है। बोली दाता जीएसटी धारक होना अनिवार्य है। जीएसटी राशि 5 / 18 प्रतिशत अलग से कय दाता को जमा करवानी होगी। विद्यालय समय में सामग्री का अवलोकन किया जा सकता है7 बोली स्वीकार/ निरस्त करने का अधिकार संस्थाप्रधान / नीलामी कमेठी को होगा। आईसीटी लैब एवं विद्यालय के कम्प्यूटर एवं कम्प्यूटर उपकरणों का कुल पुस्तक मूल्य 175000 / - ( शब्दों में एक लाख पिच्चेहतर हजार रूपये मात्र । ) है ।

प्रधानाचार्य
राजकीय आ.उ. मा. विद्यालय
चक राजियासर मीठा (चूरू)

# OFFICE OF PANCHAYAT SAMITI PATAN (SIKAR)

S.No. 340 DATE: 13-02-2026

**Notice Inviting Bid**

Bid for construction works undar Other Scheme are invited from intersted bidders upto 12-02-2026, 09:30 AM to 19-02-2026, 01:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state. The approximate value of the work is maximum RS. 200000/-

UBN No. PKP2526WSOB000296-0340

BDO
PS PATAN

# कार्यालय नगरपालिका मण्डल तारानगर (चूरू) राजस्थान

क्रमांक :- न.पा.ता/2025-26/788 दिनांक :- 13/2/2028

## आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि नगरपालिका क्षेत्र तारानगर के निम्नांकित भूखण्ड धारियो ने कृषि भूमि, पट्टा नामान्तरण हेतु पत्रावलियां जमा करवायी गयी है अतः जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो, इस आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस मे सप्रमाण आपति इस कार्यालय मे प्रस्तुत करे 7 बाद अवधि प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा ।

| क्र.स. | आवेदक का नाम व पिता का नाम | वार्ड नं. | ऑनलाईन आवेदन | आवेदन सं. | कुल तादादी (वर्गमीटर) | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | विनोद कंवर पत्नी महावीर सिंह | 29 | 306127 | 40 | 398.85 | 69ए नियमन |
| 2. | बिमला देवी सोनी पत्नी सुभाषचन्द्र | 30 | 172160 | 37 | 278.68 | पट्टा नामान्तरण |
| 3. | भुगानाराम शर्मा पुत्र सांवरमल | 27 | 171944 | 38 | 255.99 | पट्टा नामान्तरण |
| 4. | मोहनी खीचड़ पत्नी अजीत सिंह धेतरवाल | 26 | 344562 | 164 | 232.25 | कृषि भूमि नियमन |
| 5. | भगवती देवी पत्नी देवनाथ | 07 | 171955 | 39 | 250.81 | पट्टा नामान्तरण |
| 6. | विनोद कुमार खत्री पुत्र रामलाल खत्री | 09 | 344563 | 94 | 323.14 | स्टेट ग्रान्ट एक्ट |
| 7. | संजय पुत्र उमाशंकर | 30 | 344005 | 110 | 130.46 | 69ए सरेण्डर |
| 8. | विनोद कुमार पुत्र उमाशंकर | 30 | 344010 | 109 | 130.46 | 69ए सरेण्डर |
| 9. | सावत्री देवी पत्नी मूरारीलाल | 03 | 344043 | 165 | 445.88 | कृषि भूमि नियमन |
| 10. | कमलेश पत्नी रामनिवास | 07 | | | 252.68 | कृषि भूमि नियमन |
| 11. | कपिल देव शर्मा पुत्र कुरड़ाराम शर्मा | 07 | 345590 | | 222.94 | 69ए सरेण्डर |
| 12. | पवन कुमार शम्म पुत्र केसराराम | 23 | 173182 | 40 | 189.72 | पट्टा नामान्तरण |
| 13. | मॉडर्न प्रिंस स्कूल संस्थान तारानगर जरिये सचिव पोकरराम पूनियां पुत्र भोलूराम पूनियां | 07 | 80 | 175 | 9642.22 | भवन निर्माण स्वीकृति |
| 14. | पोकरराम पूनियां पुत्र भोलूराम पूनियां | 19 | 79 | 174 | 111.47 | भवन निर्माण स्वीकृति |
| 15. | बिमला देवी सोनी पत्नी सुभाषचन्द्र | 30 | 81 | 173 | 65.31 | भवन निर्माण स्वीकृति |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका तारानगर

### Office of the Executive Engineer, Public Health Engineering Department, Division Ratangarh

No.:- EE/NIT/2025-26/2 566-83 Date: 03/02/2026

**Notice Inviting Bid**

Bid of ARC for Regular maintenance of various size of valves of distribution/rising mains at RWSS Jandwa Khudera Bada, Khudera Chota, Raghunathpura and Naino ki Dhani, Maintenance of Tube Wells/Open Wells in Rural Area under the jurisdiction of JEN SECTION SEHLA-KHUDERA, Maintenance of Tube Wells/Open Wells in Rural Area under the jurisdiction of JEN SECTION RURAL RATANGARH, lowering and unlowering of submersible motor pump set in various source (OW & TW), SUPPLY OF CID JOINTS FOR PVC PIPES, RC for maintenance of centrufugal pump set and motor including cost of rewinding, Various Fabrication Job work under City and Rural Sub Division, making GI assembly pipes, Maintenance of Header of various pump house and Supply of approved make starter uder division Ratangarh are invited from interested bidders up to 23.02.2026, for other particulars/details of the bids may visit on procurement portal(http://eproc.rajasthan.gov.in, http:// sppp. raj.nic.in) of the state and P.H.E.D. department website:

UBN NIT No.: 38 PHE2526WSRC13038
UBN NIT No.: 39 PHE2526WSRC13039
UBN NIT No.: 40 PHE2526WSRC13040
UBN NIT No.: 41 PHE2526WSRC13041
UBN NIT No.: 42 PHE2526WSRC13042
UBN NIT No.: 43 PHE2526WSRC13043
UBN NIT No.: 44 PHE2526WSRC13047
UBN NIT No.: 45 PHE2526WSRC13049
UBN NIT No.: 46 PHE2526WSRC13050
UBN NIT No.: 47 PHE2526WSRC13051
UBN NIT No.: 48 PHE2526WSOB13052
UBN NIT No.: 49 PHE2526WSOB13053

DIPR/C/2679/2026
(Mahendra Kantiwal)
Executive Engineer
PHED Division Ratangarh

### District Project Management Unit, Churu (Rajeevika) Jila Parishad Churu

**Notice Inviting Bid**

Bids for Rajsakhi Mela Churu 2026 Arrangement (EVENT Management) are invited from interested bidder's upto 10.30 AM (time) 16/02/2026 (date). Other Particular of the bid may be visited on the Procurement portal (http://sppp.raj.nic.in and https://eproc.rajasthan.gov.in/nicgep/app)ofthestate; and- https:// rgavp.rajasthan.gov.in/webs itemaster/Tenders Eol department website.

| | |
|---|---|
| NIB:- RGA2526A0313 | Rs. 11.50 lakh |
| UBN:-RGA2526SLOB00381 | |
| E-Procurement ID:- 2026_RGAVP_537062_1 | |

DIPR/C/3074/2026
(Designation of Bid Inviting officer)

### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड चूरू

क्रमांक :- 5826-5848 दिनांक :- 04-02-2026

**ई-निविदा सूचना संख्याः 53/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तहसील व जिला चूरू में निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। आर. पी डब्लयू.ए 100 की शर्त लागू होगी। निविदा से संबंधित विवरण बेबसाईट http//dipr.rajasthan.gov.in/tendrs.asp विभागीय वेबसाईट http//eproc.rajasthan.gov.in व http//www.pwd.rajajasthan.gov.in तथा http//sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
NIB No. - PWD2526A5497

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1. | PWD2526WSOB22388 | 2. | PWD2526WSOB22390 |
| 3. | PWD2526WSOB22391 | 4. | PWD2526WSOB22392 |

DIPR/C/2682/2026
अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. खण्ड चूरू

### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DN RATANGARH

No:- 3138-3147 Date: 3.2.2026

**Notice Inviting Bid No 27/2025-26**

Bids for 5 (Five Nos) work are invited from interested bidders upto 06.00 PM dated 19.02.2026 other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http:// eproc. rajasthan.gov.in/http://sppp.raj.nic.in) of the state and PWD departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 54.26 Lacs

NIB No- PWD2526A5483
UBN No-
1. PWD2526WSOB22343 2. PWD2526WSOB22344
3. PWD2526WSOB22345 4. PWD2526WSOB22346
5. PWD2526WSOB22347

DIPR/C/9594/2026
Executive Engineer
PWD Dn. Ratangarh

### कार्यालय ग्राम पंचायत ईयारा पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

क्रमांकः- ग्रा.प.ई./ खु.नि./ 2025-26 / 137-148 दिनांक :- 13/02/2026

**खुली - निविदा सूचना 02-03/2025-26**

इस कार्यालय द्वारा स्वीकृत कार्यो को सम्पादित करने के लिए दो वर्षाकाल की डिफेक्टव लाईब्लिटिज के साथ उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजिकृत संवेदकों सें ई-टेडर प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन / आफलाईन निविदाये आमंत्रित कि जाती है। उक्त निविदाएं SPPP portel पर upload कर दी गई है। उक्त से संबधित अन्य विस्तृत विवरण http//eproc.rajasthan.gov.in or http//SPPP rajasthan.gov.in NIB NO ZCR2526A1529, 531 UBN No ZCR2526WSOB02634-39 Download कर देखी जा सकती है।

प्रशासक
ग्राम पंचायत ईयारा
पं. स. बीदासर (चूरू)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत ईयारा
पं. स. बीदासर (चूरू)

### कार्यालय ग्राम पंचायत कल्याणसर पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

क्रमांकः- ग्रा.प.क./ खु.नि./ 2025-26 / 100-111 दिनांक :- 13/02/2026

**खुली - निविदा सूचना 02-03/2025-26**

इस कार्यालय द्वारा स्वीकृत कार्यो को सम्पादित करने के लिए दो वर्षाकाल की डिफेक्टव लाईब्लिटिज के साथ उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजिकृत संवेदकों सें ई-टेडर प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन / आफलाईन निविदाये आमंत्रित कि जाती है। उक्त निविदाएं SPPP portel पर upload कर दी गई है। उक्त से संबधित अन्य विस्तृत विवरण http//eproc.rajasthan.gov.in or http//SPPP rajasthan.gov.in NIB NO ZCR2526A1518 UBN No ZCR2526WSOB02616-623 Download कर देखी जा सकती है।

प्रशासक
ग्राम पंचायत कल्याणसर
पं. स. बीदासर (चूरू)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत कल्याणसर
पं. स. बीदासर (चूरू)

### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड-तारानगर (राजस्थान)

eetar.chu.phed@rajasthan.gov.in
क्रमांक 235-2339 दिनांक 09.02.2026

**NOTICE INVITING TENDERS FOR WORKS**

Offline tenders are hereby invited on behalf of the Honble Governor of Rajasthan for the following works from eligible enlisted Contractor/ Firm as per Rules. Details of this tender notification and pre-qualification criteria can also be seen in NIT exhibited on web site www.dipr.rajasthan.gov.in, http//sppp.rajasthan.gov.in, and http//eproc.rajasthan.gov.in. Online Tenders are to be submitted on web site. tender fee shall be submitted through e-GRAS only in respective budget head and bid security as per Annexure. Offline Tendar website submitted Last Date & time For submission Up to 16-02-2026 (14:00 hrs)

| NIT No. | UBN No. |
|---|---|
| 103/2025-26 | PHE2526GSOB13642 |
| 104/2025-26 | PHE2526GSOB13643 |
| 105/2025-26 | PHE2526GSOB13644 |
| 106/2025-26 | PHE2526GSOB13645 |
| 107/2025-26 | PHE2526GSOB13646 |

SAVE WATER - SAVE LIFE
DIPR/C/2827/2026
Executive Engineer,
PHED Division Taranagar
Contact- 98871-81073

# एसबीडी महाविद्यालय के आगे बेरीकेट्स लगाने की मांग

## एसएफआई ने दिया कॉलेज प्राचार्य को ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में छात्र संगठन स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने शुक्रवार को एसबीडी राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर कॉलेज के मुख्य गेट पर स्थाई बैरिकेडिंग लगवाने की मांग की है। छात्र नेताओं ने पत्र के माध्यम से कॉलेज प्रशासन का ध्यान दो मुख्य समस्याओं की ओर आकर्षित किया है। मुख्य गेट पर वाहनों के बेतरतीब आने-जाने से छात्रों की सुरक्षा पर खतरा बना रहता है। पिकअप और ड्रॉप की वर्तमान व्यवस्था अव्यवस्थित है। जिसे सुधारने के लिए बैरिकेडिंग को आवश्यक बताया गया है। ज्ञापन में स्पष्ट किया गया है कि यदि प्रशासन इस मांग पर शीघ्र विचार कर कार्रवाई नहीं करता है तो एसएफआई बड़े स्तर पर आंदोलन शुरू करेगी। तहसील अध्यक्ष अनिल बरोड़ ने कहा कि किसी भी अप्रिय स्थिति या अव्यवस्था की संपूर्ण जिम्मेदारी कॉलेज प्रशासन की होगी। इस अवसर पर संदीप भारतीय जिला महासचिव, अनिल बरोड़ तहसील अध्यक्ष, ओमप्रताप, राजकुमार, भरतराज बरोड़, विक्रम तालनिया, लेखराम, दानाराम, मुकेश कुमार, दिनेश कुमार, रामलाल आदि उपस्थित रहे।

# कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में किशोरी बाल मेले का उद्घाटन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में शुक्रवार को किशोरी बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन एडीपीसी सरिता आत्रेय, सीबीईओ भंवरलाल डूडी, एसीबीईओ सूर्यकान्त शर्मा, युसीईईओ ओमप्रकाश फगेड़िया, नोडल प्रिंसिपल मुकुल भाटी, व्याख्याता समुद्र सिंह, वाइस प्रिंसिपल ज्योति मंगलहारा व प्रधानाध्यापिका बनिता ने फीता काटकर किया। डीईओ मा. किशनलाल गहनोलिया ने भी मेले का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मेले में आठ विद्यालयों के लगभग 250 विद्यार्थियों ने भाग लिया और 35 प्रकार की स्टालें लगाई गई, जिसमें उत्कृष्ट तीन स्टालों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एडीपीसी सरिता आत्रेय ने कहा कि किशोरी बाल मेले का उद्देश्य बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाना तथा उनमें आत्मविश्वास विकसित करना है। नोडल प्रधानाचार्य मुकुल भाटी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में शैक्षणिक, रचनात्मक और आत्मनिर्भरता से जुड़े कौशल के विकास को बढ़ावा देना है। मेले में छात्राओं ने विज्ञान, गणित, हिंदी, अंग्रेजी व बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, खेल-खेल में शिक्षा का ज्ञान, शिक्षा के प्रति रोचकता पैदा करना जैसे गेम्स को प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट परिणाम देने वाली छात्रा को विद्यालय अध्यापिका सुनीता सहारण ने 1100 रूपये का नकद देकर सम्मानित किया गया। मेले में वार्डन रहेजा बानो, अंजू पूनियां, अनीता, सुकेश, विनोद, संतोष, सुनीता, शारदा, सुनीता सहारण, मोहनराम ने उत्कृष्ट कार्य करने पर वार्डन अंजू पूनिया को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन कृष्णा पचार ने किया।

# कमालसर स्कूल में टिन शेड व इंटरलॉकिंग कार्य का लोकार्पण




जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस.)।** कस्बे के निकटवर्ती कमालसर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में भामाशाह परिवार की ओर से विद्यार्थियों की सुविधा के लिए निर्मित टिन शेड व इंटरलॉकिंग कार्य का लोकार्पण गुरुवार को आयोजित समारोह में किया गया। यह निर्माण कार्य भामाशाह डॉ. भंवरलाल सर्वा (डिप्टी सीएमएचओ) व कृष्ण कुमार सर्वा की ओर से अपने दादा-दादी व माता-पिता की पुण्य स्मृति में प्रार्थना सभा व बैठक हाल के लिए करवाया गया है। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार के मुख्य आतिथ्य में हुआ। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. भंवरलाल सर्वा, छोटेलाल गुर्जर (सीएमएचओ), ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी पवन कुमार, ताराचंद, पाटोदा के पूर्व डीईओ संपतराम बारूपाल और तेतरा के पूर्व सरपंच ताराचंद उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह ने की। समारोह के दौरान भामाशाह परिवार की ओर से विद्यार्थियों को कृष्ण भोग भी वितरित किया गया। अतिथियों ने विद्यालय में किए गए इस जनसहयोग कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलता है और विद्यालय के विकास को गति मिलती है। कार्यक्रम का संचालन अनीता बराला ने किया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ, अभिभावक व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कंज्यूमर्स वॉइस अभियान के तहत प्री-काउंसलिंग शुरू

## त्वरित न्याय की दिशा में पहल

जयपुर टाइम्स




**झुंझुनूं(निस)।** कंज्यूमर्स वॉइस जागरूकता अभियान के तहत जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में लंबित उपभोक्ता मामलों के त्वरित निस्तारण की दिशा में प्री-काउंसलिंग प्रक्रिया की शुरुआत कर दी गई है। शुक्रवार को आयोग अध्यक्ष मनोज कुमार मील ने सदस्य प्रमेंद्र सैनी व अधिवक्ताओं के साथ न्याय टेबल पर बैठकर कई प्रकरणों की प्री-काउंसलिंग की और पक्षकारों को आपसी सहमति से विवाद सुलझाने के लिए प्रेरित किया। अभियान के अंतर्गत प्रत्येक लंबित उपभोक्ता मामले को राष्ट्रीय लोक अदालत से पहले प्री-काउंसलिंग से गुजराया जा रहा है, ताकि अधिकाधिक मामलों का समाधान आपसी समझौते से किया जा सके और उपभोक्ताओं को त्वरित राहत मिल सके। इस दौरान पक्षकारों को उनके अधिकारों, जिम्मेदारियों तथा वैकल्पिक विवाद निस्तारण के महत्व की जानकारी भी दी गई। अध्यक्ष मील ने बताया कि जिन मामलों में आपसी सहमति से समाधान संभव होगा, उन्हें शीघ्र निस्तारित किया जाएगा, जबकि शेष मामलों में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर अंतिम निर्णय तक पहुंचाने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह पहल उपभोक्ता आयोग में लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण और उपभोक्ताओं को त्वरित न्याय दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कंज्यूमर्स वॉइस अभियान के तहत आगे भी प्री-काउंसलिंग सत्र, जागरूकता कार्यक्रम और संवाद आयोजित किए जाएंगे, ताकि उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़े और अधिक से अधिक मामलों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित हो सके।

### जिला अभिभाषक संस्था आई आगे:

उपभोक्ताओं के हित में जिला आयोग में न्याय टेबल पर जिला अभिभाषक संस्था ने भी आगे बढ़कर सहयोग देते हुए लंबित प्रकरणों की प्री काउंसलिंग में हिस्सा लिया। इस दौरान बार अध्यक्ष रतन मोरवाल, पूर्व बार अध्यक्ष विजय ओला, अधिवक्ता नरोत्तम शर्मा, अनुज शर्मा, ओमप्रकाश सैनी, राजेंद्र सैनी, उमेश शर्मा, तेजवीर, मधुसूदन शर्मा, कमलेश, डीपी वर्मा, किरण बियाला, हेतराम, अभिषेक शर्मा, फूलचंद सैनी, सहायक प्रशासनिक अधिकारी भीम सिंह राजपुरोहित, चंदन सैनी, महावीर मीणा, एजाज नबी, आदिल, अमित शर्मा आदि मौजूद रहे।

# आथुणा बाजार में सड़क पर आया गंदा पानी, लोगों को भारी परेशानी



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के आथुणा बाजार में सड़क पर गंदा पानी आने से वहां से गुजर रहे राहगीरों व वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बाजार के दुकानदारों का व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। सुबह से ही पूरे दिन पानी भराव रहने से यहां के व्यापारियों में आक्रोश देखा जा रहा है। व्यापारियों ने बताया कि सभापति राजकरण चौधरी का कार्यकाल पूरा होने के बाद पहली बार यह स्थिति बनी है जो सुबह से शाम तक पानी निकासी का कोई समाधान नहीं किया गया है। सभापति राजकरण चौधरी के टाइम पर बाजार में पानी भराव की स्थिति होती थी तो तुरंत पानी निकासी का समाधान भी किया जाता था। लेकिन अब व्यापारियों की व्यथा सुनने वाला कोई नहीं है। सुबह से पानी सड़क पर भरा हुआ पड़ा है। लेकिन नगरपरिषद की ओर से इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। वहीं पानी भराव की स्थिति सब्जी मंडी सहित आसपास की गलियां व शिव मार्केट में भी पानी भराव की स्थिति बनी हुई है। बिना बरसात के सड़क पर पानी देखकर लोगों में एक चर्चा का विषय बना हुआ है। सब्जी मंडी में सब्जी बेचने वाले व्यापारियों का व्यापार पूरी तरह पानी भराव होने के कारण ठप पड़ा है। वहीं आथुणा बाजार में धीरे-धीरे पानी अधिक होता जा रहा है। लेकिन किसी का भी ध्यान इस और नहीं जाने से व्यापारियों में आक्रोश देखा जा रहा है।

# प्रदेश के 10 निजी विश्वविद्यालयों में अनियमितताओं की जांच, फर्जी डिग्री रोकने को बनेगा नियामक आयोग : उप मुख्यमंत्री

जयपुर टाइम्स

**जयपुर/झुंझुनूं(निसं)।** प्रदेश में निजी विश्वविद्यालयों में फर्जी डिग्रियों के वितरण और विभिन्न अनियमितताओं की शिकायतों के बाद राज्य सरकार ने सख्ती बरतते हुए 10 निजी विश्वविद्यालयों के विरुद्ध जांच के आदेश दिए हैं। उप मुख्यमंत्री व उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने शुक्रवार को विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान यह जानकारी देते हुए बताया कि निजी उच्च शिक्षण संस्थानों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और फर्जीवाड़ा रोकने के लिए नियामक आयोग के गठन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि गंभीर अनियमितताओं के आरोपों के चलते 7 जनवरी 2026 को ओपीजेएस विश्वविद्यालय, चूरू का परिसमापन करते हुए बीकानेर संभागीय आयुक्त को प्रशासक नियुक्त किया गया है। इस मामले में दोषी कार्मिकों एवं दलालों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इसी प्रकार मेवाड़ विश्वविद्यालय, चित्तौड़गढ़ में भी फर्जीवाड़े के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए संबंधित कार्मिकों को गिरफ्तार किया गया है। शेष विश्वविद्यालयों की जांच प्रक्रिया जारी है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में 53 निजी विश्वविद्यालय संचालित हैं, जिनमें से 10 विश्वविद्यालयों के विरुद्ध अनियमितताओं की शिकायतें मिलने पर जांच के आदेश जारी किए गए हैं। इनमें ओपीजेएस विश्वविद्यालय चूरू, सिंघानिया विश्वविद्यालय झुंझुनूं, सनराइज विश्वविद्यालय अलवर, श्रीधर विश्वविद्यालय झुंझुनूं, मेवाड़ विश्वविद्यालय चित्तौड़गढ़, माधव विश्वविद्यालय सिरोही, रैफल्स विश्वविद्यालय अलवर, निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर, यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी जयपुर तथा जगदीश झाबरमल टिबरेवाला विश्वविद्यालय झुंझुनूं शामिल हैं। उन्होंने बताया कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से आयोजित शारीरिक शिक्षा अध्यापक भर्ती परीक्षा-2022 में अनियमितताएं सामने आने के बाद ओपीजेएस विश्वविद्यालय चूरू, माधव विश्वविद्यालय सिरोही, जगदीश झाबरमल टिबरेवाला विश्वविद्यालय झुंझुनूं, सिंघानिया विश्वविद्यालय झुंझुनूं व भूपाल नोबल विश्वविद्यालय उदयपुर की समग्र जांच एसओजी से कराए जाने के लिए पत्र भेजा गया है। एसओजी से प्राप्त सूचनाओं के अनुसार कुछ विश्वविद्यालयों की ओर से बैक डेट में विभिन्न पाठ्यक्रमों की अंकतालिकाएं एवं डिग्रियां जारी करने की शिकायतें सामने आई थीं। इस संबंध में ओपीजेएस विश्वविद्यालय के संचालक, पूर्व रजिस्ट्रार, पूर्व कुलपति सहित कई कर्मचारियों एवं दलालों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। वहीं मेवाड़ विश्वविद्यालय के तत्कालीन डीन फार्मेसी, कार्यालय सहायक एवं उप परीक्षा नियंत्रक को भी गिरफ्तार किया गया है। डॉ. बैरवा ने बताया कि निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना संबंधी गाइडलाइनों में संशोधन की प्रक्रिया भी जारी है। निजी उच्च शिक्षा संस्थानों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए प्रस्तावित नियामक आयोग के गठन हेतु नए सिरे से प्रारूप तैयार कर विधि विभाग को परीक्षण के लिए शीघ्र प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही इसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों को भी शामिल करने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि निजी विश्वविद्यालयों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के लिए यह नीतिगत निर्णय है, जिसकी प्रक्रिया फिलहाल परीक्षणाधीन है।

# 160 बच्चों के स्वास्थ्य की जांच, 4 बच्चों को किया रेफर



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के राजकीय उप जिला चिकित्सालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत राजकीय विद्यालय, मदरसों, आंगनबाड़ी केंद्र व स्वास्थ्य केन्द्र से चिन्हित बच्चों के स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में राजकीय उप जिला चिकित्सालय के डॉक्टर व चूरु से डॉक्टरों की टीम ने बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर राजकीय उप जिला चिकित्सालय में उपचार होने वाले बच्चों को दवाईयां व परामर्श दिया। जांच में जिन बच्चों के स्वास्थ्य में गिरावट या अधिक परेशानी होने पर चूरू के हायर सेंटर रेफर किया गया। हायर सेंटर में बच्चों की जांच कर बेहतर उपचार किया जाएगा। डॉ मुकेश कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा प्रदेश में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सरदारशहर के राजकीय उप जिला चिकित्सालय में जांच शिविर लगाकर राजकीय विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र व स्वास्थ्य केन्द्र पर आए बच्चों को शिविर में बुलाया गया है। शिविर में बच्चों की जांच कर उनको स्वास्थ्य लाभ के लिए परामर्श देकर उनका उपचार किया जा रहा हैं। जिन बच्चों की जांच में अधिक बीमारी या अन्य कोई लक्षण होने पर उसको बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर भेजकर उसकी जांच कर उसकी देखभाल के साथ उपचार किया जा रहा हैं। शिविर में राजकीय उप जिला चिकित्सालय के डॉ चन्द्रभान जांगिड़, डॉ मुकेश कस्वां, डॉ नरेन्द्र, डॉ जेपी नारोलिया, डॉ किशन सिहाग, डॉ संजय बड़गुर्जर, डॉ लोकेंद्र सिंह, चूरू टीम में डॉ प्रेम प्रकाश, डॉ सुरेंद्र डूडी ने अपनी सेवाएं देकर बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर बच्चों को स्वास्थ्य लाभ के साथ परामर्श दिया। आरबीएस टीम में डॉ रोहित पारीक, डॉ हरिश्चंद्र, नरेंद्र मीणा आदि ने सेवाएं दी।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में फुटबाल वितरण कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिले के सरदारशहर स्थित पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय में शुक्रवार को शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार व फीफा के सहयोग से F4S कार्यक्रम के तहत फुटबाल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के 25 विद्यालयों के शारीरिक शिक्षकों व छात्र-छात्राओं को फुटबाल प्रदान की गई। इस दौरान डीईओ माध्यमिक किशनलाल गहनोलिया ने खेल गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। प्राचार्य हरीश कुमार मीणा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और इस कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान एसीबीईओ सुभाष सोनगरा, डॉ राजेश गुप्ता, मोहर सिंह, मोहम्मद जावेद खान सहित अन्य उपस्थित रहे।

# मातृ–पितृ पूजन दिवस पर आज विद्यार्थी लिखेंगे 'पाती मां और पिता के नाम'

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** निर्वाचन विभाग, राजस्थान के निर्देशानुसार मातृ–पितृ पूजन दिवस के अवसर पर शनिवार को जिले के सभी विद्यालयों में विद्यार्थी स्वीप गतिविधि 'पाती मां और पिता के नाम' में भाग लेंगे। स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ श्वेता कोचर ने बताया कि जिले के सभी राजकीय व निजी माध्यमि व उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यालयों में नामांकित विद्यार्थी अपने माता पिता व अभिभावकों को उनके वोट देने के संवैधानिक अधिकार के महत्व समझाने व नैतिक मतदान के लिए प्रेरित करने तथा भारत निर्वाचन आयोग व निर्वाचन विभाग, राजस्थान की ओर से मतदाताओं की सुविधा के लिए उपलब्ध करवाई जा रही इसीआई नेट, वीएचए, सक्षम, केवाईसी, सी– विजिलि एप्प सहित डिजीटल सुविधाओं के बारे में जागरूक करने के लिए पत्र लिखेंगे। उन्होंने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा ने सभी अधिकारियों को इस संबंध में समुचित निर्देश दिए हैं।


# कार्यालय खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पिपराली, सीकर

क्रमांक :-निविदा/2028/57 दिनांक 12/02/2026

## खुली निविदा आमन्त्रण सूचना

इस कार्यालय के अधिन शहरी आयुष्मान आरोग्य मन्दिर राधाकिशनपुरा, शेखावाटी युनिवर्सिटी एंव शिवसिंहपुरा के संचालन हेतु निम्नानुसार Furniture & Medical Equipment की आपूर्ति राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम 2012 नियम 2013 के तहत प्राधिकृत फर्मों तथा डीलर से खुली निविदा 'आमन्त्रित किये जाते है । भरी हुये कॉटेशन दिनांक 25.02.2028 को दोपहर 12.00 बजे तक प्राप्त की जावेगी जो कि दिनांक 26/02/2026 को दोपहर 2.00 बजे कय समिति द्वारा उपस्थित कॉटेशन प्रदाता के समक्ष खोली जायेंगे।

| विवरण | अनुमानित लागत (रु.) | अमानत राशि (रु.) | निविदा प्रपत्र शुल्क (रु.) | निविदा बेचने की तिथि | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| फर्निचर व चिकित्सा उपकरण | 600000/- | 2 प्रतिशत अमानत राशि अनुमानित लागत राशि की 12000/- | 500/- | 13/02/2026 प्रातः 11:00 बजे से | 25/02/2026 प्रातः 12:00 बजे तक | 26/02/2026 दोपहर 2:00 बजे । |

http//SPPP.raj.nic.in
NIB Code- MHS2526A4651
UBN MHS2526GSRC06532

**निविदा की शर्ते :-**

1. शुल्क राशि 500 डी. डी. / बैंकर्स चैक के द्वारा ही जिला ग्रामिण स्वास्थ्य समिति ब्लॉक पिपराली के नाम से देय होगी।
2. बिड सिक्यूरिटी / प्रतिभूती अमानत राशि 2 प्रतिशत अमानत राशि डी.डी./ बैंकर्स चैक के द्वारा ही जिला ग्रामिण स्वास्थ्य समिति ब्लॉक पिपराली के नाम से देय होगी।
3. निविदा शर्तों के अनुसार स्थायी सामग्री कि गारण्टी / वारण्टी लिखित मे प्रस्तुत करनी होगी ।
4. निविदा शर्तों के अनुसार वस्तु/ सामान का कमेठी द्वारा किये गये निरिक्षण के सामान / वस्तु कि प्राप्ती कि जावेगी व सामान के टुट फुट पाये जाने पर निविदा दाता द्वारा तुरन्त अनुसार होने पर ही परिवर्तन करना होगा ।
5. निविदा दरो मे किसी भी प्रकार कि ओवर राईटिंग होने पर निविदा दर मान्य नही होगी।
6. निविदा द्वारा प्रस्तुत निविदा मे प्रस्तुत समस्त प्रकार के दस्तावेजो पर निविदा दाता द्वारा प्रमाणित होन पर ही निविदा स्वीकार कि जावेगी ।
7. निविदा मे प्रस्तुत दरो मे सामान कि दरे समस्त करो सहित प्रस्तुत करनी होगी।
8. अधोहस्ताक्षरकर्ता का किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकार / अस्वीकार करने का अधिकार होगा ।
9. निविदा दिनांक को राजकीय अवकाश हो जाने पर अगले कार्य दिवस को निविदा प्रपत्र विक्रय / प्राप्त किये जावेगें ।
10. निविदा सबंधी अन्य शर्ते राजस्थान स्टेट पब्लिक प्रक्योरेमेंट पोर्टल की वेब साईट http//sppp.raj.nic.in पर व कार्यालय समय मे देखी जा सकती है।

**ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी**
**पिपराली**